* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

07 मई, 2023
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 196

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


लाहौर में खालिस्तानी आतंकी परमजीत सिंह पंजवड़ की हत्या
सोसाइटी में घुस कर गोलियों से भूना






विशेष

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
■ VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
■ Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1st Channel



# नीतीश की जातीय राजनीति में पिस रहा है बिहार का विकास

## ■ राज्य के विकास का मुद्दा बिगाड़ सकता है महागठबंधन का सियासी खेल

## ■ बड़ा सवाल: तब बिहारियों को अपने पक्ष में कैसे साध सकेंगे सुशासन बाबू

**बिहार में इन दिनों अजीब सी सियासी खामोशी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट यानी जातीय गणना पर हाइकोर्ट ने रोक लगा दी है, तो दूसरी तरफ राज्य के विकास का मुद्दा चुनौती बन कर उनके सामने खड़ा हो गया है। इतने दिनों तक बिहार के लोगों को जातीय गणना का टैबलेट देकर नीतीश कुमार ने बेसुध नहीं, तो कम से कम ऊंघती अवस्था में जरूर ला दिया था, लेकिन अब उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि हाइकोर्ट के आदेश के बाद वह क्या करें। नीतीश के सामने एक तरफ उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा है, तो दूसरी तरफ बिहार की सत्ता और इन दोनों के बीच फंसा राज्य का विकास, जिसे पटरी से उतरे काफी दिन गुजर गये हैं। हालत यह है कि पिछड़ते बिहार की कोई भी आवाज जातीय राजनीति के शोर में गुम हो जा रही है। नीतीश कुमार ने शराबबंदी के बाद जातीय गणना का फैसला लेकर बड़ा राजनीतिक दांव खेला था। उन्हें उम्मीद थी कि बिहार में जातीय राजनीति के आगे हर मुद्दा फीका पड़ जाता है। इसलिए यदि अभी इसे हवा दी जाये, तो मिशन 2024 की नदी को इसके सहारे आसानी से पार किया जा सकता है। लेकिन अब हाइकोर्ट की रोक के बाद सुशासन बाबू के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गयी है। यह हकीकत है कि बिहार पिछले एक साल में विकास के मामले में लगातार पिछड़ता जा रहा है। राजनीतिक अदावत से इतर राज्य के विकास की परियोजनाओं पर नीतीश सरकार का रुख ही उदासीन है। हालत यह है कि राज्य में पानी, बिजली, सड़क और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं लोगों को मयस्सर नहीं हो पा रही हैं। सामाजिक विकास के सारे काम ठप पड़े हैं और शिक्षा, विधि-व्यवस्था और कृषि जैसे क्षेत्र अनछुए हैं। नीतीश कुमार की जातीय राजनीति के बोझ तले कराह रहे बिहार के विकास के इस पहलू का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

कहानी शुरू करते हैं बिहार की सड़कों से। डेहरी ऑन सोन से बक्सर की दूरी करीब 100 किलोमीटर है। राष्ट्रीय उच्च पथ पर यह दूरी आम तौर पर डेढ़ या दो घंटे में तय करने की उम्मीद की जा सकती है, लेकिन यह 100 किलोमीटर की दूरी तय करने में चार से पांच घंटे का समय लगता है, क्योंकि इस सड़क की देखभाल का जिम्मा राज्य सरकार ले ही नहीं रही है। यही हाल सासाराम से बक्सर सड़क की भी है। पचीस-तीस साल से इस सड़क की दुर्दशा बरकरार है। प्रतिघंटा 40 किलोमीटर की रफ्तार से यहां गाड़ी नहीं चलायी जा सकती। यह तो हुई राष्ट्रीय उच्च पथ की बात। राज्य सरकार के तहत आनेवाली सड़कों की बात करें, तो पिछले एक साल में पूरे बिहार में एक भी नयी सड़क परियोजना शुरू नहीं हुई है। दूसरी बुनियादी सुविधाएं, जैसे पानी, बिजली, स्वास्थ्य भी अब लगभग भगवान भरोसे है। ग्रामीण इलाकों में न ढंग की सड़क है और न बिजली वितरण की ठोस व्यवस्था। स्वास्थ्य सुविधाएं तो भगवान भरोसे हैं ही, शिक्षा की हालत दिन बीतने के साथ खराब होती जा रही है। बिहार की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर तो कोई टिप्पणी ही बेकार है। शुक्रवार को डेहरी ऑन सोन के पास जो कुछ हुआ, उसकी कल्पना नहीं थी। औरंगाबाद के सांसद सासाराम से औरंगाबाद जा रहे थे। उन्होंने देखा कि बीच सड़क पर एक महिला रो रही थी। गाड़ी रोक कर उन्होंने उससे कारण जानना चाहा। महिला ने कहा कि अपराधियों ने उसकी गले की चेन लूट ली है। उसने अपराधियों की तरफ इशारा भी किया। सुशील सिंह ने जैसे उन्हें देखा, उन्होंने सांसद पर पिस्टल तान दी। कहा, चुपचाप जाइये, वरना गोली मार देंगे। सांसद अपनी गाड़ी पर बैठे और अपराधियों के पीछे हो लिये। आगे-आगे अपराधी बाइक पर और सांसद अपनी गाड़ी से उनके पीछे-पीछे। रास्ते में अपराधियों ने तीन बार उन्हें निशाना बनाने की कोशिश की। वह डरे नहीं। लगातार पीछा करते रहे। आठ से दस किलोमीटर तक पीछा करते-करते एक जगह टर्न लेते समय अपराधियों की गाड़ी फिसली। सांसद और उनके सुरक्षाकर्मियों ने गाड़ी से उतर कर अपराधियों को दबोचने की कोशिश की। अपराधी हाथ में पिस्टल लहराते हुए खेत की तरफ भागे, जिन्हें अंततः खदेड़ कर सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया। फिर वारुण थाने के हवाले किया। यह बिहार की आज की ताजा तसवीर है। आप अंदाज लगा लीजिए कि आम लोगों के साथ वहां क्या हो रहा है। जब अपराधी सुरक्षा कर्मी



और सांसद पर पिस्टल तान कर धमका सकते हैं, तो आम जन की क्या बिसात। इसके बावजूद नीतीश और उनके शासन-प्रशासन पर कोई असर नहीं। पिछले एक साल में बिहार विकास के लगभग सभी पैमानों पर पिछड़ता हुआ नजर आ रहा है। खेती की हालत खराब है, तो औद्योगिक विकास केवल कागजों पर हो रहा है। स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक की व्यवस्था बदहाल है। समाज कल्याण की तमाम योजनाएं इसलिए रुकी पड़ी हैं, क्योंकि इन्हें लागू करानेवाले जातीय गणना में व्यस्त थे।

लेकिन जरा ठहरिये। बिहार की कहानी यहां खत्म नहीं होती है, बल्कि शुरू होती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विकास के इन मुद्दों को अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा और दूसरे मुद्दों की ओट में छिपा देना चाहते हैं। इसके लिए कभी वह मिशन 2024 के लिए विपक्षी दलों की एकता की धुरी बनने की कोशिश करते दिखाई देते हैं, तो कभी बिहार के लोगों को साधने के लिए जातीय गणना का पासा फेंकते हैं। यही आज के बिहार की असलियत है। और यही यहां की राजनीतिक हकीकत भी, जिसे सुशासन बाबू भी जानते हैं, तेजस्वी यादव भी मानते हैं और बिहार के लोग तो खैर इसे अपनी नियति मान चुके हैं।

तो फिर यहां सवाल पैदा होता है कि आगे क्या हो सकता है। जो राज्य राजनीतिक तौर पर बेहद संवेदनशील है और 40 सांसदों को लोकसभा में भेजता है, उसके विकास की गाड़ी अचानक धीमी क्यों हो गयी है। सवाल तो यह भी है कि क्या नीतीश कुमार की वर्तमान राजनीति बिहार के लिए मुफीद है। इन सवालों का जवाब तलाशने के लिए नीतीश कुमार की जातीय राजनीति को ध्यान में रखना होगा।

### बिहार में जातियों का जंजाल

देश के तमाम राज्यों में से बिहार ऐसा राज्य है, जहां पर जातियों को लेकर काफी ज्यादा राजनीति होती है। यहां राजद, जदयू जैसे क्षेत्रीय दल इस राजनीति से उभर कर राज्य की सत्ता तक पहुंचे। हर बार सरकारों ने सामाजिक न्याय देने की बात कही, लेकिन हालात कभी भी नहीं सुधर पाये। दलित ऊपर बढ़ने की बजाय महादलित होते गये। नीतीश कुमार ने 2005 में सत्ता में आते ही बिहार में एक नया समीकरण साधने की शुरुआत की। उन्होंने दलित वोटों को साधने के लिए पासवान को छोड़ कर बाकी सभी दलित वर्गों को महादलित में रख दिया। इसके बाद 2018 में पासवान समाज को भी महादलितों में शामिल कर दिया गया। इसका लाभ उन्हें मिला, लेकिन जातीय गणना पर रोक ने इस लाभ को भी अस्थायी बना दिया है।

### टूट गयी नीतीश कुमार की उम्मीद

नीतीश कुमार ने बिहार में जातीय गणना शुरू कर बड़ा सियासी दांव खेला था। उन्हें उम्मीद थी कि इस एक फैसले से बिहार के विकास के तमाम मुद्दे नेपथ्य में चले जायेंगे। लेकिन हाइकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी और राजनीतिक दांव-पेंच का सिलसिला यहीं से शुरू हुआ है। नीतीश कुमार बिहार में जातीय गणना को लेकर लगातार मुखर रहे और आखिरकार उन्होंने इसके आदेश जारी किये। इसे नीतीश की बड़ी राजनीतिक चाल के तौर पर देखा जा रहा था, लेकिन यह चाल अब बेकार हो गयी है। यहां सवाल है कि बिहार में नीतीश कुमार लगातार जातीय गणना को लेकर इतने मुखर क्यों रहे और उन्होंने खुद क्यों इस सर्वेक्षण को कराने का फैसला लिया। दरअसल नीतीश की पार्टी जदयू की राजनीति पिछले कई सालों से जाति आधारित है, यानी पिछड़ी और अन्य जातियों के सहारे हर बार नीतीश कुमार सत्ता तक पहुंचे। नीतीश के अलावा राजद और बाकी क्षेत्रीय दल भी इसी वोट बैंक के सहारे टिके हुए हैं। अब ऐसे में जातीय गणना के बाद राज्य में उनकी स्थिति मजबूत हो सकती थी। कई जातियों के आंकड़े सरकार के पास होते और वह उस हिसाब से वोट बैंक को टारगेट कर सकती थी। गणना के आंकड़े आने के बाद बिहार सरकार ओबीसी के लिए आरक्षण बढ़ाने की मांग कर सकती थी और आनेवाले कई सालों तक इस मुद्दे को गरम रख कर राजनीतिक रोटियां सेक सकती थी। इसके अलावा जातीय गणना के मुद्दे पर नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव में भाजपा को भी घेरने की तैयारी में थे। उन्हें यह भरोसा था कि जातीय गणना के शोर में बिहार के विकास का मुद्दा पीछे छूट जायेगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

तो अब नीतीश के लिए आगे का रास्ता क्या है। यह सवाल आज बिहार के हर कोने में तैर रहा है। लोग पूछ रहे हैं कि मिशन 2024 के तहत विपक्षी एकता की धुरी बनने की कोशिश में नीतीश ने बिहार के विकास की गाड़ी को रोक दिया था, लेकिन यह ठहराव अब उनके लिए भी खतरा बनता जा रहा है। अपनी जिस राजनीतिक महत्वाकांक्षा एक्सप्रेस को आगे निकालने के लिए उन्होंने बिहार के विकास पैसेंजर को रोक दिया था, वह अब उनसे हिसाब मांगने के लिए तैयार है। ऐसे में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि नीतीश कुमार इन दोनों नावों पर पैर रख कर संतुलन कैसे बना पाते हैं।

---

## प्रेम प्रकाश जैसे दलाल के लिए छवि रंजन बंधुआ मजदूर की तरह काम करनेवाले अफसर रहे : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को ट्वीट करके आइएएस अधिकारी छवि रंजन की भूमिका पर कहा कि उन्हें यह सुन कर हैरानी होती है कि प्रेम प्रकाश जैसे दलाल के लिए छवि रंजन बंधुआ मजदूर की तरह काम करने वाले अफसर रहे। जो लोग छवि रंजन के मौखिक आदेश पर गलत करने से डरते या आनाकानी करते थे, उन्हें प्रताड़ित और तंग किया जाता था।




मरांडी के कहा कि प्रेम प्रकाश जैसे दलाल के लिए छवि रंजन ने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों से गलत काम कराने के लिए सत्ता संरक्षण के बल पर धौंस दिखा कर आतंक मचा रखा था। उन्होंने कहा कि लोग बताते हैं कि इस प्रकार की कार्यशैली वाले छवि रंजन अकेले नहीं हैं। झारखंड को लूट कर खोखला बनाने वाले ऐसे कुछ और बेईमान सीनियर अफसर हैं, जो अधीनस्थों को डरा-धमका कर गलत करवाते हैं। लूट के माल का हिस्सा खुद लेते हैं और ऊपर तक भी पहुंचाते हैं। जब पकड़ में आने का नंबर आता है, तो खुद पल्ला झाड़ कर नीचे वालों को फंसाने का प्रयास करते हैं।

## बालू घाटों की नीलामी की समीक्षा मुख्य सचिव 11 मई को करेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य में बालू घाटों की नीलामी की समीक्षा मुख्य सचिव सुखदेव सिंह 11 मई को करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी 24 जिलों के उपायुक्तों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में बालू घाटों के अलावा डीएमएफटी फंड की भी समीक्षा होगी।

डीएमएफटी फंड में 50 प्रतिशत राशि भी खर्च नहीं हो सकी है। वहीं, अनावश्यक बैंक खातों को बंद करने और अधिग्रहित भूमि के म्यूटेशन की भी समीक्षा की जायेगी। इसके अलावा विकास योजनाओं की भी समीक्षा होगी।

उल्लेखनीय है कि राज्य में 608 बालू घाट हैं, जिसमें केवल 23 बालू घाटों की ही नीलामी हो सकी है। हाल ही में राज्य सरकार ने बालू के अवैध परिवहन के खिलाफ सघन अभियान चलाया था। वहीं, जिलों को भी तत्काल नीलामी का निर्देश दिया गया है। अब तक 12 जिलों की ओर से डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट पूरी कर बालू घाटों की वित्तीय निविदा जारी कर दी गयी है।

## सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी कोल इंडिया के नवनियुक्त चेयरमैन पीएम प्रसाद से मिले

**कोयला क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की, बेहतर करने की उम्मीद जतायी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने शनिवार को कोल इंडिया के नवनियुक्त चेयरमैन पीएम प्रसाद से मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। सांसद ने कोल इंडिया के चेयरमैन से कोयला क्षेत्र के विकास पर चर्चा की। साथ ही झारखंड के कोयला क्षेत्र को लेकर विशेष रूप से ध्यान देने और समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर रहने की अपेक्षा जतायी।

सांसद ने यह आशा जतायी कि कोल इंडिया चेयरमैन के रूप में पीएम प्रसाद झारखंड के कोयला क्षेत्र के विस्थापन, विस्तार, रैयतों और संबंधित समस्याओं के निराकरण की दिशा में सकारात्मक रूप से सजग रह कर काम करेंगे। उन्होंने सांसद को आश्वस्त किया कि झारखंड की बेहतरी को लेकर उनका समुचित और गंभीर प्रयास बना रहेगा।



उल्लेखनीय है कि पीएम प्रसाद मौजूदा समय में सेंट्रल कोल्डफील्ड लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीसीएल सीएमडी) हैं, जिन्हें भारत सरकार ने कोल इंडिया का चेयरमैन बनाया है।

## संथाल परगना : झामुमो के दर्जन भर नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पाकुड़ जिलांतर्गत पाकुड़िया प्रखंड के प्रमुख कालीदास मरांडी के नेतृत्व में झामुमो के दर्जनों नेताओं ने भाजपा का दामन थामा है।

इस मौके पर रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलायी। सदस्यता ग्रहण करने के बाद सभी नेताओं ने भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी से मुलाकात की। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री और मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## सरायकेला में महिला की गोली मार कर हत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिला के कुचाई में शुक्रवार की रात एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उसे लेकर कुचाई सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक नम्रता सामड़ (35) कुचाई की रहने वाली थी और सीआरपीएफ कैंप के सामने छोटी सी दुकान चलाती थी। रात करीब आठ से नौ बजे के बीच नम्रता अपनी दुकान बंद करने के लिए सामान समेट रही थी। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने पीछे से उसके सिर में गोली मार दी।

घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उसे लेकर कुचाई सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर कुचाई थाना प्रभारी विष्णु चरण भोक्ता भी शुक्रवार की रात कुचाई सीएचसी पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कांग्रेस पार्टी को सशक्त बनाना है: राजेश ठाकुर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में शनिवार को सभी जिला प्रभारियों, प्रदेश महासचिवों और जिला कांग्रेस अध्यक्षों की वर्चुअल बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमें 2024 के चुनाव की तैयारी के मद्देनजर बूथ स्तर तक पार्टी को सशक्त बनाना है। इसलिए अब तक गठित जिला और प्रखंड समितियों के साथ मंडल समितियों का पूर्ण गठन 8 मई तक पूरा कर लेना है। साथ ही इसकी सूची प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जमा करवा देनी है। राजेश ठाकुर ने सभी अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे खुद सभी जिलों में 11 मई से प्रवास करेंगे और जिला बैठक में शामिल होंगे। प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि वर्चुअल बैठक में विशेष रूप से संगठन के पुनर्गठन की समीक्षा की गयी।



www.epaper.azadsipahi.in

07 मई, 2023
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 196

किंग चार्ल्स की हुई ताजपोशी, क्वीन कैमिला ने नहीं पहना कोहिनूर जड़ा मुकुट









## लैंड स्कैम : रांची के पूर्व डीसी से इडी छह दिन कर सकेगी पूछताछ

# आइएएस छवि रंजन निलंबित

- इडी की विशेष अदालत में किया गया पेश, रिमांड की मंजूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। उन्हें छह दिनों के लिए प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की पीएमएलए कोर्ट से रिमांड पर लेने की मंजूरी मिल गयी है। इस दौरान आइएएस छवि रंजन से इडी के अधिकारी पूछताछ कर सकेंगे। उधर, छवि रंजन को निलंबित कर दिया गया। कार्मिक विभाग ने शनिवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। वर्तमान में वह समाज कल्याण विभाग में निदेशक पद पर थे।

**गुरुवार को किया गया था गिरफ्तार :** गौरतलब है कि छवि रंजन को गुरुवार को दस घंटे की पूछताछ के बाद देर रात इडी ने गिरफ्तार कर लिया था। इडी ने उन्हें शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया था, जहां से एक दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इडी ने शनिवार को उन्हें फिर कोर्ट के समक्ष पेश किया। छवि रंजन बिरसा मुंडा जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उपस्थित हुए। उनके वकील कोर्ट में मौजूद थे। इडी की मांग पर कोर्ट ने उन्हें पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने की अनुमति दे दी।

**12 मई को फिर कोर्ट में पेश किया जायेगा :** छवि रंजन को छह दिनों के लिए रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार उनका रिमांड 7 मई से शुरू होगा। वह 12 मई तक रिमांड पर रहेंगे। उन्हें 12 मई को फिर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

सूत्रों की मानें तो इडी ने उनसे पूछताछ के लिए कई सवाल तैयार कर रखे हैं। इडी ने इस बीच में व्यवसायी विष्णु अग्रवाल, टी कंपनी के लोग, नगर निगम का टैक्स कलेक्टर दिलीप शर्मा समेत अन्य लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया है। छवि रंजन को इन सब से आमना-सामना करा कर भी पूछताछ करने की संभावना जतायी जा रही है।

**तत्काल प्रभाव से हुए निलंबित :** कार्मिक विभाग द्वारा निकाली गयी अधिसूचना में कहा गया है कि छवि रंजन, भा.प्र.से. (झा. 2011), निदेशक, समाज कल्याण, झारखंड को भारत सरकार प्रवर्तन निदेशालय, रांची क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा धन शोधन निरोधक अधिनियम (पीएमएलए) 2002 की धारा-19 के तहत गिरफ्तार किये जाने के आलोक में अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1969 के नियम-3(3) के अंतर्गत तात्कालिक प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में (हिरासत से मुक्त होने के पश्चात) छवि रंजन का मुख्यालय कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड, रांची निर्धारित किया जाता है। उन्हें अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1969 के नियम-4 (आइ) के अंतर्गत निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।



### छवि रंजन की जेल में बेचैनी में बीती रात

छवि रंजन बिरसा मुंडा जेल में हैं। सूत्रों की मानें तो छवि रंजन जिस जेल की कभी व्यवस्था देखने और छापा मारने जाते थे, वहां एक कैदी के रूप में रात बिताना उनके लिए काफी कठिन रहा। जेल में पहली रात बेचैनी भरी रही। रात भर वह सही तरीके से नहीं सो पाये। सुबह से उन्हें कोर्ट में पेश किये जाने का इंतजार था। हालांकि छवि रंजन को इस बात का इल्म था कि वह इतनी जल्दी जेल से नहीं निकल पायेंगे और इडी के अधिकारियों के सवाल अभी उन्हें और झेलने होंगे। फिर भी उन्हें इस बात का इंतजार था कि कोर्ट कितने दिन पूछताछ के लिए अनुमति देता है। क्योंकि पिछले दिनों वह दो बार 10-10 घंटे वह इडी के सवालों का सामना कर चुके हैं और उन्हें जवाब देने में कितनी कठिनाई हुई इससे वाकिफ हैं।

## सीनियर की सलाह पर छवि रंजन का था जवाब

# 'अपने लिए थोड़े ही कुछ कर रहा..'

- आकाओं की सरपरस्ती ने छवि रंजन को बना दिया था बेफिक्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आइएएस छवि रंजन फिलहाल छह दिनों की रिमांड पर जेल में हैं। जेल में कितने दिन रहेंगे, यह अनुमान लगाना फिलहाल मुश्किल है। जिस जमीन घोटाले में वह फंसे हैं, उस मामले में अगर छवि रंजन अपने सीनियर की बात मान लेते, तो संभव था कि आज यह दिन नहीं देखना पड़ता। छवि रंजन से सीनियर आइएएस ने उन्हें इस तरह के कामों से बचने की सलाह दी थी। पद के गुरुर और राजनीतिक आकाओं की सरपरस्ती ने छवि रंजन को इतना बेफिक्र बना दिया था कि सीनियर को जवाब दिया कि 'अपने लिए थोड़े ही कुछ कर रहा।' छवि रंजन गलत कामों के लिए एक के बाद एक कदम बढ़ाते गये और आखिरकार इडी के शिकंजे में आ फंसे।

### आयुक्त की चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया

झारखंड कैडर के 2011 बैच के आइएएस छवि रंजन 15 जुलाई, 2020 से 11 जुलाई, 2022 तक रांची के डीसी के पद पर रहे। इस दौरान उन्होंने कई ऐसे फैसले लिये, जिन पर सीनियर अधिकारियों ने आपत्ति की थी। सूत्रों के मुताबिक छवि रंजन ने जब बरियातू स्थित सेना की कब्जे वाली जमीन की हेराफेरी की, तब उन्हें तत्कालीन प्रमंडलीय आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी ने चेतावनी दी थी। कुलकर्णी ने अपनी जांच में इस सौदे को अवैध करार दिया था, लेकिन राजस्व विभाग ने उस रिपोर्ट पर ध्यान ही नहीं दिया। सूत्रों की मानें तो छवि रंजन पर पद की खुमारी और सिर पर हाथ का इतना भरोसा था कि एक के बाद एक गलत कदम उठाते चले गये। उनके कार्यकाल के दौरान रांची में करीब डेढ़ हजार एकड़ जमीन की हेराफेरी की गयी और इसमें तीन से चार हजार करोड़ रुपये का लेन-देन किया गया।

**सीनियर को ही सेट करने की चर्चा :** सूत्रों के मुताबिक 1995 बैच के आइएएस कुलकर्णी या किसी अन्य अधिकारी ने छवि रंजन को गड़बड़ी के प्रति सतर्क किया, तो उनका जवाब था कि अपने लिए कुछ नहीं कर रहे हैं। ऊपर के कहने पर कर रहे हैं। इतना ही नहीं, छवि रंजन रांची में सक्रिय भू-माफियाओं को पहले कुलकर्णी को सेट करने को कहते थे। छवि रंजन को जब उनके सीनियर या जूनियर भी दस्तावेज के कभी नहीं मरने की बात कहते थे, तो उनका जवाब होता था, मरते नहीं, जलते हैं ना। यही कारण है कि उनके द्वारा किये गये अधिकांश फैसलों से संबंधित दस्तावेज गायब हो गये हैं। इसके बावजूद इडी उन तक पहुंचने में कामयाब रही है। इडी सूत्रों की मानें तो उनके खिलाफ कई पुख्ता सबूत हैं।

# नहर में बहे नोटों के बंडल लूटने के लिए दौड़े लोग

- सासाराम की घटना, 10-10 रुपये की गड्डियां पानी में मिली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम की मुरादाबाद नहर में अचानक नोटों के बंडल तैरने लगे। नहर में नोट होने की बात से सनसनी मच गयी। लोग इसे लूटने के लिए नहर में कूद पड़े। कोई एक हाथ तो कोई दोनों हाथ से नोटों की गड्डियां चुनने लगा। जिसको जितना मिला हाथ में लेकर नहर से बाहर आता दिखा। नहर से नोटों के बंडल लूटने का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि लोग नहर में जाकर 10-10 रुपये के नोटों की गड्डी बटोर रहे। कोई नहर से निकाल कर ला रहा है, तो किसी का रिश्तेदार किनारे पर गमछा लिये खड़ा है। उसमें वह नोटों को रख रहे हैं। नोट लूटने का वीडियो तेजी से शेयर हो रहा है। ये रुपये असली हैं या नकली, फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हो पा रही है। हालांकि, स्थानीय लोगों में चर्चा है कि नोट असली हैं, लेकिन वे इस पर खुल कर बात नहीं कर रहे हैं। ग्रामीण ने बताया कि कपड़े में बंधा नोटों का बंडल 10 रुपये का था। रुपये देखकर लगता है कि वे काफी समय से नहर में होंगे। कुछ लोग नहर में नहा रहे थे, तभी उन्होंने नोट बहते देखा। नोटों की संख्या देख कुछ लोग आगे बढ़े तो देखा कि कुराइच पुल के नीचे पानी में कई सारे बंडल फेंके हुए थे।

पुल के नीचे नोटों के बंडल फेंके जाने की बात आग की तरह फैली और बड़ी संख्या में लोग पुल पर जमा हो गये। देखते ही देखते दर्जनों लोग नहर में कूद गये। दोनों हाथों से नोट बटोरने लगे। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष रिजवान अहमद ने बताया कि नोट मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर गयी थी, वहां कुछ नहीं मिला। लोग नहर में नोट मिलने की बात कह रहे हैं। यहे नोट कहां से आये और किसने फेंके। यह साफ नहीं हो सका है।



# गैंगस्टर अनिल शर्मा का रिम्स में इलाज शुरू

- दो दिन पहले आया था हार्ट अटैक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे रांची के गैंगस्टर अनिल शर्मा को हार्ट अटैक आया है। हजारीबाग स्थित जेपी कारा में बुधवार की सुबह चार बजे के करीब सीने में दर्द की शिकायत के बाद स्थानीय स्तर पर उसकी जांच करायी गयी। अनिल शर्मा को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में डॉक्टरों ने शर्मा को हार्ट अटैक की पुष्टि की। उसका इलाज शुरू हो गया है।

गौरतलब है कि अनिल शर्मा को बुधवार को कारा चिकित्सकों ने जांच के बाद हार्ट अटैक की आशंका को देखते हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। वहां के कैदी वार्ड में उसका इलाज चल रहा था। इस बीच बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के ओपीडी में चिकित्सक अनिल की गहन जांच की। कार्डियोलोजी के डॉक्टर मृणाल अनिल शर्मा का इलाज कर रहे हैं।

मालूम हो कि भोमा सिंह हत्याकांड में अनिल शर्मा सजायाफ्ता है। वह पिछले दो साल से केंद्रीय कारा हजारीबाग में सजा काट रहा है। इससे पहले उसे दुमका जेल से भारी सुरक्षा में हजारीबाग लाया गया था। उसे हाइ सिक्योरिटी में रखा जाता है। गैंगस्टर पर जेल में रहते आपराधिक घटनाओं को अपने गुर्गों द्वारा अंजाम दिये जाने का आरोप लगने पर दुमका केंद्रीय कारा से उसे 2021 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हजारीबाग में स्थानांतरित किया गया था। अनिल शर्मा 23 साल से


# बड़गाई सीआइ भानू प्रताप पर अब प्राथमिकी

- इडी ने झारखंड सरकार को पत्र लिख कर की अनुशंसा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में हुए जमीन घोटाला मामले में अब एक नया मोड़ आ गया है। इडी ने जहां आइएएस छवि रंजन को छह दिनों की रिमांड पर लिया है, वहीं बड़गाईं सीआइ भामू प्रताप पर एफआइआर दर्ज किये जाने की बात कही है। इडी ने सरकार को पत्र लिख कर अनुशंसा की है। आर्मी जमीन घोटाला मामले में बड़गाईं सीआइ भानू प्रताप वह कड़ी है, जिसके सिमडेगा आवास से बड़ी संख्या में जमीन के दस्तावेज इडी ने बरामद किये हैं। अभी फिलहाल वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद है।

**इडी ने क्या कुछ किया था बरामद :** जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने 13 अप्रैल को छापेमारी की थी। यह छापेमारी 22 अलग-अलग जगहों पर की गयी थी। इसमें से छापेमारी का एक ठिकाना बड़गाई सीआइ भामू प्रताप का घर भी था। सिमडेगा स्थित झूलन सिंह के समीप घर और रांची के ठिकाने पर रेड के बाद इडी ने उसके यहां से हजारों सरकारी दस्तावेज, 17 रजिस्टर और नगदी बरामद किया था।




# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लिया गया आवेदन प्रखंड परिसर के कूड़ेदान में मिला

- ग्रामीण ने अपना आवेदन कूड़ेदान में देख कर जताया दुख, कहा- यह आवेदन उपायुक्त को देकर बतायेंगे कि धुरकी प्रखंड में अधिकारी-कर्मी काम नहीं करते

**कृष्णा यादव**

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर के कूड़ेदान में प्रखंड अंतर्गत गनियारीकला पंचायत के बिसुनिया गांव के एक आदिवासी ग्रामीण द्वारा विगत दिनों सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दिया गया आवेदन शनिवार को मिला है। इसका खुलासा स्वयं ग्रामीण ने किया है। उक्त आवेदन के संबंध में वह ग्रामीण लगातार प्रखंड कार्यालय में पूछने आया करता था कि उसके आवेदन का अब तक क्या हुआ।



आपको बता दें राज्य के सीएम हेमंत सोरेन ने सभी कार्यक्रमों में बार-बार जिक्र किया था कि जो ग्रामीण प्रखंड कार्यालय में अपनी समस्याओं को अधिकारियों को बताने मे संकोच करते थे, उनके लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मील का पत्थर साबित हुआ है। ग्रामीणों ने काफी संख्या में आवेदन दिये हैं और कार्रवाई भी हो रही है। लेकिन सीएम के इस निर्देश को धुरकी प्रखंड कार्यालय में रत्ती भर भी ख्याल नहीं रखा गया है।

ग्रामीण रामचंद्र सिंह ने बताया कि उसने गनियारीकला पंचायत सचिवालय में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में केसीसी के लिए आवेदन दिया था। वह कभी-कभी प्रखंड कार्यालय में अपने आवेदन के संबंध में जानकारी लेने आते थे। वह स्वयं अपने आवेदन को कूड़ेदान में देखकर काफी दुखी हुए। उन्होंने बताया कि अब वह इस आवेदन को लेकर उपायुक्त को देंगे और बतायेंगे कि धुरकी प्रखंड में सभी अधिकारी और कर्मी दिये गये आवेदन अथवा सरकार के दिशा-निर्देश का पालन नहीं करते हैं।

## टोटो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरायी पांच लोग घायल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार की सुबह कोडरमा थाना अंतर्गत लोहा सीकर नदी के समीप टोटो के अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा जाने से टोटो सवार 5 लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान सरिता देवी ( 27 वर्ष, पति नारायण पासवान, केंदुआ, बरकट्ठा), द्रौपदी देवी (उम्र 55, पति शीतल पासवान), मंजू देवी (उम्र 25 वर्ष, पति नकुल पासवान), नकुल पासवान (उम्र 35 वर्ष, पिता गुलाब पासवान) एवं फुलवा देवी (उम्र 57 वर्ष पति चंद्रिका पासवान) सभी बडकनगांगो, हजारीबाग के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सभी कोडरमा बरसोतियाबार में शादी समारोह में आये थे और वापस लौट रहे थे। लोहासीकर के समीप अनियंत्रित होकर टोटो के पेड़ से टकराने से टोटो सवार 5 लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से व 108 के सहयोग से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## माफियाओं और अधिकारियों की मिलीभगत से जमीन का चल रहा गोरखधंधा : बसंत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने कोडरमा जिले में जमीन माफियाओं और अधिकारियों की मिलीभगत से किए जा रहे गोरखधंधे पर सवाल खड़ा किया है। हद तो तब है कि भूमिहीनों को भूदान यज्ञ कमेटी द्वारा दान की गई जमीन का भी भू माफियाओं ने फर्जी दस्तावेज बनाकर हल्का कर्मचारी एवं अंचल अधिकारी की मिलीभगत से रसीद तक निर्गत किया जा चुका है, जबकि भूदान यज्ञ कार्यालय हजारीबाग द्वारा अंचल अधिकारी को शोभा देवी पति महावीर सिंह और शकुंतला देवी पति गोविंद सुनार के नाम ग्राम मरकच्चो में भूदान से जमीन दिये जाने से इनकार किया है। जो कार्यालय में उपलब्ध अभिलेख से प्रमाणित हो रहा है। वहीं बिहार भूदान यज्ञ कमेटी द्वारा तारीख 1.4.1956 को छोटू सोनार, भातु तुरी, बिस्पतिया तुरी, बिसुन चमार और अन्य को जमीन दान में दिया जा चुका है जिसका भू माफियाओं द्वारा फर्जी दस्तावेज बनाकर कब्जा किया जा रहा है। मंच सचिव बसंत ने भूदान में दी गई जमीन के सारे दस्तावेजों से उपायुक्त और भू राजस्व उप समाहर्ता को अवगत कराते हुए इस फर्जीवाड़ा पर रोक लगाते हुए न्याय संगत कार्रवाई की मांग की है।

## पेंटिंग प्रतियोगिता में तीन बिरहोर बच्चे सम्मानित

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आदर्श फाउंडेशन द्वारा सतगावां के अंबाबाद पंचायत अंतर्गत बिरहोर कालोनी खवासडीह में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आदिम जनजाति समुदाय के बच्चों ने पेंटिंग के जरिए जंगल और पहाड़ का मनमोहक चित्र बनाया। प्रतियोगिता में तीनों विजेताओं सूरज बिरहोर, रंजीत बिरहोर और राखी कुमारी को फुलिया बिरहोरनी और मनोज बिरहोर ने नकद राशि देकर सम्मानित किया। फाउंडेशन सचिव सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने आदिम जनजाति समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ें। बिरहोर समुदाय की दिशा और दशा यहीं बच्चे पढ़-लिखकर निर्धारित करेंगे। इस दौरान बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए शपथ दिलाने के बाद गौतम बुद्ध के त्याग, समर्पण, मूल संदेश को साझा किया गया। मौके पर मनोज बिरहोर, सुंदरी बिरहोरनी, कुसूमी बिरहोरनी, फुलिया देवी, अतवरिया, सोनिया देवी, सामाजिक कार्यकर्ता बिक्कू कुमार, फाउंडेशन के सचिव सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी मौजूद थे।

## सप्ताह बाद भी बबलू की मौत का नहीं हुआ खुलासा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के चंदवारा स्थित पीपराडीह रेलवे स्टेशन के समीप रेल लाईन के पास रविवार को मिले फल दुकानदार बबलू कुमार की मौत का खुलासा चंदवारा पुलिस एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी नहीं कर पायी है। पुलिस के इस शिथिल रवैये से अब लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। चंदवारा थाना प्रभारी नितीश कुमार के अनुसार अनुसंधान चल रहा है। शीघ्र हीं मामले का उदभेदन किया जाएगा। हालांकि घटना के दिन केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी भी मृतक के परिजन से मुलाकात कर ढांढस बंधाया था, और एसपी से फोन पर बात इसकी उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की थी। बावजूद पुलिस अभी तक किसी सुराग तक पहुंचने में नाकामयाब रही है। बता दें कि 30 अप्रैल की सुबह फल दुकानदार जयनगर निवासी बबलू कुमार का शव पुलिस ने पिपराडीह स्टेशन के समीप रेल लाईन के पास से बरामद किया था। घटना को लेकर मृतक के पिता रामचंद्र मोदी ने चंदवारा थाना में आवेदन देकर अज्ञात लोगों द्वारा उनके पुत्र की हत्या कर पिपराडीह स्टेशन के रेल पटरी के किनारे फेंक देने का आरोप लगाया था।


## गुरु अमर दास जी का प्रकाश पर्व मना

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सिखों के तीसरे गुरु अमर दास जी का प्रकाश पर्व मनाया गया। गुरुवार शाम करीब सात बजे से विशेष दीवान सजाया गया। इसमें ज्ञानी राजा सिंह, बीबी अमरजीत कौर, इंद्रजीत कौर, सोनिया कौर, दुर्गेश सिंह, शम्मी सलूजा ने शब्द गायन कर संगत को गुरु की वाणी से निहाल किया। सभा के सचिव यशपाल सिंह गोल्डन ने बताया कि गुरु जी का यह 544 वां जन्मदिन है। गुरु अमर दास जी ने 61 साल की उम्र में सिखों के दूसरे गुरु अंगद देव जी के दर्शन किये और अगले 11 साल तक गुरु महाराज जी की नि:स्वार्थ सेवा की गुरु महाराज ने उन्हें सिखों का तीसरा गुरु घोषित किया। गुरु अमर दास ने लंगर में पंगत की प्रथा की शुरूआत की। कोई भी जाति ऊंच-नीच का भेद मिटाकर एक लाइन में बैठकर लंगर की प्रथा की शुरूआत किया। वे पहले समाज सुधारक थे, जिन्होंने सती प्रथा का खुलकर विरोध किया। अपने शब्द सुई दी वार में इसका विरोध किया। मौके पर योगी सुषमा सुमन, प्रदीप सुमन, मनोज कुमार सिंह, माहुरी समाज से विशाल कपसीमे आदि उपस्थित थे। दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें सभी समाज के सैकड़ों स्त्री-पुरुष शामिल हुए।

## महीने में 29 टिकट दलालों को पकड़ा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** रेलवे द्वारा समय-समय पर टिकट दलालों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जाता रहा है। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक रेलवे टिकट की दलाली करने वाले व चलती रेलगाड़ियों पर पत्थर मारने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इसके तहत धनबाद मंडल अन्तर्गत 87 ठिकानों पर छापामारी कर 29 टिकट दलालों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से कुल 925 टिकटों की बरामदगी की गई। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने उक्त जानकारी दी।

## नीट की परीक्षा संपन्न करवाने हेतु डीएवी में तैयार हुई रणनीति



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** 6 मई को डीएवी पब्लिक स्कूल में नीट की परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए जिला समन्वयक शैलेन्द्र सिंह, प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह एवं सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं के बीच संगोष्ठी हुई। इस संगोष्ठी में जिला संमन्वयक ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को नीट की परीक्षा कदाचार मुक्त और सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा पूरे देश में एक साथ करवाई जाती है, इसलिए सभी शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि अपने दायित्वों के प्रति सतर्क और सावधान होकर परीक्षा संपन्न करवां। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा, डीएवी पब्लिक स्कूल में अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन हर वर्ष करवाया जाता है। यहाँ के सभी शिक्षक इस कार्य में दक्ष हैं। इस वर्ष भी विद्यालय ने नीट की परीक्षा के लिए अपनी पूरी रणनीति तैयार कर ली है। परीक्षा संपन्न करवाने के लिए सभी सामग्री विद्यालय में उपलब्ध हो गई है। विद्यालय कदाचार मुक्त और व्यवस्थित ढंग से परीक्षा को संपन्न करवाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### अमृत ट्राफी के अंतिम दिन पहुंची भोजपुरी स्टार अक्षरा सिंह

# जम कर झूमे हजारीबाग के लोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** शहर के बीचों बीच स्थित कर्जन ग्राउंड में सांसद जयंत सिन्हा द्वारा आयोजित अमृत ट्रॉफी के फाइनल में आयोजित कार्यक्रम में भोजपुरी स्टार सह गायिका अक्षरा सिंह पहुंची। इस दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में अक्षरा सिंह ने भक्ति गाने से कार्यक्रम की शुरूआत की। उसके बाद हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए उपस्थित दर्शको को मंत्रमुग्ध किया। श्री राम जानकी बैठे है मेरे सीने में गाने पर उपस्थित दर्शको ने भी श्री राम का जयकारा लगाया। इसके बाद कई भोजपुरी भी गाने गाये।

**बड़ी संख्या में उपस्थित थे दर्शक और शहर के गणमान्य :** अक्षरा सिंह को देखने और उनके गाने को सुनने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। इस दौरान शहर के गणमान्य भी उपस्थित हुए और कार्यक्रम का जम कर लुत्फ उठाया।



### उपायुक्त ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश

# चिकित्सकों की उपलब्धता की ली जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शनिवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के क्रम में डीडीसी प्रेरणा दीक्षित भी मौजूद रही। निरीक्षण दौरान उन्होंने अस्पताल के स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं को जांचा। उपायुक्त ने सदर अस्पताल के विभिन्न विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया।



इस दौरान उन्होंने अस्पताल के मेडिसीन ओपीडी, मनोरोग विभाग, स्किन विभाग, ईएनटी ओपीडी, क्लिनिकल पैथोलॉजी, दंत विभाग, ब्लड बैंक, स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट समेत गायनी ओटी का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी वार्डो में तय चिकित्सकों के समयवार रोस्टर ड्यूटी के अनुसार उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद सिविल सर्जन और अस्पताल प्रबन्धक से बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए आवश्यक उपकरणों का आकलन कर उन सामग्रियों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा की प्रशासन बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने के लिए हरसंभव मदद को तैयार है, डीएमएफटी मद से पूर्व में ही चिकित्सकों के गैप को भरने के प्रयास किए है जो आगे भी जारी रहेगें।

उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश देते हुए कहा कि जिला का प्रमुख अस्पताल होने के नाते दूर दराज के ग्रामीण बेहतर इलाज के लिए आते है इसलिए उन्हे उचित चिकित्सीय उपचार उपलब्ध कराए।

शिशु वार्ड में बाह्य श्रोत से कार्यरत नर्स को आवश्यक प्रशिक्षण देकर उन्हे दक्ष करने का निर्देश दिया।

उन्होंने साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से शिशु केयर यूनिट के साथ साथ होम गार्ड के सुरक्षा कर्मियों को अपने स्थान पर तैनात रहने का निर्देश दिया।

उन्होंने मेडिकल, सर्जिकल वार्ड का भ्रमण कर वहां दी जा रही व्यवस्थाओं को देखा।

इस दौरान डीडीसी प्रेरणा दीक्षित, सिविल सर्जन, अस्पताल प्रबंधक, चिकित्सक व अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## हत्या के मामले में तीन नामजद अभियुक्तों को भेजा जेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत मालकोको पंचायत के चतरो गांव निवासी रोहित कुमार पंडित की मौत मामले में बरही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के अंदर तीन नामजद प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने प्रेस बयान जारी करते हुए बताया कि वादी रोहित कुमार पंडित के कंप्यूटर टंकीत आवेदन के आधार पर बरही थाना में कांड संख्या 201/23 दर्ज किया गया था। जिसमे 10 लोगों को नामजद प्राथमिक अभियुक्त बनाया गया था। उक्त सभी प्राथमिकी अभियुक्त के विरुद्ध लाठी, डंडा तथा ईट लेकर घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर देने के आरोप लगाया गया था। उक्त कांड में जख्मी रोहित कुमार पंडित की मौत पिछले चार मई को इलाज के दौरान हो गई थी। वहीं उन्होंने बताया कि कांड अनुसंधान के



दौरान वरीय पदाधिकारी के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई करते हुए गठित टीम के द्वारा छापामारी करते हुए उक्त कांड के तीन प्राथमिकी अभियुक्तों को चौपारण थाना अंतर्गत बरमोरिया गांव से गिरफ्तार कर हजारीबाग केंद्रीय कारा भेज दिया गया। जिन लोगों को पकड़ा गया उसमें चतरो गांव के सेवा पंडित का 24 वर्षीय पुत्र सीताराम पंडित, शोभन पंडित का 50 वर्षीय पुत्र सेवा पंडित व सीताराम पंडित की पत्नी शामिल है। वहीं उन्होंने बताया कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार, पु.अ.नि. चंदन कुमार साव, महेंद्र बैठा, लक्ष्मण बोबोगा, राजाराम हासदा, दिनेश कुमार महतो, महिला चौकीदार में पुनिया मसोमात व बरही थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## युवक पर दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)। नवलशाही थाना क्षेत्र के ग्राम मसमोहना की रहने वाली 18 वर्षीया किशोरी ने बगरीडीह के युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए नवलशाही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में कहा गया है कि 4 मई को माता पिता शादी समारोह में शामिल होने बगरीडीह गये हुए थे। घर में अकेली थी। 4 मई की देर रात 12 बजे तीन अनजान लड़का बाईक से आया और घर से उठा कर खेत तरफ ले गया और दुष्कर्म को अंजाम दिया। किसी तरह उनसे छुटकारा पाकर घर भाग आई। हल्ला किया तथा घर मे बताया तब जाकर पता चला कि बगरिडीह का ही तीनों लड़का है। पीड़िता ने बताया कि दुष्कर्म को अंजाम एक लड़का दिया है जिसकी पहचान शंकर दास पिता चुबलाल दास ग्राम बगरीडीह, थाना डोमचांच निवासी के रूप में हुई है। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि आवेदन के आलोक मे कांड संख्या 32/23 धारा 376 भ0 द0 वी एवम 4/6 पोक्सो अधिनियम के तहत प्रथमिकी दर्ज कर ली गई है।**

## श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली भव्य कलश यात्रा

### कलश यात्रा में 551 महिला और कन्याएं हुईं शामिल, मुख्य अतिथि हजारीबाग जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता थे मौजूद

**धीरज पुरी**

**दारू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मेढकुरी पंचायत अंतर्गत मेढकुरी कला में श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा में 551 महिला व कन्याओं ने कलश लिया। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि हजारीबाग जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिला परिषद सदस्य गीता देवी, मुखिया भोला तुरी, बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर मेहता, ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक, प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश पांडे ने श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर से कलश देकर विदा किया। कलश यात्री 2.5 किमी पदयात्रा कर शिवाने नदी पहुंचे इस बीच गाजे बाजे के साथ झूमते हुए हर हर



महादेव, जय भोलेनाथ, जय माता दी की खूब जयकारा लगा। पूरा क्षेत्र जयकारों से गूंज उठा। यज्ञाचार्य ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ मां गंगा की पूजा अर्चना किया जिसके साथ श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ मंडप पहुंचकर कलश स्थापित किया। सभी को शरबत व फल देकर उपवास तुड़वाया गया। यज्ञ आचार्य राजकुमार पांडे ने कहा कि यह पांच दिवसीय महायज्ञ 6 मई से 10 मई तक चलेगा जिसमें से 6 मई को जलयात्रा, मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन, अरणी मंथन, और जलाधिवाश। 7 मई को वेदी पूजन, अनाधिवास, फलाधिवास, हवन और संध्या आरती। 8 मई को वेदी पूजन, पुष्पाधिवास, हवन और संध्या आरती। 9 मई को वेदी पूजन, नगर भ्रमण, सययाधिवास और संध्या आरती। वही 10 मई को वेदी पूजन, महास्नान, अखंड कीर्तन, प्राण प्रतिष्ठा, हवन, पूणार्हुति एवं संध्या में प्रसाद वितरण और भक्ति जागरण के कार्यक्रम के साथ समापन होगा। मौके पर यज्ञ समिति अध्यक्ष तुलेश्वर पांडे, नवयुवक संघ अध्यक्ष उमेश कुमार, सचिव संजय शर्मा, उपाध्यक्ष मंटू कुमार, सूरज कुमार, बबलू साव, विकास कुमार पांडे, नितेश कुमार, पिंटू पांडे, राहुल कुमार, गणेश पांडे, संतोष सिंह, चंद्र साव, किशन तुरी, मिथिलेश यादव, सुबोध प्रसाद, दीपक पांडे, उपेंद्र पांडे, गणेश पांडे, शेखर प्रजापति, मिथिलेश पांडे, पुरुषोत्तम पांडे, हेमराज महतो, दीपक कुमार और मेडकुरी पंचायत के सैकड़ों महिलाएं, पुरुष तथा बच्चियां शामिल रहें।

## पूर्व मुखिया कुंजो गोप की मूर्ति का अनावरण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** खंभवा पंचायत के पूर्व मुखिया धरमपुर निवासी कुंजो गोप की छठी पुण्यतिथि पर शिव मंदिर चौक धरमपुर में शुक्रवार को उनकी आदमकद मूर्ति का अनावरण पूजा अर्चना व पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि मांडू विधायक जेपी पटेल की धर्मपत्नी ललिता देवी ने स्वर्गीय गोप के जीवन पर प्रकाश डाला। मौके पर योधी प्रसाद यादव, सुरेंद्र प्रसाद यादव, मुखिया सुरेश यादव, पंसस प्रतिनिधि कन्हाय यादव, विष्णुगढ़ की पूर्व जिप सदस्य सरस्वती देवी, कैलाशपति सिंह, अमरेश सिंह, एमके पाठक, उपेंद्र पांडेय, राजू यादव, महेश अग्रवाल, लालमोहन महतो, भुनेश्वर यादव, रामचंद्र यादव छोटन यादव, बालेश्वर महतो, मनोज यादव, प्रवीण यादव, प्रताप यादव, दीपक यादव, दिवाकर यादव, देवंती देवी, कांति देवी, लक्ष्मण यादव, बद्री गोप, अरूण राम, मोहन प्रजापति, अमृत प्रजापति, देवधारी यादव, देवा ठाकुर, सहदेव यादव, कृष्णा साव, गोपी साव, सुरेश प्रजापति, संजीत यादव, गौतम प्रसाद, बोधी महतो, इंद्रदेव यादव, अनंत पांडेय, विकास यादव, बिट्टू यादव, विवेक यादव, रामचंद्र साव, हुलास साव, प्रयाग यादव, छोटी ठाकुर, छोटी प्रजापति समेत सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष मौजूद थे।

## बीडीओ ने प्लास्टिक के खिलाफ चलाया अभियान



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त हजारीबाग के आदेशानुसार शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कीस्टो कुमार बेसरा के नेतृत्व में प्रशासन का दल केरेडारी मुख्य चौक सहित आस पास के दुकानों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग की जांच की है इस जांच अभियान के दौरान बिडिओ बेसरा ने दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने की हिदायत दी है साथ ही दुकानदारों को कहा की आगे से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किसी भी हाल में न करें अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। इस बाबत बिडिओ बेसरा ने बताया की जिले के उप विकास आयुक्त के आदेशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए यह अभियान चलाया गया है जांच अभियान के दौरान बिडिओ कीस्टो कुमार बेसरा के साथ बीपीओ सुमन शर्मा सहित कई कर्मी मौजूद थे।

## बीएड सत्र सेमेस्टर थर्ड की प्रायोगिक परीक्षा संपन्न



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के अंतर्गत स्व वित्तपोषित कोर्स बीएड सत्र 2021-23 सेमेस्टर थर्ड का प्रायोगिक परीक्षा 24 अप्रैल से चल रही थी। जो आज 02 मई को अंतिम परीक्षा उर्दू भाषा साहित्य के साथ हुई। कई कॉलेज का परीक्षा केंद्र संत कोलंबा महाविद्यालय में आयोजित किये गए जिसमे एक राजकीय टीचर ट्रेनिंग हजारीबाग चार अंगीभूत महाविद्यालय और दस एफिलिएटेड बीएड कॉलेज के प्रक्षार्थी हुए। इस परीक्षा में संत कोलंबा महाविद्यालय के प्राचार्य, परीक्षा नियंत्रक और बीएड विभागाध्यक्ष के साथ बीएड विभाग के सभी शिक्षक और कर्मचारी के देख रेख में परीक्षा संपन्न हुआ।

## समस्याओं को लेकर जदयू ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जनता दल यूनाइटेड के जिला महासचिव प्रेमचंद राम और जिला उपाध्यक्ष राजकुमार खंडेलवाल ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी किया। साथ ही उपायुक्त हजारीबाग को संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जनसंपर्क विभाग में फैली अव्यवस्था पर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया गया। इस संदर्भ में ज्ञापन में कहा गया कि पहले अखबारों के कतरन पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई संबंधित विभागों द्वारा किया जाता था, लेकिन विगत 1 वर्षों से इस तरह का कोई क्रियाकलाप जनसंपर्क विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है, यह एक सोचनीय विषय है। ज्ञापन में दूसरा विषय हजारीबाग शहर के व्यस्त मार्गों पर ओवर ब्रिज के निर्माण संबंधी मांग को रखा गया। इस संदर्भ में कहा गया की बंशी लाल चौक, अन्नदा चौक, झंडा चौक, मेन रोड, ग्वालटोली चौक आदि पर दिन भर आए दिन जाम लगा रहता है और आम जनता को तरह तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कार्यालय, विद्यालय, अस्पताल समय पर पहुंचना दूभर होता है। अत: उपायुक्त से इन व्यस्ततम मार्गो पर ओवर ब्रिज निर्माण हेतु विषय पर ध्यान आकृष्ट कराया गया। उक्त जानकारी जिला प्रवक्ता और उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने दिया। उपायुक्त को ज्ञापन जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा के नेतृत्व में सौंपा गया।

## कार्यालय के सामने नाली के गंदे पानी का जमाव

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव पश्चिमी पंचायत स्थित तहसील कार्यालय के सामने गंदे नालियों के पानी का जलजमाव है। जिससे बदबू आती हैं। इस रोड से गुजरने वाले हर व्यक्ति को हाथ में रुमाल रखना पड़ता है। इसके बावजूद भी नाली का पानी तहसील कार्यालय के परिसर में जमा हो जाता है। यह पानी इस कार्यालय के सामने 1 महीने से जमी हुई है लेकिन इसके समाधान के लिए अब तक कोई पहल नहीं किया गया हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जमे हुए पानी से हर वक्त बदबू आती है, इसलिए हम लोग यहां रहना मुश्किल हो गया है। अधिकारियों को इस पर पहल करनी चाहिए। दरअसल हुआ यह कि टैक्सी स्टैंड गंदे व बदबूदार नाली के पानी से राहत दिलाने के लिए विधायक ने जो नाली का निर्माण कराया था वह तहसील कचहरी तक ही कराया गया जिसके बाद तहसील कचहरी के पास मुख्य चौक सहित अन्य जगह का कंधे वह बदबूदार पानी वहीं पर छोड़ दिया गया जिसके बाद अभी तहसील कचहरी गंदे नाले पानी में तब्दील हो गया है। कहना है मुखिया का मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार मेहता का कहना है कि नाली का निर्माण छविनिया तक कराया जायेगा। जिससे पानी कभी जमा नहीं होगा।

## सिंगल विंडो प्लास्टिक छापामारी किया



**चरही (आजाद सिपाही)।** चरही प्रखंड मुख्यालय सहित चरही मे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी इंदर कुमार के नेतृत्व में सिंगल विंडो प्लास्टिक को रोक थाम के लिए अभियान चलाया गया जिसमें बड़ी मात्रा में प्लास्टिक को जब्त किया गया। विकास अधिकारी ने दुकान संचालक और ग्राहकों को कहा कि अस्वच्छता पर तमाम लोगों को ध्यान देने की जरूरत है। इस घतक प्लास्टिक से कई प्रकार की बीमारियां और पर्यावरण पर भी खतरा है, जब कभी भी समान खरीदने के लिए घर से निकले तो थैली लेकर चलें बजार या कोई अन्य जगहों पर आसानी से सामग्री खरीद कर घर लाने में सहयोग मिलेगा। इस अभियान में बीपीओ, कन्या अभियंता, कार्यक्रम पदाधिकारी, रोजगार सेवक और प्रखंड के अन्य लोगों ने शामिल हुआ।

## पंचायत को साफ रखना सभी का दायित्व: बीडीओ

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्रत्येक पंचायत के मुखिया के अलावा अन्य लोगों के साथ बैठक की गई। जिसमें अपने-अपने पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में साफ स्वच्छ रखने के लिए शपथ लिए साथ ही साथ स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत शनिवार को स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्थानीय मुखिया स्वच्छता पखवाड़ा में शामिल होकर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि अपने पंचायत को साफ- स्वच्छ रखने के साथ -साथ पौधा लगाना भी अतिआवश्यक है तभी हमारा पंचायत गांव मुहल्ला स्वच्छ रहेगा। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने हर व्यक्ति को कम से कम दो पौधा लगाने के साथ-साथ देखभाल करने का अपील किया।अभियान को सफल बनाने में बीडीओ ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों को साफ स्वच्छ रखना हमसबों का दायित्व है। उन्होंने मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि और अन्य जनप्रतिनिधि समाजसेवी बुद्धिजीवी गन व ग्रामीणों से भी अपील किया कि स्वच्छता रहेगा तभी हमारे घर परिवार स्वच्छ रहेंगे। मौके पर कोऑर्डिनेटर रिंकू रवि, बीपीओ अरुण पासवान, हीरा महतो, आशीष कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया सुलेखा कुमारी, पारसनाथ प्रसाद, कविता देवी, गीता देवी, लीलावती देवी, बेबी देवी, नीलम मिंज, मुखिया प्रतिनिधि चंदनपुरी, अजीत कुमार, सनित महतो, अनुराधा पासवान, रुस्तम प्रवीण, पुजा राय के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## हादसों का दिन रहा शनिवार, कहीं सड़क दुर्घटना तो कहीं अगलगी

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन की मौत, एक पत्रकार घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शनिवार का दिन रामगढ़ जिले के लिए एक बार फिर एक काला दिन साबित हुआ। सड़क दुर्घटना में मौत हुई तो कहीं अगलगी की घटना में भारी नुकसान हुआ। रांची-पटना मुख्य मार्ग अंतर्गत कोठार फोरलेन पर दो अलग अलग अलग दुर्घटनाओं में 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि रामगढ़-बोकारो मार्ग में स्थित जिला समाहरणालय के निकट सड़क दुर्घटना में एक पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गए।







### अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

जानकारी के अनुसार पहली घटना कोठार ओवर ब्रिज के निकट एक अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृत युवक की पहचान सिमराबेड़ा महुआटांड़ बोकारो निवासी 23 वर्षीय महेंद्र किस्कू पिता सुकलाल मांझी के रूप में की गई है।

### टेलर ने बुलेट पर सवार दो लोगों को रौंदा दर्दनाक मौत

दूसरी घटना शनिवार की शाम ग्राम कोठार के समीप एनएच 33 पर हुई। रांची से हजारीबाग की ओर जा रहे बुलेट संख्या जेएच 01ईसी 8224 पर सवार दो युवकों को पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर संख्या जेएच 05डीके 6290 को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक चकनाचूर हो गई और दोनों युवकों की दर्दनाक मौत मौके पर ही हो गई। इधर, घटना की सूचना पाकर रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर अभय कृष्ण गिरी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर दोनों युवकों का शव अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक दोनों की पहचान नहीं हो पायी है।

### सड़क दुर्घटना में घायल हुए वरिष्ठ पत्रकार

रामगढ़-बोकारो मार्ग पर स्थित जिला समाहरणालय के निकट सड़क हादसे में वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल पत्रकार को स्थानीय लोगों के सहयोग से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

### किराना दुकान और जीओ कंपनी के टावर में लगी आग, लाखों की संपत्ति जली

शहर के रांची रोड में जय माता दी जनरल स्टोर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस आगजनी में लाखों रुपए की संपत्ति जल गई। इस संबंध में दुकान का मालिक सोनू शास्त्री ने बताया कि शुक्रवार की रात वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार की सुबह जब यह दुकान आए तो देखा कि दुकान के अंदर का सारा सामान जल गया है। वही, अगलगी की दूसरी घटना शहर के विकास नगर में जिओ कंपनी के टावर में हुई। यह टावर सुरेंद्र राय नामक व्यक्ति के जमीन पर लगा था। जानकारी के अनुसार टावर के जनरेटर में अचानक आग लगी और वहां अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दी। घटनास्थल पर पहुंची टीम ने आग को बुझाया।

## बाल विद्या मंदिर में चित्रांकन प्रतियोगिता



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या आरा में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की जीवनी पर चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में वर्ग तृतीय से वर्ग पंचम तक के करीब 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रानी कुमारी, द्वितीय विद्या कुमारी और तृतीय स्थान मोहम्मद चांद ने प्राप्त किया। वहीं, विद्यालय प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार सिंह ने सफल प्रतिभागियों को बधाई देते हुए पुरस्कृत किया। उन्होंने लोगों से भगवान बुद्ध के बताए हुए मार्गों पर चलने की बात कही। साथ ही, इनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। प्रतियोगिता कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक गुरमीत धीमान, भुनेश्वर प्रसाद, रीता कुमारी, ज्योति कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

## एनटीपीसी प्लांट के पूर्व इडी एमवीआर रेड्डी झारखंड में संभालेंगे आरइडी का कार्यभार



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** टंडवा के पावर प्लांट और एनटीपीसी के पकरीबरवाडीह खनन परियोजना मे ईडी के रूप सेवा देने वाले एमवीआर रेड्डी एक बार फिर झारखंड मे आर ईडी के रूप मे सेवा देंगे। एनटीपीसी के खनन परियोजनाओ की बेहतर संचालन के लिये एनटीपीसी ने रांची मुख्यालय भेजा गया है। इनके योगदान से पकरीबरवाडीह चट्टीबारियातू और मनातू समेत अन्य परियोजनाओ का बेहतर लाभ मिलेगा। इसके पीछे वजह यह है कि वे टंडवा और बडकागाव मे लम्बे समय तक योगदान दे चुके है। बताया गया कि दो दिनो के अन्दर वे कार्यभार संभाल लेगे।

## सोलर जलमीनार का शिलान्यास



**गिद्दी (आजाद सिपाही)।** गिददी ख पंचायत के वार्ड नंबर तीन के उर्दू विधालय में सोलर रहीत जलमीनार का शिलान्यास मुखिया उषा देवी उप मुखिया सरिता देवी वार्ड सदस्य पुनम देवी ने संयुक्त रुप से विधिवत पुजा अर्चना व नारियल तोड़ कर किया और कहा की काफी दिनों से विधालय में पानी की समस्या थी जो सोलर जलमीनार के माध्यम से इसे दुर किया गया ।इस मौके पर काफी संख्या में महीला पुरुष समाजसेवी और गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## अधिवक्ताओं की लंबी मांग पूरी, कन्या विवाह और सन्नतवान योजना लागू

# योजना लागू होने से अधिवक्ताओं को मिलेगी मदद : आनंद अग्रवाल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक शनिवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने की। बैठक में अधिवक्ताओं के बहुप्रतीक्षित मांगे पूरी हुई। बैठक में अधिवक्ता कन्या विवाह योजना और अधिवक्ता सन्नतवां योजना को सर्वसम्मति से लागू करने का निर्णय लिया गया। योजना के तहत सभी अधिवक्ताओं को उनकी पुत्री के विवाह में रामगढ़ जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ द्वारा कन्यादान के रूप में 21 हजार नगद दिया जायेगा। साथ ही यदि किसी अधिवक्ता के माता-पिता का देहांत होता है तो सांत्वना स्वरूप क्रिया कर्म के लिए 10 हजार रुपये का आर्थिक मदद किया जायेगा। यह प्रस्ताव कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया। यह निर्णय लिया गया कि आम सभा में पारित तिथि से ही सभी अधिवक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। बैठक में मुख्य रुप से जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के विकास कार्यों संबंधित प्रस्ताव को पारित किया गया। प्रस्ताव एवं विकास कार्यों को पारित होने से अधिवक्ताओं में काफी हर्ष है। अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष झलक देव महतो, महासचिव सीताराम, कोषाध्यक्ष हरखनाथ महतो, सहकोषाध्यक्ष धनंजय यादव, लाइब्रेरियन शंभू तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य सुबोध पांडे, मोइन अहमद, योगेश पांडे, राजेंद्र महतो, ज्योति कुमारी, द्वारिका महतो, सतीश पाठक, राजू कुमार उपस्थित थे।

# डाडी उप स्वास्थ्य केंद्र में सप्ताह में दो दिन बैठेंगे डॉक्टर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिद्दी।** आज दिनांक 6 मई 2023 दिन शनिवार को डाडी उप स्वास्थ्य केंद्र में हजारीबाग सिविल सर्जन पहुचे और निरीक्षण किए इस दौरान उपस्थित डाडी मुखिया लखनलाल महतो उपस्थित थे उन्होंने बताया कि अब से इस उप स्वास्थ्य केंद्र में सप्ताह में 2 दिन डॉक्टर मरीज का इलाज करेंगे जिससे स्थानीय लोगों की सुविधा होगी इस क्रम में लोगो को जानकारी देते हुवे बताएं की बहुत जल्द इस पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ केंद्र बनेंगे जिसका प्रस्ताव झारखंड सरकार को भेज दिया गया है जिससे पूरे डाडी प्रखण्ड के स्थानीय लोगो को इसका लाभ मिल पायेगा। चुरचू प्रभारी अशोक राम, बी पी एम अमर कांत, एएनएम मोती , बबिता, निशा, परवेज आलम, रबी कुमार, अजय कुमार, तालेश्वर महतो, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सुबोध कुमार उपस्थित थे।



# राजकीय मध्य विद्यालय का मुखिया ने किया औचक निरीक्षण, ड्यूटी से गायब थे हेडमास्टर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मांडू।** राजकीय मध्य विद्यालय का मांडू चट्टी पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में काफी अनियमितता देखने को मिला। खास कर ड्यूटी के समय हेडमास्टर गायब दिखे। जिसकी शिकायत जिला शिक्षा अधीक्षक से की गई। इस दौरान स्कूल के शिक्षिका सकुंलता द्वारा बताया गया कि स्कूल का प्रभार मौखिक मिला है। लेकिन लिखित में नही मिला है। जिसके बाद मुखिया ने प्रखड शिक्षा पदाधिकारी से बात की। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि मुझे इस बात की कोई जानकारी नही है कि प्रधानाध्यापक छुट्टी में है या नही। साथ ही स्कूल में मध्यान भोजन से संबंधित जानकारी असंतोषजनक रहा।





**संतोषजनक जबाव नहीं मिलने पर जिला शिक्षा अधीक्षक से शिकायत :** स्कूल और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से संतोषजनक जानकारी मिलने पर पूरे प्रकरण की शिकायत मुखिया ने जिला शिक्षा अधीक्षक से फोन पर की। जिसके बाद उन्होंने प्रखड़ शिक्षा पदाधिकारी को तुरंत उत्कमिक मध्य विद्यालय जाने का निर्देश दिया। जिसके बाद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी स्कूल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी प्राप्त किया। साथ ही पाया कि प्रधानाआध्यापक अनुपस्थित है। उन्होंने कहा कि छुट्टी ग्रांटेड होना चाहिए। इस तरह की लापरवारी से बच्चो के भविष्य से खिलवाड़ न करे। मुखिया अनीता देवी ने कहा कि प्रधानाध्यापक शेखर कुमार का एक दिन का वेतन काट के भुगतान किया जाय और ऐसे लापरवाह शिक्षक पर नियमानुसार कार्यवाई किया जाये। ताकि भविष्य में बच्चो की शिक्षा के साथ खिलवाड़ न हो सके।

# विभिन्न समस्याओं को ले मुखिया ने सीएम को भेजा पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत मुखिया सत्यवंती देवी ने अपने ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाएं और अन्य समस्याओं के समाधान हेतु झारखंड के मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर समाधान कराने का आग्रह किया है। पत्र के माध्यम से मुखिया सत्यवंती देवी ने दुंदुवा बालू घाट से ग्राम पंचायत के माध्यम से बालू उठाव करवाने का आदेश देने, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा में आवश्यकता अनुसार 5 शिक्षकों को पदस्थापित करने, राजकीय बालिका उच्च विद्यालय भुरकुंडा में छात्र-छात्राओं (बालक-बालिकाओं) का संयुक्त शिक्षा चालू करवाने, कब्रिस्तान का चाहरदीवारी और मूलभूत सुविधाएं व उपलबध कराने, रामगढ़ जिला खनन फाउंडेशन न्यास में स्वीकृत तथा अनुमोदित आठ प्रमुख लंबी सड़कें राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा से नायक टोला, रोल टोला, आजाद नगर, हरिजन टोला, भुंईया टोला, सरना टोला, मांझी टोला, शिवनगर नगर मोहल्ला, चालीस नंबर मोहल्ला, बीटीटीआई मुहल्ला तक सड़क निर्माण, ग्राम दुंदुवा के हनुमान मंदिर मुख्य पथ से जुबिली महाविद्यालय भुरकुंडा पुराना भवन होते बिरसानगर तक सड़क और पुलिया का निर्माण, नायक टोला हनुमान मंदिर से पुराना थाना मोहल्ला तक सड़क और पुलिया का निर्माण, बुध बाजार हाट मुख्य पथ से मयूर स्टेडियम होते बीटीटीआई मोहल्ला तक सड़क एवं पुलिया का निर्माण, दुंदुवा मुख्य पथ से पंचायत सचिवालय होते मांझी टोला के संजय मांझी के घर तक सड़क का निर्माण, ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला के बीटीटीआई मुहल्ला से ग्राम पंचायत इमली गाछ के इमली गाछ मोहल्ला तक मिलान पथ का निर्माण, ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला के ग्राम दुंदुवा से बिरसानगर होते ग्राम पंचायत चोरघरा के जुबली मोड़ तक मिलान पथ का निर्माण, बिरसानगर से जुबिली महाविद्यालय तक सड़क का निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया गया है। मुखिया ने पत्र में यह भी दशार्या है कि ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला रामगढ़ जिला खनन फाउंडेशन न्यास अंतर्गत प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित पंचायत की श्रेणी में है। फिर भी यहां अभी तक मूलभूत सुविधा सड़क, चिकित्सा, पेयजल, रोजगार आदि का घोर अभाव है। इस संदर्भ में विगत 10 वर्षों से निरंतर यहां के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन और राज्य के अधिकारियों को निरंतर पत्राचार किया जा रहा है, फिर भी इनकी उदासीन रवैया और सौतेला व्यवहार के कारण यह ग्राम पंचायत घोर अभाव से ग्रसित है।



# श्रमिक संघ के केंद्रीय महासचिव के निधन पर शोकसभा का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के केंद्रीय महासचिव डीके राय के निधन पर कोयलांचल भुरकुंडा व उरीमारी-सयाल प्रक्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मौके पर अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा ने बताया कि 5 मई को डीके राय का निधन हो गया था। 6 कई को उनका दाह संस्कार किया गया। उन्होंने कहा कि स्व. डीके राय का निधन यूनियन के लिए अपूरणीय क्षति है। वे हमेशा मजदूरों का आवाज बुलंद करते रहें। उनकी कमी हमसबों को हमेशा खलेगी। डीके राय के निधन पर शनिवार को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ द्वारा सयाल क्षेत्र में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक संवेदना प्रकट करने वालो में सतीश सिन्हा, संजय मिश्रा, मुन्ना श्रीवास्तव, इंद्रदेव राम, गुरूदयाल ठाकुर, धर्मेंद्र मिश्रा, विकास सिन्हा, रामश्रृष्ठ, विनोद कुमार सिंह, शैलेंद्र सिंह, अजीत कुमार, शिवनंदन दास, कमल सिंह, कमलेश कुमार, विनोद कुमार, शंकर सिंह, अनिल कुमार, राधिका सिंह, एसएस डे, रंधीर साव, शंकर कुमार, असल, सन्नी कुमार आदि शामिल हैं।



# डीसी और एसपी ने पतरातू लेक रिसोर्ट का किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड के पतरातू लेक रिसोर्ट में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित कार्यक्रम के तैयारी को लेकर शनिवार को रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा, एसपी पियूष पांडेय, एसडीएम जावेद हुसैन ने नवनिर्मित भवन सहित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस बीच विधी व्यवस्था को लेकर पार्किंग एरिया का निरीक्षण किया गया और उचरिंगा मैदान में कार्यक्रम स्थल को चयनित किया गया। संभावना है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 11 मई को पतरातु लेक रिजॉर्ट पहुंचेंगे और नवनिर्मित पर्यटन विहार गेस्ट हाउस का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान डीसी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रिसोर्ट अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी, अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे, प्रखंड विकास पदाधिकारी हरी नाथ महतो आदि उपस्थित थे।



# छोटकीडुंडी में महायज्ञ समापन पर भगवती जागरण, झूमे लोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुजू।** लोहसिंघना (छोटकीडुंडी) में पाँच दिवसीय श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के भव्य समापन पर शुक्रवार की रात कमेटी द्वारा भगवती जागरण का आयोजन किया गया। आयोजित जागरण में एसएस म्यूजिकल ग्रुप धनबाद के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति पर रात भर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश किया। जागरण के दौरान कलाकारों द्वारा गणेश वंदना गीत के साथ शुभारंभ के साथ विभिन्न देवी देवताओं की जीवंत झांकी की प्रस्तुति कर श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से विभोर किया। वही, जागरण का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया रामसेवक महतो, मिश्री लाल महतो, सुखदेव महतो, टेकलाल करमाली, मेघनाथ महतो, सोहन लाल महतो, दुलार प्रसाद, टेकलाल महतो, सविता कुमारी, सुशीला देवी, उमा कुमारी, संगीता देवी, अनु कुमारी, पूनम देवी, मुकेश कुमार महतो, तिलक कुमार, मेहीलाल महतो, दिनेश महतो सहित काफी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष मौजूद रहे।



# मृतक सीसीएल कर्मी के पुत्र को मिली नौकरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिद्दी।** सी सी एल कर्मी मृतक अजय कुमार सिंह के के ड्यूटी आने के क्रम में हाईवा गाड़ी से टक्कर मारने के कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई उसकी मृत्यु उपरांत यूनियन के सभी लोगों ने चार्टर डिमांड मेल प्रबंधन को दिया उनके आश्रित को नौकरी दी जाये महाप्रबंधक और उनकी पूरी टीम ने तुरंत स्वीकार किया कि 88 दिन को नौकरी देने का काम करें उसके बाद रात से ही सारी प्रक्रिया चालू हो गई और आज पूरी प्रक्रिया पूरी करके उनके आश्रित उनके पुत्र रितेश कुमार सिंह को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र महाप्रबंधक के आदेशानुसार अमला अधिकारी यदि हॉस्पिटल आकर उनके पुत्र विकेश कुमार सिंह को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र समूह के समक्ष दिया साथ ही साथ बेनिवॉलेंट फंड का 75000 भी चेक के रूप में दिया गया। मैं मुख्य रूप से भूमिका अदा करने में यस कोलफील्ड मधु रंजन के क्षेत्रीय सचिव पुरुषोत्तम पांडे, इन मौसा के क्षेत्रीय सचिव मधुसूदन सिंह, जिला परिषद सदस्य राजेश टू डू, एनसीओआई के क्षेत्रीय सचिव अरुण कुमार सिंह, बी सी के यू के क्षेत्रीय सचिव गौतम बनर्जी, गोपाल भगत, आरकेएम यू के छत्रिय सचिव जन्मेजय सिंह, रविंदर सिंह, मंगरु महतो, मनकामना सिंह, सरबजीत सिंह, एनपी सिंह, नारायण चंद्र भौमिक, देवेंद्र सिंह, सुमन सिंह, कृष्णा सिंह, जनकधारी गंजू संतन सिंह, जगतार सिंह, अवधेश कुमार कुशवाहा इत्यादि शामिल थे।


**कोर्ट नोटिस**

**न्यायालय, श्रीमान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा 1**

**वाद संख्या एम. टी. एस. 14/2022**

**प्रताप तुरी, पिता- टेम्पु तुरी साकिन -हेसराग पो.- बनारी, थाना-बिशुनपुर, जिला-गुमला हाल मोकाम-स्टेट बैंक गली, थाना-सिमडेगा जिला-समडेगा**

-------- (प्रार्थी सह आवेदक)

**बनाम**

सोनी कुमारी, पति-प्रताप तुरी, पिता-बिरसु मांझी साकिन - कसडेगा तुरी टोली, थाना-ठेठईटांगर, जिला - सिमडेगा

-------- (विपक्षी पक्षकार)

उपरोक्त नोटिस के माध्यम से आप को सूचित किया जाता है कि इस वाद के आवेदक सह प्रार्थी प्रताप तुरी ने आपके विरुद्ध मेरे न्यायालय में आपसे विवाह बिच्छेद करने हेतु तलाक का मुकदमा दायर किया है तथा नोटिस के तालिम के समय आप अपने घर में अनुपस्थित थी इस बजरिये नोटिस के माध्यम से आप को सूचित किया जाता है कि आप मेरे न्यायालय में (प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा के न्यायालय में) वाद संख्या एम. टी. एस. 14/2022 में 7:30 बजे पूर्वाह्न को दिनांक- 09.05.2023 को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित की जाएगी ।

इसके सख्त ताकिद जाने

**हस्ताक्षर**

**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा**

# मणिपुर में हिंसा

मणिपुर में बुधवार रात अचानक भड़की हिंसा ने देखते-देखते जैसा भीषण रूप अख्तियार कर लिया, उससे एक बार फिर यह बात स्पष्ट हुई कि पूर्वोत्तर का इलाका कितना संवेदनशील है और इससे निपटने में कितनी सावधानी की जरूरत है। हिंसा की ताजा घटनाओं को मणिपुर हाइकोर्ट के उस हालिया फैसले के बाद बने हालात से जोड़ा जा रहा है, जिसमें राज्य सरकार को बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के लिए एसटी दर्जे की सिफारिश केंद्र के पास भेजने का निर्देश दिया गया था। इसी निर्देश के खिलाफ ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने आदिवासी एकजुटता मार्च का आयोजन किया था, जिस दौरान हिंसा भड़क उठी। हालांकि, चाहे हाइकोर्ट का निर्देश हो या आदिवासी छात्रों का मोर्चा, इनकी तात्कालिक भूमिका भले हिंसा भड़कने में रही हो, प्रदेश में जातीय तनाव के हालात लंबे समय से बने रहे हैं। गैर-आदिवासी मैतेई समुदाय हालांकि राज्य की कुल आबादी का करीब 65 फीसदी है, लेकिन यह इंफाल के आसपास घाटी में ही केंद्रित है। क्षेत्रफल के लिहाज से इस समुदाय के पास राज्य का बमुश्किल 10 फीसदी भूभाग ही है। बाकी 90 फीसदी इलाकों में 35 फीसदी आदिवासी समुदायों के लोग फैले हुए हैं। ऐसे में जहां मैतेई समुदाय अपने लिए एसटी दर्जा जरूरी मानता है, वहीं आदिवासी समुदायों को लगता है कि उसे यह दर्जा मिल गया, तो उनके अधिकार प्रभावित होंगे।

**तनाव बढ़ाने वाला एक अन्य नया कारक हैं म्यांमार से आने वाले शरणार्थी। फरवरी 2021 में वहां हुए सैन्य तख्तापलट के बाद इन शरणार्थियों की संख्या में खासी बढ़ोतरी हुई है। खास बात यह कि ये शरणार्थी ज्यादातर म्यांमार के चिन प्रांत के होते हैं, जिनकी मणिपुर के कुकी आदिवासियों से रिश्तेदारी होती है।**

तनाव बढ़ाने वाला एक अन्य नया कारक हैं म्यांमार से आने वाले शरणार्थी। फरवरी 2021 में वहां हुए सैन्य तख्तापलट के बाद इन शरणार्थियों की संख्या में खासी बढ़ोतरी हुई है। खास बात यह कि ये शरणार्थी ज्यादातर म्यांमार के चिन प्रांत के होते हैं, जिनकी मणिपुर के कुकी आदिवासियों से रिश्तेदारी होती है। इससे प्रदेश का जातीय संतुलन बिगड़ने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में प्रदेश में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के क्रम में दो बातों का खास तौर पर ध्यान रखने की जरूरत है। एक तो यह कि पड़ोसी देश म्यांमार में बनते हालात का मणिपुर जैसे राज्यों की स्थितियों पर सीधा प्रभाव पड़ता है। इसलिए सरकार को म्यांमार के सैन्य शासन से बातचीत कर उसे गृहयुद्ध रोकने और अपनी शरणार्थी प्रबंधन व्यवस्था कायम करने के लिए मनाने के प्रयासों पर विशेष ध्यान देना होगा। दूसरी बात यह कि दंगाइयों को देखते ही गोली मारने और पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवा स्थगित करने जैसे कदम तात्कालिक तौर पर अनिवार्य भले लगें, नॉर्थ ईस्ट की संवेदनशीलता को देखते हुए वहां ऐसी सख्ती दीर्घकालिक नजरिए से नुकसानदायक हो सकती है। उस क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं का फायदा लिए जाने के लिए जरूरी है कि वहां सामान्य स्थिति बहाल रखी जाये। जातीय तनाव से उपजी समस्याओं का स्थायी हल भी आर्थिक विकास की तेज रफ्तार में ही छुपा है। सरकार को इसी पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**ट्रैवल वेबसाइट ट्रिप डॉट कॉम से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 की तुलना में इस वर्ष मंदिर में आने वालों की संख्या में 310 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। मंदिरों में वे लोग सबसे ज्यादा आ रहे हैं जिनका जन्म वर्ष 1990 के दशक में हुआ था। यही कारण है कि मंदिरों के अंदर आने के लिए लोगों की लंबी कतारें मंदिर के बाहर दिख रही हैं।**

# बेरोजगार चीनी युवाओं ने किया बौद्ध मंदिरों का रुख

**लॉरी चेन / सोफी यू**



चीन में इन दिनों जितनी ज्यादा बेरोजगारी बढ़ रही है और बची-खुची नौकरियां पाने के लिए जो स्पर्धा है, उसके बीच युवा वर्ग शनिवार और रविवार के दिन बौद्ध मंदिरों का रुख कर रहे हैं। एक पुरानी कहावत के अनुसार जब समाज में ज्यादा उथल-पुथल होती है तब लोगों में भक्तिभाव बढ़ने लगता है। इन दिनों चीन का भी यही हाल है। चीन में इन दिनों जितना मुश्किल नौकरी पाना है उससे कहीं ज्यादा मुश्किल किराये के मकानों में रहना है।

एक तरफ लोगों के पास नौकरियां नहीं हैं, तो वहीं दूसरी तरफ किराये के मकानों में बेतहाशा बढ़ोतरी ने भी चीनी युवाओं को परेशान कर दिया है। इसलिए छुट्टियों के दिन युवाओं की भीड़ मंदिरों में आने लगी है। भागमभाग भरे जीवन और आर्थिक विषमताओं के दौर में युवा वर्ग ईश्वर की शरण में जाने को मजबूर है, लेकिन मंदिरों में आने का इनका उद्देश्य भगवान बुद्ध से अपने लिए अच्छी नौकरी मांगना है।

ट्रैवल वेबसाइट ट्रिप डॉट कॉम से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 की तुलना में इस वर्ष मंदिर में आने वालों की संख्या में 310 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। मंदिरों में वे लोग सबसे ज्यादा आ रहे हैं जिनका जन्म वर्ष 1990 के दशक में हुआ था। यही कारण है कि मंदिरों के अंदर आने के लिए लोगों की लंबी कतारें मंदिर के बाहर दिख रही हैं।

**उच्च शिक्षित पीढ़ी के बीच नौकरियों के बिना चीनी युवा का पांचवां एक रिकॉर्ड है।**

इस वर्ष पूरे चीन के विश्वविद्यालयों से स्नातक की परीक्षा पास कर निकलने वालों की संख्या 1 करोड़ 15 लाख 80 हजार है। इतनी बड़ी युवाओं की संख्या को नौकरी देने में चीनी अधिकारियों की पेशानी पर बल पड़ गये हैं, क्योंकि इस वर्ष उन्हें युवाओं के लिए 1 करोड़ 20 लाख नौकरियां पैदा करना है, पिछले वर्ष चीनी अधिकारियों ने 1 करोड़ 10 लाख नौकरियों का सृजन किया था।

इस वर्ष लोगों को नौकरियां इसलिए भी नहीं मिल रही हैं, क्योंकि पिछले वर्ष तक चीन में कोरोना महामारी पर रोक लगाने के लिए सख्त लॉकडाऊन लगा था। चीन में बेरोजगारी से हालत इतनी खराब है कि इस समय हर 5वां युवा चीन में बेरोजगार है। ये वे युवा हैं जिन्होंने उच्च स्तर की शिक्षा पायी है और ऐसे क्षेत्रों में पढ़ाई की है, जो पूरी करने के बाद नौकरी मिलने की संभावना बहुत प्रबल हो जाती है। पिछले वर्ष जुलाई के महीने में चीन में बेरोजगारी दर 20 फीसदी थी, जो मार्च 2023 में घटकर 19.6 फीसदी पर आ गयी है।

चीनी युवा इससे पहले इतनी बड़ी संख्या में कभी बेरोजगार नहीं रहे। इस समय जितनी बड़ी संख्या में यूनिवर्सिटी से पढ़े-लिखे युवा बाहर निकल रहे हैं, उनके लिए बाजार में नौकरियां नहीं हैं। इन युवाओं को नौकरियों की आस तो है, लेकिन इनके सामने सबसे बड़ा प्रश्न इस समय इनकी जीविका का है। इस समय चीनी युवाओं को नौकरियों में मात्र 2 से 3 हजार युआन ही दिये जा रहे हैं और इसके साथ काम करने की इतनी सारी शर्तें हैं। खास कर सुबह जल्दी आकर देर रात तक काम करना भी इसमें शामिल है। इसमें जीना बहुत मुश्किल है, लेकिन इनके पास कोई और रास्ता भी नहीं है।

उच्च शिक्षित पीढ़ी के बीच नौकरियों के बिना चीनी युवा का पांचवां एक रिकॉर्ड है। उनकी संभावनाओं में सुधार अधिकारियों के लिए एक प्रमुख सिरदर्द है, जो चाहते हैं कि अर्थव्यवस्था 2023 में 12 मिलियन नये रोजगार सृजित करे, जो पिछले वर्ष के 11 मिलियन से अधिक है। सेंटर फॉर इंटरनेशनल फाइनेंस स्टडीज के एक शोधकर्ता झांग किदी ने कहा, विश्वविद्यालय के स्नातकों की एक गंभीर ओवरसप्लाई है और उनकी प्राथमिकता अस्तित्व है।

दिसंबर में कोविड-19 प्रतिबंध हटाये जाने के बाद से अर्थव्यवस्था ठीक हो रही है, लेकिन हायरिंग का नेतृत्व महामारी से पीड़ित खानपान और यात्रा उद्योगों द्वारा किया जा रहा है, जो कम-कुशल भूमिकाओं के लिए खराब वेतन की पेशकश करते हैं।

चीन के शिक्षा और मानव संसाधन मंत्रालयों ने टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया। शिक्षा अधिकारियों ने कहा कि बीजिंग में मास्टर और पीएचडी स्नातकों की संख्या पहली बार स्नातक से अधिक है। राज्य समर्थित बीजिंग डेली ने मार्च में एक संपादकीय में कहा, नौकरी और शैक्षणिक चिंताएं समझने योग्य थीं। हालांकि, युवा लोग जो वास्तव में दबाव में देवताओं और बुद्धों पर अपनी आशा रखते हैं, वे भी स्पष्ट रूप से भटक रहे हैं।

**'विद्वतापूर्ण हवा'**

कई लोगों ने सोशल मीडिया पर खुद की तुलना एक सदी पुराने साहित्यकार कोंग यीजी से की है, जो लेखक लू शुन की 1919 की कहानी के एक बेरोजगार शराबी विद्वान हैं। कोंग खुद को बहुत उच्च शिक्षित मानते थे कि वे नौकरों की नौकरी नहीं कर सकते थे। मेमे वायरल हो गया है, क्योंकि उपयोगकर्ता शिक्षा पर समाज के मूल्यों पर सवाल उठाते हैं। यदि यह उन्हें एक पूर्ण कैरियर की गारंटी नहीं देता है।

झेजियांग के तटीय प्रांत में एक मास्टर डिग्री के साथ एक 25 वर्षीय जिसने फरवरी से औसतन एक दिन में 10 नौकरियों के लिए आवेदन किया है, ने कहा कि वह अपनी शिक्षा द्वारा कोंग की तरह प्रतिबंधित महसूस करती है।

शहरी नियोजन स्नातक ने कहा, मुझे विश्वास नहीं है कि मुझे कभी भी अपना आदर्श काम मिल जायेगा, जिसने अपनी नौकरी की संभावनाओं की रक्षा के लिए नाम न छापने की शर्त पर बात की थी। मैंने एक मनोवैज्ञानिक को कुछ बार देखा है क्योंकि मैं बहुत चिंतित और उदास था। उसने कहा कि उसे केवल एक महीने में 2,000 युआन से 3,000 युआन ($290 से $435) का भुगतान प्राप्त हुआ था या अनुचित ओवरटाइम की आवश्यकता थी और उसने इनकार कर दिया। अगर मेरे पास ये योग्यताएं नहीं होतीं, तो मैं पूरी तरह से एक मॉल में बिक्री सहायक बन सकता था और बहुत खुश हो सकता था।

बीजिंग में 24 वर्षीय अर्थशास्त्र स्नातकोत्तर, यांग शियाओशान, 30 साक्षात्कारों के बाद बैंक टेलर की नौकरी के लिए बस गये। वह कोंग के बेरोजगार भाग्य का पालन नहीं करने से राहत महसूस करती है, लेकिन फिर भी असंतुष्ट महसूस करती है।

यांग ने कहा कि ऐसा नहीं है कि मैं ग्राहक सेवा से घृणा करता हूं, लेकिन मुझे लगता है कि यह मेरे ज्ञान की बर्बादी है। स्टेट ब्रॉडकास्टर सीसीटीवी ने कोंग के साथ तुलना करने वालों को फटकार लगायी है। मैसेजिंग ऐप वीबो पर लिखा गया, कोंग यीजी मुश्किलों में पड़ गये... क्योंकि वह अपनी विद्वतापूर्ण हवा को नहीं जाने दे सकते थे और श्रम के माध्यम से अपनी स्थिति को बदलने के लिए तैयार नहीं थे।

## जमशेदपुर की खबरें

# फुटपाथ पर वाहनों की पार्किंग से दुर्घटना होने की संभावना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** फुटपाथ पर अतिक्रमण व वाहनों की पार्किंग करना अब आसान होने लगा है। लौहनगरी जमशेदपुर एवं पड़ोसी जिला सरायकेला खरसावां में यातायात व्यवस्था को ताक में रखकर फुटपात पर वाहनों की कब्जा जारी है। जिला प्रशासन की असंवेदनशीलता का आलम यह है एक तरफ फुटपाथ पर लोगों का चलना दुर्लभ है।

वहीं दूसरी ओर राजस्व वसूली में प्रशासन व्यस्त है। अब तो जमशेदपुर व आदित्यपुर की जनता यातायात की अव्यवस्था से त्रस्त होने लगा है। वही सड़क पर भारी वाहनों की पार्किंग से सरायकेला जिले में सड़क दुर्घटना से लोगों की जाने जा रही है। वही आदित्यपुर गम्हरिया मुख्य सड़क किनारे फुटपाथ पर खड़ी स्थानीय कंपनी की अवैध वाहन पार्किंग से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। स्थानीय लोगो का फुटपाथ पर चलना मुश्किल होगया है। आये दिन सड़क पर दुर्घटनाएं हो रही है लोगो का जान जारही है लेकिन अवैध पार्किंग पर यातायात पुलिस का कोई पहल नहीं है।

सवाल है कि जब सरकारी एजेंसियां ही कानून उल्लंघन मामले में कारवाई नही कर तो जनता किससे गुहार लगाएगी। सिर्फ गलत पार्किंग ही नहीं बल्कि मुख्य सड़क व बाजार की सड़कों पर लगने वाले ठेला व दुकानों से भी पैदल चलने वालों का मुश्किले बढ़ती है। उधर जमशेदपुर शहर में सरकारी एजेंसी जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के द्वारा वाहन पार्किंग के लिए फुटपाथ पर सड़क किनारे बंदोबस्ती कर राजस्व वसूला जाने लगा है। शहर के कुछ इलाकों को छोड़ कर पैदल चलने वालों का सड़क पर कोई हक नहीं रहा। वैसे साकची गोलचक्कर की बात करे तो जहा तहां ऑटो पार्किंग, रोंग साइड वाहन की परिचालन से बाजार जाने व आने वाले कि परेशानी बढ़ जाती है।

शहर में लगभग 10 लाख आबादी में बीते पांच वर्षों के दौरान लगभग 2.91 लाख नए वाहनों का निबंधन किया गया। सभी वाहन सड़कों पर चल रही है। जबकि सड़क की सीमा सीमित है। जहा तहां लोग पार्किंग करने से फुटपाथ पर चलने वाले लोगों का परेशानिया बढ़ने लगी है। पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले के जिलाप्रशासन को पहल करनी होगी ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाया जा सके।

# केजी से पीजी तक संथाली भाषा के लिए ओलचिकी लिपि शिक्षा की मांग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पारंपरिक माझी परगना के नेतृत्व में समाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, निदेशक जेसीईआरटी रांची झारखंड, डायरेक्टर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के नाम मांग पत्र सौंपा। मौके पर देश परगाना बाबा बैजू मुर्मू ने कहा निदेशक जेसीईआरटी रांची के द्वारा विगत दिनों नई शिक्षा नीति 2020 के तहत क्षेत्रीय भाषा में पठन-पाठन हेतु कक्षा तीन से पांचवीं तक का गणित एवं पर्यावरण विषय का पाठ्यपुस्तक के लिए शिक्षकों का दल गठित किया था। शिक्षको ने संथाली भाषा के लिए ओलचिकी लिपि का प्रयोग करते हुए पठन-पाठन सामग्री तैयार कर विभाग को भेजा। लेकिन जेसीआरटी निदेशक ने सामग्री को अस्वीकार करते हुए पुनः शिक्षकों को बुलाया। ओलचिकी लिपि में तैयार करने वाले शिक्षकों को शो कॉज नोटिस भी जारी किया। विरोध में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से औपचारिक मुलाकात की गई।उन्होंने आश्वासन दिया था संथाली भाषा के लिए ओलचिकी लिपि का ही प्रयोग किया जाएगा। उसके बाद भी शिक्षा विभाग के सचिव प्रतिनिधि मंडल को बैठक के साथ बैठक सुनिश्चित करती है। अंतिम क्षण में बैठक को स्थगित कर पुनः बैठक की बात कर मामले को लटकाने का प्रयास में है। उन्होंने कहा एक सप्ताह के अंदर बैठक आयोजित कर समस्या का समाधान नहीं निकला तो आदिवासी संथाल समाज दुमका से कोल्हान तक सड़क में निकल कर विरोध करेगी। उन्होंने झारखंड में केजी से पीजी तक संथाली भाषा के लिए ओलचिकी लिपि का पुस्तक अनुवाद एवं मुद्रित करने, सांथाली एकेडमी एकेडमी का गठन करने, संथाली ओल चिकी शिक्षकों की बहाली,प्राथमिक से विश्वविद्यालय तक पढ़ाई शुरू करने व भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल संथाली भाषा को झारखंड राज्य में प्रथम राजभाषा का दर्जा देने की मांग की। अन्यथा बृहद स्तर पर हूल का आगाज किया जाएगा।

वहीं उन्होंने परसुडीह थाना क्षेत्र को नगर परिषद के रूप में घोषित करने का विरोध किया। उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल व मुख्यमंत्री को भी अवगत कराया। उन्होंने कहा परसुडीह थाना क्षेत्र पांचवी अनुसूची क्षेत्र में आता है।यहां नगर पालिका नगर निकाय नगर परिषद का गठन करना संविधान के अनुच्छेद 243 (जेड) सी के तहतअसंवैधानिक है। इसे अविलंब रद्द करें। इस अवसर पर तोरोप पारगना दसमत हांसदा, हरिपोदो मुर्मू, पुंता मुर्मू , सुशील हसदा,आसेका अध्यक्ष सुबोध मंडी,आसेका महासचिव शंकर सोरेन, माझी बाबा दुर्गा चरण मुर्मू, रमेश मुर्मू, दीपक मुर्मू,मानसिंह सोरेन, सुखराम किसकू, सुरेंद्र टुडू, बिरसिंह बास्के और मधु सोरेन आदि उपस्थित रहे।

# जमशेदपुर कैरेज कॉलोनी में 70 लाख की तीन योजनाओं का हुआ शिलान्यास

## विधायक मंगल कालिंदी ने रखी तीनों योजनाओं की आधारशिला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कैरेज कॉलोनी में शनिवार को 70 लाख रुपये की लागत से बनने वाली तीन योजनाओं का शिलान्यास हुआ. विधायक मंगल कालिंदी ने नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से जेएनएसी के माध्यम से बनने वाली इन योजनाओं का जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने शनिवार को शिलान्यास किया। शिलान्यास करने पहुंचे विधायक श्री कालिंदी का कैरेज कॉलोनी के स्थानीय लोगों का चौक चौराहे पर गाजे-बाजे के साथ फूल माला पहना कर विधायक का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि इन योजनाओं का निर्माण हो जाने से यहां के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। आजादी के बाद पहली बार इस क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं, हरि मंदिर, संतोषी माता मंदिर व राम मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं छठ घाट का निर्माण भी मैंने इस क्षेत्र के लोगों के लिए कराया. विधायक ने कहा कि जिस विश्वास के साथ लोगों ने उन्हें जुगसलाई का सेवक बनाया है, उस पर वे खरा उतरने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। कैरेज कोलोनी समेत पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। मौके पर महेंदर पांडेय, रामाश्रय सिंह, मनोहर हुसैन, बुची मुखी, सरिता देवी, देवजीत मुखर्जी, बादल दास, बलदेव दास, सीताराम चालक, रमेश साह, संतोष चंद्रवंशी, जीतेंद्र सिंह, शिबू, भोला पांडेय, विजय चौधरी आदि उपस्थित थे।

## गम्हरिया जेवियर स्कूल के एनसीसी इंचार्ज विकास सिंह बने सेकेंड अफसर

# सोनारी एनसीसी ऑफिस में पाइपिंग सेरेमनी के दौरान विकास को किया गया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गम्हरिया।** गम्हरिया स्थित जेवियर स्कूल के खेल प्रशिक्षक सह एनसीसी इंचार्ज विकास कुमार सिंह सेकेंड अफसर बन गये हैं। इनका प्रशिक्षण पिछले वर्ष पहले कंप्टी नागपुर में हुआ था। विकास यह उपलब्धि पाने वाले जिले के एकमात्र खेल प्रशिक्षक हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय 37 झारखंड बटालियन के लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव कुमार मिश्रा को दिया है। स्कूल के वाइस प्रिंसिपल फादर दयानिधि बिसोई एसजे ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि इससे छात्रों को देश सेवा के लिए प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान सोनारी एनसीसी ऑफिस में आयोजित पाइपिंग सेरेमनी में विकास कुमार सिंह को कंधे पर एक और स्टार लगाकर उन्हें सम्मानित किया गया। स्कूल की कोऑर्डिनेटर सिस्टर अर्चना ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विकास कुमार सिंह ने कहा कि एनसीसी का दायित्व बच्चों में अनुशासन, कर्तव्य निष्ठा एवं समय का पाबंद रहना सिखाता है, ताकि वे भविष्य में देश के लिए अपनी सेवा दे सकें और अपने माता-पिता एवं स्कूल का नाम रौशन कर सकें।

# सांसद गीता कोड़ा ने किया मनोहरपुर प्रखंड का दौरा ग्रामीण और विद्यार्थियों से मिल कर लिया हाल-चाल


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चक्रधरपुर/मनोहरपुर।** सांसद आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सांसद गीता कोड़ा का शनिवार को मनोहरपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों का विभिन्न गांव का दौरा कर कार्यक्रम में भाग लिया. जहां एक और ग्रामीणों से मिलकर उनके दुख दर्द को जाना। वहीं दूसरी ओर स्कूल और डिग्री कॉलेजों में पहुंचकर हो रहे पठन-पाठन कार्यों का जायजा लिया। छात्र- छात्राओं से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना तथा उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। साथ ही शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं अध्यापकों से मिलकर सुदूर क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने के लिए आभार जताया। सोनपोखरी, गांव का दौरा किया गया एवं डिग्री कॉलेज मनोहरपुर में छात्र- छात्राओं के बीच कार्यक्रम की गयी।

गोपीपुर में डीएमएफटी फंड से सुदर्शन लोहार घर से गुजु तुरी के घर तक 770 फीट पीसीसी पथ का सांसद गीता कोड़ा ने शिलान्यास किया। इस दौरान वह घनपाली में सरतनाथ महतो के बेटे के विवाह समारोह में भी शामिल हुई. इस अवसर पर श्याम सुंदर पुर्ति, प्रखंड अध्यक्ष मनोहरपुर, नयनम बुढ प्रखंड अध्यक्ष आनंदपुर, दर्शन महतो, सन्नी लुगुन, धनेश्वर महतो, बसंत गोप, छोटू सिंह, कार्तिक महतो, गोवर्धन ठाकुर, सौरव महतो मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## कॉलेज भवन का शिलान्यास, उद्घाटन और प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आज




**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के अधौरा ग्राम स्थित शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री महाविद्यालय के भवन का शिलान्यास, ठाकुर दयाल देव माणिक राज इंटर महाविद्यालय के भवन का उद्घाटन तथा प्रतिमा का अनावरण रविवार को किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के शासी निकाय के सचिव शारदा महेश प्रताप देव ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय पलामू के कुलपति डॉ राम लखन सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक भानुप्रताप शाही व नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय पलामू के कुल सचिव राकेश कुमार सिंह होंगे। उन्होंने बताया कि रविवार को प्रातः 5.38 बजे भूमि पूजन, 9.30 बजे शिलान्यास, 10 बजे महाविद्यालय भवन का उदघाटन व प्रतिमा का अनावरण होगा तथा शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## हरिहरपुर थाना प्रभारी ने पूजा-पाठ कर नये ओपी भवन में किया प्रवेश




**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** हरिहरपुर ओपी के नया भवन का विगत दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा बंशीधर नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आनलाइन उद्घाटन किया गया था। जिसके उपरांत ओपी प्रभारी हरिहरपुर कुंदर कुमार सिंह के द्वारा शुक्रवार देर शाम को नये भवन में विधिवत पूजा पाठ कर गृहप्रवेश का कार्यक्रम किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी मौजूद थे। विदित हो कि हरिहरपुर ओपी की स्थापना वर्ष 1995 में मध्य विद्यालय हरिहरपुर के बगल में की गयी थी। ओपी परिसर में जगह के अभाव की वजह से प्रशासन के द्वारा नये भवन का निर्माण करने हेतु सरकारी स्तर से स्वीकृति प्रदान की गयी थी। इस क्षेत्र में सरकारी भूमि प्राप्त करने में काफी अड़चन आने के बाद तत्कालीन उपायुक्त गढ़वा राजेश कुमार पाठक के द्वारा कांडी अंचल कार्यालय के द्वारा मझिगांवा गांव के बजरंग बली मंदिर के पास भूमि उपलब्ध करायी गयी जहां अब ओपी हरिहरपुर का कार्यालय नये भवन में संचालित किया जाएगा। यह भवन 2 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से बनाया गया है। ओपी का नाम ओपी हरिहरपुर ही रह गया है, जबकि यह स्थान मझिगांवा गांव में पड़ता है। मौके पर कांडी थाना प्रभारी योगेन्द्र कुमार, खरौंधी थाना प्रभारी अभय कुमार, पुलिस नीरीक्षक भवनाथपुर कृष्णा कुमार, हरिहरपुर मुखिया अनुज कुमार सिंह, डुमरसोता मुखिया राजेश्वर विश्वकर्मा, शंभू नाथ साह, सहित क्षेत्रीय चौकीदार, जितेंद्र चौबे मौजूद थे।

## समाजसेवी ने कबाड़ चूननेवाले जोगेंद्र खरवार का दाह संस्कार कराया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय में एक कबाड़ चूनने वाला जोगेंद्र खरवार नामक व्यक्ति का दाह संस्कार युवा समाजसेवी दौलत सोनी ने कराया। इस संबंध में दौलत सोनी ने कहा कि उक्त व्यक्ति एसएनसी होटल सोनपुरवा मोहल्ला स्थित पानी टंकी के पास रहता था। उन्होंने कहा कि वह बहुत ही गरीब था। कबाड़ चुनकर अपने जीवन का गुजर-बसर करता था। उसकी पत्नी चिंता देवी के पास दाह संस्कार के लिए कुछ नहीं था। ऐसे में जब उन्हें सूचना मिली कि एक गरीब व्यक्ति की मृत्यु हो गई है तो उन्होंने उक्त व्यक्ति के दाह संस्कार को लेकर सारी व्यवस्था की। इस दौरान उनके द्वारा अंतिम संस्कार को लेकर लकड़ी का पूर्ण खर्च प्रदान की गई। इसके अलावे पूजा सामग्री का खर्च रघुनंदन ठाकुर, कपड़ा का खर्च महेश कुमार के द्वारा प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त मुकेश कुमार गोंड के द्वारा एक हजार रुपए सहयोग प्रदान किया गया। दौलत सोनी ने कहा कि गरीबों की सेवा करने को लेकर उनके अंदर माता-पिता व गुरुजनों के द्वारा भाव भरा गया है। इस भाव के बल पर ही वे कुछ भी अच्छा कर पाने का साहस कर पाते हैं। इस भाव से प्रेरित होकर किया गया कोई भी कार्य उन्हें अलौकिक सुख प्रदान करता है। ऐसे पुनीत कार्य में उनके साथ जुड़े मित्रों व शुभचिंतकों के सहयोग से अद्भुत बल मिलता है।

## कार्यक्रम : जिला स्तरीय स्वास्थ्य सहिया सम्मेलन का आयोजन

# उत्कृष्ट कार्य के लिए सहिया बहनों को किया गया सम्मानित और प्रोत्साहित

**सहिया बहनों ने भ्रूण हत्या पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को किया जागरूक**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से जिला स्तरीय स्वास्थ्य सहिया सम्मेलन का आयोजन स्थानीय बंधन मैरिज हॉल के सभागार में आयोजित किया गया। सहिया सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य उत्कृष्ट कार्य करने वाली सहिया बहनों को सम्मानित करना एवं आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने हेतु प्रेरित करना था। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर भी उपस्थित हुए। उपायुक्त गढ़वा श्री जमुआर, सिविल सर्जन, डॉक्टर अनिल कुमार, उपाधीक्षक अवधेश कुमार सिंह को सहिया बहनों द्वारा फूल एवं पत्तों से निर्मित कैप पहना कर स्वागत गीत के साथ स्वागत किया गया। तत्पश्चात उपायुक्त एवं मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह ने सहिया बहनों को अच्छे कार्य करने हेतु धन्यवाद का पात्र बताया। मौके पर डीपीसी, जेवियर एक्का ने सहिया बहनों को स्वास्थ्य विभाग के रीढ़ की हड्डी की तरह होना बताया। सीएस ने अपने संबोधन में बताया कि सहिया बहनों के आने के बाद उनके अचीवमेंट में सुधार हुआ है। उन्होंने भी सहिया बहनों को बैकबोन की तरह बताया, जिनसे इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी, एनसीडी, ऑपरेशनल वर्क आदि में काफी सहयोग मिला है।

उपायुक्त गढ़वा श्री जमुआर ने अपने संबोधन में सहियाओं को फ्रंट लाइन वर्कर कहते हुए बताया कि अब ऐसा समय आ चुका है कि बेटे से बढ़कर बेटियां सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। विकास का मतलब सिर्फ सड़कें, पुल-पुलिया का निर्माण, भवन का निर्माण आदि करना ही नहीं होता है, अपितु सही मायने में लोगों में शारीरिक व मानसिक विकास होना ही विकास है। गांव के सुदूरवर्ती इलाकों में लोगों का दुःख-दर्द एवं स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को समझना एवं उनका हल निकालना सहियाओं का कार्य है, जो वे पारदर्शी रूप से करती हैं।

सम्मेलन में सहिया बहनों के द्वारा भ्रूण हत्या पर बहुत सुंदर नुक्कड़-नाटक का आयोजन कर जागरूकता फैलाई गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेटा-बेटी के जन्म में फर्क समझने की गलत अवधारणा को दूर करने की बात बताई गई। बेटा-बेटी को एक समान बताया गया। नुक्कड़-नाटक के माध्यम से बताया गया कि बेटा यदि वंश है तो बेटी अंश है, जो दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। नुक्कड़-नाटक की उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा काफी सराहना की गई। भंडरिया प्रखंड के सरूवत की सहिया बहन पोकली देवी को सांकेतिक रूप से अंग वस्त्र (शॉल) एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। पोकली देवी एवं गढ़वा की संयोगिता देवी आदि सहिया ने भी अपने कार्यों एवं अनुभव को लोगों के बीच साझा किया। सम्मेलन में सभी को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करने हेतु हौसला बढ़ाया गया।

## विधायक भानु ने किया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

**कहा- सड़क की गुणवत्ता में किसी तरह का कोई समझौता नहीं किया जायेगा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** बोकारो स्टील माइंस कॉलेज के गेट से पीडब्लूडी मुख्य पथ तक होने वाली पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास शनिवार को क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने पूजा अर्चना व नारियल फोड़ कर की। उक्त पीसीसी पथ का निर्माण 10 लाख रुपए की लागत से किया जायेगा। साथ ही विधायक भानु प्रताप शाही ने झगराखांड एवं चपरी में होने वाली जलमीनार निर्माण हेतु भूमि पूजन कर इसकी आधारशिला रखी।

पीसीसी पथ के शिलान्यास के मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि मुख्य पथ से कॉलेज तक आने जाने के लिए पथ निर्माण कराये जाने की मांग बीएसएम कॉलेज के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मियों के साथ साथ छात्र छात्राओं लंबे समय से कर रहे थे, लेकिन किसी जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया था। जिसके कारण छात्र छात्राओं को बरसात के दिनों में कॉलेज आवागमन करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। विधायक भानु प्रताप शाही ने यह भी कहा कि सड़क के निर्माण हो जाने के बाद कॉलेज में शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को आवागमन में काफी सुविधा होगी। इस कार्य के संवेदक से आग्रह किया कि सड़क के निर्माण गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए ताकि सड़क मजबूत बन सके। सड़क की गुणवत्ता में किसी तरह के कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

मौके पर प्रचार्य आरपी शुक्ला, श्रीराम सिंह, वेद प्रकाश पांडेय, प्रो. डॉ स्कंद कुमार भारती, वीरेंद्र विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## मंदिर और मदरसा निर्माण के लिए मंत्री की ओर से किया गया सहयोग

**रंका में मंदिर निर्माण के लिए नितेश सिंह ने 51 हजार एवं कटरा पंचायत में मदरसा निर्माण के लिए 50 हजार रुपए सहयोग राशि सौंपी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** रंका प्रखंड के कटरा पंचायत अंतर्गत उभका नाला पर मंदिर निर्माण हेतु झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने 51 हजार रुपए का सहयोग राशि कमेटी को प्रदान किया। बताते चलें कि उभका नाला से सालों भर पानी निकलता रहता है। जिससे वह नाला ग्रामीणों के आस्था का केंद्र सदियों से बना हुआ है। जिससे प्रेरित होकर ग्रामीण जनता के द्वारा मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से मंदिर निर्माण हेतु पिछले महीने प्रस्ताव रखा गया था। जिसमें अविलंब सुनवाई करते हुए कमेटी के द्वारा मंदिर भूमि पूजन के लिए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रतिनिधि के रूप में 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह शामिल हुए और मंदिर निर्माण हेतु मंत्री मिथिलेश की ओर से 51 हजार रुपए की सहयोग राशि कमेटी को प्रदान किया गया। साथ ही इस जगह को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने के लिए मंत्री के पास प्रस्ताव रखा जाएगा।

वहीं दूसरी ओर कटरा पंचायत में अजय मोड़ के पास ग्रामीण जनता के द्वारा बच्चों को उर्दू पढ़ने में काफी कठिनाई होती है। इसलिए वहां के अल्पसंख्यकों के द्वारा मदरसा का निर्माण कराने के लिए मिथिलेश कुमार ठाकुर से मांग की गयी थी, जिसके आलोक में गरीब बच्चों को देखते हुए मदरसा निर्माण के लिए प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे नितेश कुमार सिंह ने 50 हजार रुपए की सहयोग राशि दी गयी।

इस मौके पर प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, संजय कुमार सिंह छोटू विधायक प्रतिनिधि, कटरा पंचायत की मुखिया अनिमा देवी, दक्षिणी जिला परिषद सदस्य प्रमिला देवी, उपमुखिया प्रतिमा देवी, समाजसेवी शिक्षक नसीम अंसारी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के दीपक गुप्ता, झामुमो कटरा पंचायत के पंचायत अध्यक्ष युसूफ अंसारी, राजेंद्र सिंह, सुग्रीम सिंह, बजरंग प्रसाद गुप्ता, संतोष प्रसाद, मुख्तार अंसारी, संतोष प्रसाद, देवव्रत सिंह, सुखदेव सिंह, जन्नत हुसैन, गोलू सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बैंक खाते में संचित औरअव्यवह्त राशि को राज्य के समेकित निधि कोष में जमा करें : उपायुक्त



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के तहत उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं से संबंधित बैंक खाते में संचित एवं अव्यवहत राशि को राज्य के समेकित निधि कोष में जमा करने संबंधी बैठक का आयोजन समाहरणालय के सभाकक्ष में किया गया। बैठक में उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, गढ़वा जिला को उपायुक्त श्री जमुआर एवं उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत बैंक खातों में संचित एवं अव्यवहत राशि एवं उस पर ब्याज सहित राशि को राज्य के समेकित निधि कोष में जमा किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। विभिन्न योजनाओं के लिए निकासी की गई अव्यवहत राशि जिसकी व्यय होने की संभावना अब नहीं है, उसे सरकारी राजकोष में जमा कर विभाग को सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही अपने कार्यालय में सामंजन हेतु उपलब्ध अभिश्रव की जांच कर भुगतान योग्य राशि के संबंध में संबंधित विभाग को अवगत कराने का भी निर्देश दिया गया।

## स्व. गिरिवर पांडे की प्रतिमा को बैनर से ढके जाने पर विधायक ने जिला प्रशासन और झामुमो पर लगाया अपमान करने का आरोप



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय गिरवर पांडे चौक पर लगे स्व. गिरिवर पांडे की प्रतिमा को जिला प्रशासन के द्वारा बैनर बोर्ड, से ढके जाने के खिलाफ भाजपा के भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही ने जिला प्रशासन एवं झामुमो पर स्व. गिरिवर पांडे का अपमान करने का आरोप लगाया है। विधायक सहित भाजपा के नेताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से स्थानीय गिरवर चौक पर स्थापित गिरवर पांडे की प्रतिमा के आगे बैनर लगाकर उनकी प्रतिमा को ढकने से नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि स्व. गिरवर पांडे जनमानस के नेता थे। जन जन के नेता होने के कारण आम आवाम के दिल में स्व. गिरवर पांडे के लिए काफी इज्जत है। ऐसे में जिला प्रशासन और झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार के निर्देश पर स्व. गिरवर पांडे की प्रतिमा को ढका जाना सत्ता के घमंड का प्रतीक है। साथ ही गिरवर पांडे से जुड़े लोगों की भावना को ठेस पहुंचाने का कार्य जिला प्रशासन और झामुमो के लोगों ने किया है। जिसे यहां की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। क्योंकि मामला दो दो बार के मंत्री रहे स्व. गिरवर पांडे से जुड़ा है। ऐसे में यह मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। अब झामुमो इसका बचाव किस प्रकार से करती है यह देखना है।

## सिमडेगा : बैडमिंटन कोर्ट और जिम सेंटर का विधायक भूषण बाड़ा और विक्सल कोंगाड़ी ने किया उद्घाटन



**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** इंडोर स्टेडियम अंतर्गत बैडमिंटन कोर्ट एवं जिम सेंटर का शनिवार को उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर किया। इसके बाद दोनों विधायकों ने जिम में जाकर थोड़ा व्यायाम किया। साथ ही बैडमिंटन भी खेला। इसके बाद खिलाड़ियों के लिए बहाल की गई अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। बताया गया कि इंडोर खेल जैसे बैडमिंटन, कैरम, टेबल टेनिस, जीम, योगा आदि खेलों के लिए भव्य इंडोर स्टेडियम, एथलिट ट्रेक, क्रिकेट और बास्केटबॉल मैदान बनाया जा रहा है। उद्घाटन के मौके पर डीडीसी अरुण वाल्टर सांगा, एसी अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, एसडीओ महेंद्र कुमार, डीएसडब्ल्यू राजेंद्र प्रसाद सिंह, डीएलओ अजय बड़ाईक, पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा, बीडीओ अजय कुमार रजक, सीओ प्रताप मिंज, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, झामुमो नेता शफीक खान, प्रदीप केशरी, विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, जमीर हासन, जमीर अहमद, प्रतिमा कुजूर, प्रखंड अध्यक्ष नवीन बिरेन तिर्की,सोनू नायक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में शिक्षिका की मौत, शिक्षा जगत में शोक की लहर

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** ड्यूटी जा रही एक शिक्षिका रेशमा बा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक शिक्षिका रेशमा बा जोराम स्कूल में पदस्थापित थी। शनिवार की सुबह सिमडेगा के ठाकुरटोली स्थित आवास से ठेठईटांगर के जोराम स्कूल जा रही थी। इसी क्रम में ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के बाड़ा पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात कार ने उसे पीछे से धक्का मार दिया। घायल अवस्था मे थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश ने उसे रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इधर घटना के बाद शिक्षा जगत में शोक की लहर है। बताया गया कि मृतक शिक्षिका कांग्रेस कार्यकर्ता सागर केरकेट्टा की बहन थी। जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने भी शिक्षिका के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने दिवंगत शिक्षिका के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्राथना की है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी, एसडीईओ बादल राज, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रेम शर्मा सहित कई लोग सदर अस्पताल पहुंचे। साथ ही परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया। दोनों विधायकों ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में वे दिवंगत परिजनों के साथ खड़े हैं।

## ज्ञापन : अभाविप प्रतिनिधिमंडल ने एनपी विवि के कुलपति को नामधारी महाविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सौंपा मांग पत्र, कहा

# भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो अभाविप करेगी आंदोलन

**नामधारी महाविद्यालय में प्राचार्य के संरक्षण में आर्थिक लूट फल फूल रहा है : मंजुल शुक्ला**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रदेश सहमंत्री निशांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति को एस.एस.जे.एस. नामधारी महाविद्यालय, गढ़वा में व्याप्त आर्थिक भ्रष्टाचार पर रोक लगाने एवं दोषियों पर कार्रवाई संबंधित तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मचंद्र लाल अग्रवाल व तत्कालीन अर्थपाल डॉ ब्रह्मदेव सिंह द्वारा महाविद्यालय में कार्यरत 7 लैब सहायक व एक आदेशपाल का वर्ष 1996 से 2000 एवं 2007 तक का एरियर करीब 30 लाख रुपए का भुगतान किया गया है, जबकि वर्ष 1996 से 2000 एवं 2007 तक की उपस्थिति पुस्तिका में कहीं भी उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं है। ऐसे में उनका भुगतान किस आधार पर हुआ इसकी जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने पर दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही नामधारी महाविद्यालय में नैक कराने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा लगभग 27,15,504 रुपए आवंटित की गई थी, नैक मद में प्राप्त राशि के व्यय की वृहद जांच कराने हेतु विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने कुलपति से मांग की। प्रदेश सहमंत्री निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि नामधारी महाविद्यालय में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। नैक के मामले को लेकर भी कुलपति महोदय को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन उस विषय पर भी कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। लेकिन इस बार मामला बहुत ही गंभीर हैं और विषय को गंभीरता से लेते हुए यदि इस पर कार्रवाई नहीं की जाएगी तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन करने हेतु बाध्य होगा।

विभाग संयोजक मंजुल शुक्ला ने कहा कि नामधारी महाविद्यालय आर्थिक भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है। प्राचार्य के संरक्षण में आर्थिक लूट फल फूल रहा है। यह महाविद्यालय के शैक्षणिक माहौल को दिन प्रतिदिन दूषित करता जा रहा है। ऐसी परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो विद्यार्थी परिषद यह मांग करता है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे ने कहा कि कुलपति मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई करें जिससे कि महाविद्यालय और विश्वविद्यालय में भ्रष्ट पदाधिकारियों को यह संदेश पहुंचे कि भ्रष्टाचार करने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक रोहित देव गढ़वा जिला सह संयोजक कुमार शुभेंद्र, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम तिवारी,शेखर गुप्ता, गोविन्द मेहता शामिल रहे।

## जेईई मेंस में नीरजा सहाय डीएवी का शानदार प्रदर्शन




**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा विभिन्न आईआईटीएस में नामांकन के लिए आयोजित जेईई परीक्षा में विद्यालय की श्रेया मिश्रा ने 97 पर्सेंटाइल के साथ अपना नाम दर्ज करवाया। विद्यालय के अन्य सफल विद्यार्थियों में वैभव अर्जित, आर्यन, मोहित कुमार, अनीश और विकी रहे। प्राचार्या किरण यादव ने विद्यार्थियों के इस आशातीत परिणाम पर हर्ष व्यक्त किया तथा इनके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

## लोहरदगा मे कॉमर्शियल उपभोक्ताओं पर बढ़ेगा बिजली भार: विद्युत कार्यपालक अभियंता

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कामर्शियल बिजली उपभोक्ताओं को मिल रही बिजली के लोड में एक किलो वाट का इजाफा करने का निर्णय विद्युत अधिकारियों ने लिया है। बिजली सब स्टेशन परिसर लोहरदगा में बिजली आपूर्ति अवर प्रमंडल के उर्जा मित्रों के साथ कार्यपालक अभियंता दीपक खलखो समेत अन्य विभागीय अधिकारियों ने बैठक कर इसके सफल संचालन की रणनीति बनाया। स्थानीय सभी ऊर्जा मित्र को शतप्रतिशत बिल उपभोक्ताओं को ससमय देने का निर्देश दिया गया। इस संदर्भ में कार्यपालक अभियंता ने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के कमर्शियल उपभोक्ता जिनका विद्युत भार पाच किलोवाट है उन्हें नये नियम के अनुसार तीन फेज के लिए अपने विद्युत भार को बढ़ाकर कम से कम छह किलो वाट करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। नोटिस ऊर्जा मित्रों के माध्यम से भेजा जाएगा। अगर विद्युत भार में उपभोक्ताओं द्वारा खुद से बढ़ोतरी नहीं की गयी तो विभागीय जांच दल द्वारा जांच करा कर लोड बढ़ाने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। इसके बाद नियमानुसार शुल्क लगाया जायेगा। बैठक में सहायक विद्युत अभियंता सुजीत कुमार, बिलिंग सुपरवाइजर दीपक महतो और ऊर्जा मित्र मौजूद थे।

## बेतला में कुत्ते का आतंक, 22 लोगों को बनाया अपना शिकार

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के बेतला और कुटमु में पागल कुत्ते का आंतक से हड़कंप मच गया। शुक्रवार की शाम और शनिवार को बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में 22 से 23 लोग इलाज कराने पहुंचे, जो कुत्ते का शिकार हो गये हैं। जंहा चिकित्सा प्रभारी आशीष रंजन और राजेश चन्द्र उर्फ बबलू की देखरेख में इलाज किया गया। लोगों ने बताया कि राह चलते कुत्ता लोगों को नोंच रहा है। अब तक 20 से 25 लोगों को काट चुका है। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। शनिवार को पागल कुत्ते का आतंक की वजह से सरईडीह, पोखरी, बेतला के कई मुहल्ले से लोग अस्पताल पहुंचे। पागल कुत्ते के हमले का महिला, बच्चे बुढ़े और नौजवान भी शिकार हुये हैं। कुत्ते के काटने पर घायल लोगों ने बताया कि सड़क पर कुत्ते का आतंक है। राह चलते लोगों को अपना शिकार बना रहा है। लोगों को देखने के बाद वह काटने के लिए दौड़ जाता है। शुक्रवार को भी कुत्तों ने कई लोगों को काट लिया, जिससे अफरा-तफरी मची है।

## रामनवमी में बिजली से झुलसे युवक की मौत

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। रामनवमी पर्व पर सेन्हा स्कूल मैदान में मेला आयोजन को लेकर विधुत सज्जा के दौरान 11 हजार बिजली तार के संपर्क में आने से जख्मी मनोज कुमार लम्बे समय तक इलाज के उपरांत जिंदगी का जंग हार गया। मनोज का मौत से गांव मे शोक का लहर। बता दें कि उसे निजी अस्पताल देवकमल रांची में भर्ती कराया गया था। जहां लम्बे समय तक इलाजरत के पश्चात स्थिति में सुधार होने पर 15 दिन पहले चिकित्सकों का परामर्श से मनोज महतो को घर लाया गया था। परंतु मनोज कुमार लम्बे समय तक जिंदगी और मौत का जंग लड़ते लड़ते घर आने के बाद जिंदगी का जंग हार गया। मनोज कुमार के मौत पर हिन्दू संगठन और स्थानीय ग्रामीणों ने शोक प्रकट किया है। वहीं मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटी-छोटी बच्ची और माता पिता को छोड़ गया।

## सड़क दुर्घटना में एक बच्चे की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल



भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भंडरा से सिसई जाने वाली सड़क पर लोहरदगा राइस मिल के पास मालवाहक गाड़ी से दबकर एक 11 साल के बच्चे की मौत हो गया जबकि दूसरा बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। गंभीर रूप से घायल को चिकित्सा हेतु रिम्स भेजा गया। दोनों भाई अपनी मौसी की शादी में सामिल होने मोटरसाइकिल से भरनो थाना क्षेत्र के पहरकेसा गांव जा रहे थे। इसी बीच भंडरा से आगे जाने के बाद लोहरदगा राइस मिल मोड के पास मोटरसाइकल सहित ट्रक के नीचे आ गए। मौके पर ही दुर्घटना स्थल में ही बच्चे की मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान सोएब सेख पिता जियाउल सेख रंकुली गांव थाना सेरेंगदाग निवासी के रूप में किया गया है जबकि मृतक के भाई शाहिद शेख गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मृतक के परिजनों ने रोड जाम करते हुए मुआवजे की मांग को लेकर शव नहीं उठाने दिए। घटना को लेकर आसपास के सैकड़ो ग्रामीणों जुटे और हंगामा किया। सूचना पर पहुचे बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी गौतम कुमार के समझाने के बाद सभी माने।मौके पर ही तत्काल राइस मील मालिक ने एक लाख रुपये का मुआवजा दिया। वही थाना प्रभारी ने ट्रक नम्बर जेएच 19 सी 5607 को जप्त कर लिया है।बताया गया कि हादसे की वजह राइस मील जाने वाली सड़क पर मोड़ के समीप ठोकर एवं बोर्ड नही लगाया जाना माना गया है। ग्रामीणों ने इसको लेकर घटना होने का संदेह जताया है।

## 'आजाद सिपाही' अखबार का हुआ असर

# भुक्तभोगी को लौटाये गये पैसे

**ग्रामीण बैंक कर्मी पर 51000 रूपये अवैध निकासी होने का लगाया था आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



लातेहार। मनिका प्रखंड निवासी कलावती कुंवर जो ग्रामीण बैंक के खाताधारक है। जिन्होंने खाता से 51 हजार अवैध निकासी होने का आरोप बैंक कर्मियों पर लगाया गया था उन्होंने अपने बयान पर बताया था पीएम आवास बनाने के लिए झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के खाता संख्या 14229024043 मे सरकार द्वारा राशि दिया गया था। 27फरवरी 2023 को उसके खाते से 51 हजार रुपये की निकासी कर ली गयी। आवास पुर्ण करने के लिए जब वह बैंक से पैसा निकालने गयी तो उसके खाते से पैसे गायब थे। इस संबंध मे जब भुक्तभोगी बैंक मैनेजर से शिकायत करने गयी तो बैंक मैनेजर द्वारा कहा गया की उक्त मामले को कही मत बताना तुम्हारा पैसा खाता मे वापस हो जायेगा दो माह से उपर बीत जाने के बाद भी उक्त महिला के खाता मे पैसा वापस नही आया। भुक्तभोगी महिला ने बताया की बीडीओ साहब पीएम आवास को पुरा नही करने पर केस कर देने की बात कहते है। दुसरी ओर बैंक से पीएम आवास का पैसा अवैध तरीके से निकाल लिया गया। मामले की जानकारी सर्वाजनिक करने पर बैंक मैनेजर पैसा वापस नही करने की धमकी देता है। ऐसे मे उसे कुछ समझ नही आ रहा है की क्या करें। थक हार कर भुक्तभोगी ने मनिका थाना मे आवेदन भी दिया है।

'आजाद सिपाही' अखबार के द्वारा इस खबर को प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया गया खबर प्रकाशित होने के बाद ही खबर का असर दिखाई दिया और खाते में गये पैसे के दूसरे पक्ष के द्वारा आजाद सिपाही के रिपोर्टर संपर्क किया और कहां की मेरे अकाउंट में 50000 रूपये आया हुआ था। उस वक्त हम बाहर में मजदूरी और तिहाड़ी का काम करने के लिए बाहर चले गए जीस कारण पैसा को नहीं लौटा पाया जब हमको किसी के माध्यम से पता चला कि आजाद सिपाही अखबार में खबर प्रकाशित किया गया है तो तुरंत हमने संपर्क किया। वहीं आजाद सिपाही रिपोर्टर के द्वारा भुक्तभोगी परिवार से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया। बात होने के बाद कलावती कुंवर के घर जाकर उनके पुत्र रामू राम उनकी मां कलावती कुमार को कागजी प्रक्रिया करते हुए समाज सेवी राजू लोहारा डिंपल राजा के द्वारा 48000 रूपये दे दिया गया जिसके बाद भुक्तभोगी परिवार ने आजाद सिपाही रिपोर्टर डिंपल राजा और राहुल पांडे को साधुवाद किया।

## जिला स्थापना दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम: एसडीओ



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में जिला स्थापना दिवस 17 मई 2023 को मनाने को लेकर बैठक की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला स्थापना दिवस के अवसर पर क्रिकेट मैच, एथेलीट, फुटबॉल मैच आदि का आयोजन सुबह कराये जायेंगें। जिला स्थापना दिवस पर महिला सशक्तिकरण महोसव के रूप में समाहरणालय मैदान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या 5 बजे से 8 बजे तक की जायेगी। सभी आयोजनों के पुरस्कार/प्रशस्ति वितरण समाहरणालय मैदान में आयोजित कार्यक्रम 3 बजे से करने का निर्णय लिया गया। विभिन्न महिला समूह अपने हुनर का प्रदर्शन भी आवंटित स्टॉल/कियोस्क में करेंगी। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर पर्षद देवेंद्र कुमार, खेल पदाधिकारी, डॉ गणेश प्रसाद, मनोरमा एक्का, जे एस एल पी एस , खेलों के नियुक्त कोच, सहित महिला समूह के सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यायिक पदाधिकारियों और पीएलवी की हुई बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। झालसा रांची के कार्यकारी अध्यक्ष ने दिनांक 04.05.2023 को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, सभी जिले के उपायुक्त-सह-डालसा उपाध्यक्ष और डालसा सचिवों की बैठक बुलायी थी। जिसमें माननीय झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष ने कई दिशा निर्देश दिए थे उन्हीं दिशा निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु आज दिनांक 06/05/2023 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों की बैठक अपने कार्यालय चैंबर में की। बैठक में सभी न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही पीएलवी की भी पृथक बैठक सिविल कोर्ट स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में बुलायी गयी। जिसमें प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश ने सभी पीएलवी को यह निर्देश दिया कि आम जनता को पहुंचाये जा रहे लाभ की सूचना हर माह डालसा कार्यालय में देना सुनिश्चित करें। साथ ही 13/05/2023 को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत एवं 27/05/2023 को लगने वाले मेगा विधिक सशक्तिकरण कैंप का प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ ले सके। वहीं बैठक में विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, स्पॉन्सरशिप, स्कूल नामांकन, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, डायन बिसाही सहित अन्य विषयों पर कार्य कर रहे पीएलवी के समस्याओं पर भी चर्चा की गयी। वहीं डालसा अध्यक्ष के द्वारा सभी पीएलवी को वर्ष 2023-24 के लिए परिचय पत्र वितरित किया । सभी बैठक डालसा सचिव राजेश कुमार के देख-रेख में की गयी।

## तिसिया में मंडा पूजा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाखर के तिसिया गांव में शिव मंडा पूजा समिति की ओर से फुलकुदी और भव्य नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता और पाखर पंचायत की मुखिया फुलमनी देवी, पंचायत समिति सदस्य वीरेंद्र उराव, उपमुखिया रामजीत लोहरा सहित अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उदघाटन फीता काटकर किया गया। इधर तमाम अतिथियों का आयोजन समिति की ओर अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता ने दूर दराज से पहुंचे सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि शिव मंडा पूजा एवं फुलकुदी शिव भक्तों के आस्था से जुड़ा हुआ है। यहां से सभी शिव भक्तों की मनोकामना पूरी होती है वहीं मुखिया फुलमनी उरांव ने कहा कि नागपुरी कार्यक्रम से झारखंड की संस्कृति और सभ्यता के अलावा आपसी भाईचारे एवं संस्कृति की पहचान दिलाती है। जिसके बाद दशरथ साहू म्यूजिकल ग्रुप रांची के द्वारा एक से बढ़कर एक नागपुरी, भक्ति एवं भोजपुरी गानों से लोगो को मंत्रमुग्ध किया गया।

## विद्यालय में नामांकन के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक में 05 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय तथा 02 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में छात्राओं का नामांकन कक्षा 6 में लिया जाना है। नामांकन में अनाथ, असहाय बालिकाओं, अत्यंत गरीब माता पिता की बालिकाओं, जिनके माता -पिता ईंट भट्ठों में काम करने जाते हों, उनके बच्चो को प्राथमिकता देकर सूची बनायी जाती है। वैसी बालिकाओ का नामांकन हेतु सूची का अनुमोदन किया गया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डेन सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुखिया बंदे उरांव की हार्ट अटैक से मौत पहले भी थे टाटी पंचायत के मुखिया



कुडू-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। दिल का दौरा पड़ने से कुडू प्रखंड के टाटी पंचायत के मुखिया बंदे उरांव की मौत हो गयी। सीधे सादे और मिलनसार स्वभाव के बंदे उरांव की मौत से एक ओर जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, तो वहीं पंचायत सहित प्रखंड में शोक का माहौल है। ज्ञात हो कि बन्दे उरांव टाटी पंचायत के दूसरी बार मुखिया बने थे जबकि एक बार उनकी पत्नी मुखिया बनी थी। बताया जा रहा है कि वे कुछ दिन से बीमार चल रहे थे। शनिवार 6 मई को सुबह बच्चों को स्कूल पहुंचाया और लाया, दोपहर घर पर ही थे जहां दिल का दौरा पड़ने पर परिजनो ने उन्हें कुडू अस्पताल लाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जैसे ही यह सूचना क्षेत्र में पहुंची, बीडीओ मनोरंजन कुमार, सीओ प्रवीण कुमार सिंह सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाजिक कार्यकताओं ने पहुंचकर दुख व्यक्त किया।

## बरवाडीह मुखिया ने किया नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के आदर्शनगर के समीप नाली निर्माण कार्य का शनिवार को पंचायत के मुखिया कालो देवी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया गया। जानकारी के अनुसार बरवाडीह पंचायत के शांति निकेतन आवासीय विद्यालय से मुनेजा बेगम के घर तक 15वें वित्त योजना मद से प्राक्कलित राशि 143400/- नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास पंचायत के मुखिया के द्वारा किया गया। इस दौरान कई ग्रामीण महिला पुरुष रहिवासी मौजूद थे। मौके पर मुखिया कालो देवी ने कहा कि यहां नाली नहीं रहने से सड़क पर पानी का जमाव हो जाता था। जिसके कारण राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में यह समस्या और भी विकराल हो जाता था। उन्होंने बताया कि यहां इसके अलावा क्षेत्र में पेयजल की समस्या दूर करने के लिए जलमीनार और चापाकल का मरमती कराया जा रहा है।मौके पर अशोक कुमार, सिंपी सरदार, सुनील सिंह, अनिल चंद्रवंशी, सुबोध कुमार समेत और भी लोग मौजूद रहे।

## दुग्ध और दुग्ध उत्पादक इकाई से संबंधित परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर हुई बैठक

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में नीति आयोग भारत सरकार से प्राप्त अवार्ड मनी के अंतर्गत लोहरदगा जिले में स्थापित किये जाने वाले दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादक इकाई से संबंधित परियोजना के क्रियान्वयन से सम्बंधित बैठक हुआ। बैठक में जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 12-15 लीटर दूध देने वाली गाय का क्रय दर चार हजार रु प्रति होती है। सौ गायों की उत्पादन क्षमता एक हजार लीटर प्रतिदिन होगी। उपायुक्त ने कहा, दस लीटर से कम दूध देने वाली गाय की क्रय न की जाय। गायों की ब्रीड पहचानकर निर्धारित करें। इसके लिए बाजार की व्यवस्था, गायों के क्रय हेतु तकनीकी समिति की अनिवार्यता स्पष्ट की जाय। साथ लाभुक समिति भी उत्तरदायी बने। पहले दो उत्पाद की मशीन स्थापित करने की प्रक्रिया की जाय। बैठक में, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# बेरमो की खबरें

## किताबी ज्ञान के अलावा व्यावहारिक ज्ञान की भी आवश्यकता: विनीता

आजाद सिपाही संवाददाता






गोमिया। पिट्स मॉडर्न स्कूल गोमिया में समर कैंप का शुभारंभ योगासन के साथ किया गया। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें पहचानने का प्रयास किया जाना है, जिससे बच्चों के अंदर शिक्षा के साथ उनका सर्वांगीण विकास हो सके। गर्मी की छुट्टियों में समर कैंप बच्चों की स्किल डेवलप करने के लिए काफी फायदेमंद है। इस कैंप में कई तरह के एक्टिविटीज का आयोजन हो रहा है। जैसे - योगा, आर्ट और आर्ट्स, गीत और संगीत आदि जिससे बच्चों का हिडन टैलेंट सामने आता है। समर कैंप में दोस्तों संग मौज - मस्ती करने का मौका मिलता है। खेल-खेल में बच्चों को कहानियां और कविताएं याद हो जाती है। समर कैंप में इंडोर गेम और आउटडोर गेम बच्चों के अंदर कॉन्फिडेंस पैदा करता है। इस कैंप में कक्षा द्वितीय से कक्षा छः के लगभग 219 विद्यार्थियों ने भाग लिया है, 12 मई तक चलने वाले समर कैंप में बच्चों को विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी सिखाई जा रही है। विद्यालय में समर कैंप का आयोजन पर विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अरिंदम दासगुप्ता एवं आई. ई. पी .एल .के महाप्रबंधक अभिषेक विश्वास ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि लॉक डाउन के बाद इस तरह के आयोजनों से बच्चों का संपूर्ण विकास होगा एवं समय का सदुपयोग भी होगा। प्राचार्य मनोज कुमार उपाध्याय ने कहा कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों मे सीखने की प्रवृत्ति जागृत होगी। साथ ही, बौद्धिक विकास के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान का समावेश होगा। उप-प्राचार्या डा0विनीता पटनायक पाढ़ी ने अपना विचार साझा करती हुई कही कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास भी जरूरी है। आज के बदलते परिवेश में उन्हें बेहतर किताबी ज्ञान के अलावा व्यवहारिक ज्ञान की भी आवश्यकता है। इस मौके पर स्कूल के कई शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## छाई लदा हाइवा ने मारुति सियाज कार में मारी टक्कर

आजाद सिपाही संवाददाता




जरीडीह बाजार (बेरमो)। गांधीनगर थाना क्षेत्र के कुरपनिया मोड़ में बोकारो थर्मल की तरफ से गोविंदपुर ए पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सह झामुमो के युवा प्रखंड अध्यक्ष अख्तर अंसारी अपनी मारुति सियाज कार लेकर बेरमो प्रखंड की तरफ जा रहे थे जिसमें गोविंदपुर ए के मुखिया प्रतिनिधि महबूब अंसारी भी बैठे थे। कुरपनिया मोड़ के पास सामने हाईवा खड़ी थी भीड़ भाड़ के कारण कार को खड़ा किया गया था। पीछे से छाई लदी हाईवा जिसका नंबर जेएच 10 एएक्स 3270 ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में जानी नुकसान तो नहीं हुआ पर मारुति सियाज कार के पीछे का हिस्सा का काफी नुकसान हो गया। मौके पर गांधीनगर थाना के पुलिस प्रशासन पहुंचकर हाईवा को थाना ले गयी। हाईवा खेतको के किसी रामचंद्र का बताया जा रहा है।

## बेरमो क्षेत्र में बढ़ती गर्मी से लोग परेशान, बाजारों में पसरा सन्नाटा

आजाद सिपाही संवाददाता

आईईएल। अचानक बढ़ती गर्मी को देखते हुए लोग काफी परेशान हैं । कई लोग दोपहर में निकलने से भी परहेज कर रहे हैं। कुछ जरूरी आवश्यकतानुसार जरूरी सामान लेने हेतू तभी घर से बाहर निकल रहे हैं। वहीं कई लोग तो अपनी सभी जरूरत की सामान सुबह में ही ले लेते हैं। ताकि इस भीष्म ग्रीष्म का सामना ना करना पड़े। वहीं दोपहर के समय मे गोमिया मुख्य बाजार, बैंक मोड़, आईईएल मार्केट, स्वांग वन बी मार्केट में भी काफी कम संख्या में लोग दिखाई दे रहे हैं। वहीं इस संबंध में लोगों ने कहा कि इस भीष्म गर्मी को देखते हुए मुख्य चौक चौराहे पर ठंडे पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। ताकि दूर दराज से आने जाने वाले लोगों को इस गर्मी में पानी की कठिन समस्याओं से जूझना ना पड़े। वहीं कई ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की विकराल समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। इस दौरान गोमिया रेलवे स्टेशन परिसर में भी कई यात्रियों ने कहा कि गोमिया रेलवे स्टेशन परिसर में भी ठंडे पानी की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि यात्रियों को इस भीष्म ग्रीष्मकाल तक यात्रियों को पानी की समस्या से निजात मिल सके।

वहीं आजसू नेता महेंद्र पासवान ने कहा कि बढ़ते गर्मी को देखते हुए गोमिया रेलवे स्टेशन परिसर में शीत जल की व्यवस्था को लेकर गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो से आग्रह करेंगे। ताकि गोमिया रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों को पानी समस्या से राहत मिलेगी।

## अपेक्षा है बुद्ध के उपदेशों को जीवन में ढालने की: फूलचंद

आजाद सिपाही संवाददाता

करगली(बेरमो)। फुसरो नप क्षेत्र अंतर्गत ढोरी बस्ती रेहवाघाट में बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष फुलचंद रविदास के आवासीय कार्यालय में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की जयंती मनायी गयी। यहां सर्वप्रथम भगवान बुद्ध और बाबा साहेब डॉ भीम राव आंबेडकर के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर नमन किया। वक्ताओ ने जन्म जयंती के अवसर पर महात्मा बुद्ध के विचारों को जन जन तक पहुंचाने के लिए अपने- अपने विचार रखे। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री रविदास ने कहा कि महात्मा बुद्ध का कहना था कि मानव को मानव से प्रेम करना चाहिए। अब अपेक्षा है भगवान बुद्ध के उपदेशो को अपने-अपने जीवन में ढालने की। गौतम बुद्ध एक प्रकाशस्तंभ है, उनका लोकहितकारी चिन्तन और कर्म कालजयी है और युग-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता है। लेखवर्धन बौध, भीम आर्मी के बोकारो जिलाध्यक्ष गोर्वधन रविदास उर्फ छोटु ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा न केवल बौध धर्म के अनुयायियों के लिए बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति के लिये एक महत्वपूर्ण दिन है। बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बुद्ध पूर्णिमा बड़ा त्योहार का दिन होता है। कहा कि उन्होंने अपने जीवन में हमेशा लोगों को अहिंसा और करुणा का भाव सिखाया। उन्होंने न केवल अनेक प्रभावी व्यक्तियों बल्कि आम जन के हृदय को छुआ और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाये। इस दिन को ध्यान, करुणा, सभी प्राणियों के प्रति शांति और सद्भाव के लिए समर्पित किया जाता है, जैसा कि गौतम बुद्ध ने अपनी शिक्षा में भी कहा है। इसके पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर भरत रविदास, भीम आर्मी के फुसरो नगर अध्यक्ष नकुल रविदास, बिट्टू कुमार घाँसी, धमनाथ बौध, मानवेल जॉर्ज, मनसुक कालिंदी, अनिल कुमार पॉल, अजय रविदास, विशेश्वर रविदास, मंजू देवी, माधुरी देवी, पूष्पा कुमारी, लक्ष्मी देवी, चमेली देवी आदि लोग मौजुद थे।

# उपायुक्त ने डीएमएफटी की बैठक में दिये कई निर्देश

**दिव्यांग विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन एवं क्रिएटिविटी को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक वस्तुओं को उपलब्ध कराने की बात कही**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शनिवार को जिले के वरीय अधिकारी एवं जन प्रतिनिधियों के साथ डीएमएफटी ( जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) की बैठक की। उक्त उक्त बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्णय लिया गया।

उन्होंने डीएमएफटी क्षेत्र अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, पेय जल, सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधा के उपलब्धता पर विशेष रूप से समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने सभी महत्वपूर्ण चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं ऑटोमैटिक गाड़ी संख्या डिटेक्ट करने वाले कैमरे का अधिष्ठापन करने हेतु प्रस्ताव की मांग की। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि महत्वपूर्ण स्थानों पर ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी नजर रखी जा सके उसके लिए भी प्रस्ताव देने की बात कही।

उपायुक्त ने अकांक्षी प्रखंड डुमरी में भी डीएमएफटी के फंड के माध्यम से आगे का प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने 15 जून से पूर्व डीएमएफटी क्षेत्र अंतर्गत सभी पुस्तकलायों का उद्घाटन करने का निर्देश दिया। जिला परिषद किरण बाला द्वारा सिसई थाना क्षेत्र परिसर में ओपन जिम, खेल मैदान के बाउंड्री करने, थाना परिसर अंतर्गत शेड निर्माण करने आदि जैसे कई प्रस्ताव दिए गए जिसपर उपायुक्त ने गंभीरता दिखाते हुए उन्होंने कहा कि जल्द ही उपायुक्त द्वारा स्वयं उन क्षेत्रों में जाकर निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्माण कार्य हेतु योजना बनाई जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने दिव्यांग (मूक बधीर) विद्यालय में बच्चों की शिक्षा के गुणवत्ता के साथ साथ उनके मनोरंजन एवं क्रिएटिविटी को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक वस्तुओं को उपलब्ध कराने की बात कही। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक गुमला, उप विकास आयुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, डीसीएलआर, संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, एसीएमओ सहित जन प्रतिनिधियों के अलावा अन्य उपस्थित थे।

## सिसई विधानसभा क्षेत्र में कच्ची सड़कों का किया जायेगा पक्कीकरण : रोशन बरवा

**बसिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह गुमला जिला बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के सदस्य रोशन बरवा ने गुमला जिला के उपायुक्त सुशांत गौरव से मिलकर सिसई विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण कच्ची सड़कों को पक्का करने के लिए ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सिसई विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा सड़कों को कालीकरण करने की मांग बहुत दिन से की जा रही थी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी कई बार आग्रह किया गया था, लेकिन अब तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गयी। रोशन बरवा द्वारा कामडारा प्रखंड में टिंबर मोड़ से बिकमा होते हुए मुर्गा तक 5 किमी, पकरा कालीकरण पथ से सुरवा तक 3 किमी, कामता से बाम्हन डीह तक 5 किमी, बाकुटोली से सुरहु तक 2.5 किमी, बसिया प्रखंड अंतर्गत कुडलगा से सकेया बरटोली तक 5 किमी, कालीकरण पथ पतुरा से सकेया डैम तक 4 किमी, तुकई से तनालोया कोयल नदी तक 5 किमी, बसिया मुख्य पथ से विद्या मंदिर होते हुए बंबियारी तक 3 किमी, बसिया किष्टो प्रसाद के घर से नवतोली, तनोतोली होते हुए कोयल नदी तक 3 किमी पथ, सिसई प्रखंड के बाघनी स्कूल से पबेया तक 4 किमी पथ निर्माण। बेदाल से सुरसा बाजार टांड़ होते हुए अरको तक 5 किमी पथ निर्माण, सिसई कंपाउंडर गली से लकेया होते हुए 3 किमी पथ निर्माण, भरनो एनएच से कुसुमबहा तक 3 किमी पथ निर्माण, सती टोली पुराना तालाब से एनएच तक 3 किमी पथ निर्माण, पालकोट प्रखंड दमकरा से पानीसानी 4 किमी पथ निर्माण, मरदा मोड़ से झगरू ताड़ तेंगरिया तक 8 किमी पथ निर्माण, सोलगा से पोढ़ाटोली होते हुए चटकपुर तक 5 किमी पथ निर्माण की मांग उपायुक्त से की है।

## ताईक्वांडो मार्शल आर्ट संघ ने मंगल सिंह भोगता को किया सम्मानित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला ताईक्वांडो मार्शल आर्ट संघ के अध्यक्ष अखिल कुमार और प्रशिक्षक बालमुनी कुमारी ने शनिवार को सिंह जी ढाबा के संचालक मंगल सिंह भोगता को सामाजिक सेवा के लिए सम्मानित किया है। संघ के अध्यक्ष अखिल कुमार ने बताया कि जिला ताईक्वांडो मार्शल आर्ट का एक दिवसीय ग्रेडिंग एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम पिछले रविवार को महेश्वरी टावर में आयोजित की गई थी जिसमें विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए लोगों को सम्मानित किया गया था। मंगल सिंह भोगता उस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए थे। शनिवार को उनके प्रतिष्ठान में अध्यक्ष अखिल कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षक बालमुनी ने संयुक्त रूप से मंगल सिंह भोगता को सम्मानित किया।

**बैठक : उपायुक्त ने जिले के पदाधिकारियों के साथ की तैयारियों की समीक्षा**

# धूमधाम से मनाया जायेगा गुमला जिले का 40वां स्थापना दिवस

**विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों के अलावा होंगे कई उद्घाटन, सम्मान समारोह भी है प्रस्तावित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** आगामी 18 मई को गुमला जिले के स्थापना की 40वीं सालगिरह है। इस मौके को ऐतिहासिक बनाने के लिए उपायुक्त सुशांत गौरव ने सभी अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। कहा कि उक्त कार्यक्रम पूरे धूमधाम से मनाया जाना चाहिए। आयोजन की सफलता को लेकर शनिवार को अपराह्न में उपायुक्त ने अपने सभाकक्ष में जिले के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ तैयारी बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले के प्रमुख चौक-चौराहों की साफ-सफाई व साज सज्जा करवाएं। स्कूली बच्चों के बीच 40वें स्थापना दिवस को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाएं, साथ ही इन 40 वर्षों के दौरान गुमला जिले के लिये जो व्यक्ति, समूह, परियोजनाएं या घटनाएं प्रमुख रूप से मील के पत्थर साबित हुये हों उनसे संबंधित तथ्य संकलन करते हुए एक स्मारिका तैयार करवाएं।

स्थापना दिवस के मौके पर मिलेट कैफे, महिला लाइब्रेरी आदि जैसी कई नवाचारी योजनाओं के उद्घाटन की भी तैयारी चल रही है। गुमला जिले के एसे लोगों जिनके द्वारा समाज में निस्वार्थ भाव से सेवा की जा रही है, को चिन्हित कर सम्मानित करने की भी योजना है। जिले के विभिन्न विभागों के ऐसे कर्मचारियों जिन्होंने बिना किसी दिखावा धरातल पर बेहतर कार्य किया हो उन्हें भी सम्मानित करने की योजना है। इस आयोजन को जन सहभागी प्रकृति का बनाने के लिए भी कई कार्यक्रम किए जाने हैं।

तैयारी बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर अभी से तैयारी में जुट जाने के लिए निर्देश दिया है। इस दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला भूमि सुधार उप समाहर्ता, नजारत उप समाहर्ता, विशेष पदाधिकारी, बीडीओ,सीओ आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त ने फाउंडेशन लर्निंग के तहत चलाये जा रहे अभियान की रिपोर्ट मांगी

**शिक्षा विभाग की समीक्षा में मिड डे मील, फाउंडेशन लर्निंग, स्मार्ट क्लास रूम तथा शिक्षा व्यवस्था में सुधार आदि संबंधित विषयों पर हुई चर्चा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** शनिवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत हुए कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने जिले में फाउंडेशन लर्निंग के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत गुमला, डुमरी एवं कामडारा के आउटकम आधारित रिपोर्ट की मांग की। उक्त अभियान के तहत गुमला में 70 प्रतिशत बच्चों की शैक्षणिक स्थिति में सुधार को देखते हुए कामडारा एवं डुमरी में भी उक्त अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने सभी बीआरसी सीआरसी को विद्यालयों में उक्त संबंधित रिपोर्ट तैयार करते हुए 31 मई को प्रेजेंटेशन के माध्यम से रिपोर्ट दिखाने का निर्देश दिया। वहीं सभी विद्यालयों में वजन एवं हाइट मापक की उपलब्धता को भी अनिवार्य बताया एवं इसके भी डिटेल रिपोर्ट बच्चों के नाम एवं उनके हाइट वेट के अनुसार तैयार करने का निर्देश दिया ताकि बच्चों के ग्रोथ पर नजर रखा जा सके।

जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार जिले के लगभग कक्षा 8वी से 12 वी तक के 86 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास रूम की व्यवस्था हैं वहीं लगभग 56 विद्यालयों में आईसीटीसी लैब की सुविधा है। इसके अलावा सभी विद्यालयों में लाइब्रेरी भी निर्मित है। इसके अलावा उपायुक्त ने प्राथमिक स्तर पर सभी कस्तूरबागांधी विद्यालयों में वोकेशनल क्लास रूम बनाने का भी निर्देश दिया।

उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन जिन विद्यालयों में यह सभी सुविधाएं दी गई है उस विद्यालय के प्रिंसिपल यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी लैब का बच्चो द्वारा भरपूर उपयोग हो। प्रिंसिपल द्वारा रोस्टर बनाते हुए कक्षा वाइस बच्चों का समय निर्धारित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मध्याह्न भोजन में सप्ताह में 2 दिन अंडे को शामिल करने का कड़ा निर्देश दिया जिसकी जांच विद्यालय के प्रधानाध्यापक करना सुनिश्चित करेंगे।

इस दौरान उपायुक्त ने सभी सरकारी विद्यालयों में किचन गार्डेनिंग को बढ़ावा देने पर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में नियमित हेल्थ चेकअप कैंप के आयोजन करने , राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य योजना के सफल संचालन एवं मॉनिटरिंग करने , बच्चों के भोजन में मूंगे एवं कड़ी पत्ता के नियमित इस्तेमाल करने आदि जैसे महत्वपूर्ण विषय चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी , जिला शिक्षा अधीक्षक , सभी बीईओ सहित शिक्षा विभाग के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## राजकीय मवि में न ही शौचालय दुरूस्त और न ही पेयजल की है व्यवस्था : मिशन बदलाव

**अभिभावकों के आग्रह पर मिशन बदलाव महिला समिति ने विद्यालय में बैठक कर ली समस्याओं की जानकारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** मिशन बदलाव महिला जिला सचिव सैयदा खातुन और नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा के नेतृत्व में राजकीय मध्य विद्यालय गुमला के प्रांगण में अभिभावकों के आग्रह पर बैठक की गयी।

बैठक में अभिभावकों ने मिशन बदलाव टीम को बताया कि राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बना हुआ बिल्डिंग जर्जर अवस्था में है। विद्यालयों में शौचालय का निर्माण अत्यंत आवश्यक है।

मिशन बदलाव के ज्योति वर्मा ने बताया कि शहरी इलाके में स्थित स्कूल की स्थिति बहुत खराब है एवं स्कूल में आने वाले बच्चे शौचालय की सुविधा नहीं रहने से दुबारा वापस भी नहीं आते हैं एवं बहुत सारे बच्चे रोड के किनारे भी पेशाब करते हैं और वे स्कूल आना भी नहीं चाहते। शौचलय के समस्या को लेकर स्कूलों एवं अभिभावकों के द्वारा पत्राचार भी पदाधिकारी एवं उपायुक्त से किया गया, लेकिन कोई सकारात्मक पहल नहीं की गयी। उन्होंने बताया कि सुविधाओं के अभाव में आज स्कूल की बदतर स्थिति है। इस स्कूल में एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक बच्चे पढ़ते हैं।

मिशन बदलाव की नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा सिर्फ नारों तक ही सीमित है। न शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त है और ना ही पीने के पानी की व्यवस्था का जुगाड़ है। शौचालय है पर दरवाजा टूटा हुआ है। शौचालय में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वहीं छात्राएं गंदा टंकी का पानी पीकर बीमार भी हो सकती हैं। एक चापाकल है, उस चापाकल के चारों ओर भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। स्कूल में लगभग 390 बच्चे पढ़ रहे हैं।

**सड़क हादसा : सड़क दुर्घटना में सात लोग गंभीर रूप से घायल, सभी घायलों को सीएचसी ने किया रेफर**

# घाघरा सीएचसी में इमरजेंसी चिकित्सा सुविधा का है घोर अभाव

**सभी घायल रांची धुर्वा के रहने वाले हैं, जो शादी समारोह में डुमरी आये थे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के नवडीहा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी की स्थिति नाजुक बताया जा रही है। ग्रामीणों व पुलिस की मदद से सभी को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद सभी को गुमला रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सभी रांची धुर्वा पतरा टोली के रहने वाले हैं। शादी समारोह में शामिल होने के लिए डुमरी आए थे जहां से ओमनी गाड़ी में सवार होकर सभी वापस ध्रुवा लौट रहे थे। इसी दौरान नवडीहा के समीप चालक बिहारी लकड़ा का आंख लग गया। जिससे सीधे जाकर पेड़ से गाड़ी टकरा गई। पेड़ में टकराने के बाद गाड़ी में सवार सभी लोग बुरी तरह से फंस गए थे, जिसके बाद पुलिस व ग्रामीणो की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला गया। घायलों में रांची धुर्वा ग्राम निवासी शिवानी खेस उम्र 35, सुरुचि कुमारी 60, बिहारी लकड़ा 58, अक्षुण लकड़ा 35, शांता कुमारी 55 व छोटी कुमारी 7 वर्ष का नाम शामिल है। इलाज के बाद सभी को गुमला रेफर कर दिया गया। घटना के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहन को पुलिस थाना ले आई है।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी एंबुलेंस है खराब :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा के सभी एंबुलेंस खराब पड़े है घटना के बाद जब गुमला रेफर किया गया तो परिसर में चार एंबुलेंस खड़े है पर सभी खराब है। कोई भी एंबुलेंस सही नहीं जिसके बाद एंबुलेंस में भेजने को लेकर अफरा तफरी मच गई। इस दौरान अस्पताल के कर्मियों से भी ग्रामीणों की तीखी नोकझोंक हुई। ग्रामीणों का कहना था कि जब इतना इतना एंबुलेंस परिसर में खड़ा है तो किस काम का जब एक भी सही नहीं।

**ऑक्सीजन प्लांट लगे है पर ऑक्सीजन नहीं है :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ऑक्सीजन का प्लांट लगाया गया है पर अस्पताल में ऑक्सीजन नहीं है। कई घायलों को ऑक्सीजन की आवश्यकता थी पर बगैर ऑक्सीजन के ही अस्पताल से गुमला रेफर किया गया। ऑक्सीजन ना होने के कारण कई लोगों की जान जा चुकी है। अस्पताल प्रबंधन को इसकी कोई फिक्र नहीं।

### सभी एंबुलेंस हैं खराब : चिकित्सा प्रभारी

**अस्पताल की लचर व्यवस्था के संबंध में चिकित्सा प्रभारी अरविंद कुशल एक्का से पूछने पर उन्होंने कहा अस्पताल में एंबुलेंस है पर सभी खराब हैं। एक एम्बुलेंस सही है, पर उसके लिए ड्राइवर नहीं है। सभी खराब एंबुलेंस की जानकारी जिला को दे दी गई है। ऑक्सीजन प्लांट के संबंध में भी जानकारी जिला को दी गयी है।**

## छापेमारी में 28 सखुआ का बोटा जब्त

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** वन विभाग व घाघरा थाना ने संयुक्त छापेमारी कर बेशकीमती सखुआ का बोटा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार फॉरेस्टर शेखर सिंह ने बताया कि बीते रात गुप्त सूचना के आधार पर पता चला था कि गम्हरिया पुरानी पानी टंकी के समीप भारी मात्रा में सखुआ का बोटा रखा हुआ है। जिसके बाद घाघरा थाना के सहयोग से उक्त जगह पर छापेमारी की गई जहां से 28 सखुआ का बोटा बरामद किया गया। जिसकी लागत लगभग 10 लाख रुपया होगी। जांच के उपरांत पता चला कि प्रमोद जायसवाल नामक व्यक्ति के जमीन पर सभी बोटा रखा हुआ है जो घाघरा निवासी सचिन जायसवाल के द्वारा लाया गया था। साथ ही फॉरेस्टर ने यह भी बताया कि इसे छत्तीसगढ़ से लाकर इस जगह पर रखा गया था।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## हनुमान वाटिका का आठवां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना के समीप हनुमान वाटिका का आठवां वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आचार्य अमरेंद्र पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना किया गया। पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण तत्पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान संरक्षक दिनेश साहु ने कहा कि ग्रामीणों और हनुमान भक्त जनों की काफी अरसे से मांग थी कि इस आस पास हनुमान जी का मंदिर हो। इसी उद्देश्य से 6 मई 2015 को हनुमान वाटिका के नाम से हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठा निर्वतमान स्पीकर डॉ दिनेश उरांव की उपस्थिति में किया गया था। तब से यहां निरंतर पूजा अर्चना हो रहा है। हर साल वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। और यहां पर मंदिर निर्माण के लिए निवर्तमान थाना प्रभारी अशोक कुमार ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। इस कार्यक्रम मे यजमान दिनेश साहु गीता देवी, डॉ नारायण साहु, सरिता देवी, मुनेश्वर साहु, प्रभा देवी,युगल किशोर उरांव, सत्य प्रकाश साहु पुजा मे शामिल हुए। इस मौके पर गुरु बाबु कुंदन शर्मा,राजेन्द्र साहु, केन्द्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष संदीप गुप्ता, हनुमान वाटिका कमेटी के अध्यक्ष धनीराम यादव, सचिव प्रकाश वर्मा,दीप्ति गौरव,सुरेश साहु,निर्मला देवी,अनिल कुमार,शिबती देवी, शिवशंकर लोहरा, उतम कुमार,उमेश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एसबीआइ सिसई शाखा ने किया किसान संपर्क सह वित्तीय समावेशन कार्यक्रम का आयोजन

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के माघी बालिका उच्च विद्यालय परिसर में शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक सिसई के द्वारा किसान संपर्क सह वित्तीय समावेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों का स्वागत व दीप प्रज्वलित कर की गयी। मौके पर मुख्य अतिथि एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक बिहार-झारखंड शिव ओम दीक्षित ने कहा कि वर्तमान समय में संपूर्ण देश में स्टेट बैंक की शाखाएं हैं, जिनमें कुल 48 करोड़ संतुष्ट खाता धारक लेन-देन कर रहे हैं। इसका अर्थ है हर तीसरा भारतीय नागरिक स्टेट बैंक का ग्राहक है। उन्होंने सिसई को ऐतिहासिक स्थल बताते हुए खुद के सिसई आगमन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए स्टेट बैंक सभी के साथ है। हर प्रकार के व्यवसायों, कृषि व उद्योग धंधों के लिए लोन उपलब्ध करा कर भारतीय स्टेट बैंक विकास में सहयोगी बनना चाहता है। इस दौरान बैंक की ओर से व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा के तीन लाभुकों को क्रमशः चार-चार व दो लाख का सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। साथ ही मुख्य महाप्रबंधक के द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी योजना के तहत माघी बालिका उच्च विद्यालय को वाटर कूलर व 100 छात्राओं को स्कूल बैग, वाटर बोतल और एक-एक छाता प्रदान किया गया। वहीं स्कूल परिसर में अतिथियों के द्वारा पौधरोपण व गुमला जिला के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्टेट बैंक के महाप्रबंधक मृगांक जैन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव, बीडीओ सुनीला खलखो, शाखा प्रबंधक रंजीत झा, पूर्व शिक्षक पितांबर झा, दीपक अधिकारी, रोहित शर्मा, शिक्षक विपीन झा सहित स्टेट बैंक के कर्मी, खाता धारक, स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं, स्कूली छात्राएं व प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जेठ जतरा स्थल पर सफाई अभियान चलाया गया

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चपका पंचायत के मुखिया अंगनी उरांव की अगुवाई में अंधराडीह गांव में शनिवार को लगने वाले जेठ जतरा स्थल पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान पंचायत के जनप्रतिनिधि के अलावे कई समाजसेवी मौजूद रहे। इस दौरान अंगनी उरांव ने कहा अंधराडीह गांव में जेठ जतरा लगता है। जिससे पूर्व जतरा स्थल को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत साफ सफाई किया गया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि अपने आस पड़ोस में साफ सफाई रखें और लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें अपने टोले मोहल्ले गांव घर को गंदगी मुक्त करना है। इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया अंगनी उरांव, जल सहिया किलंती देवी, पूर्व मुखिया झरी उरांव व सोनम उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## बीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण स्वास्थ्य जांच का किया औचक निरीक्षण

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड के सरजामा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में हो रहे टीकाकरण स्वास्थ्य जांच का बीडीओ ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में सीएचओ, सहिया एवं एएनएम से कई जानकारी ली।साथ ही आवश्यक कई दिशा निर्देश दिए। वहीं पोषण से संबंधित मिलने वाले आहार की भी जानकारी ली और कई लोगों से बात भी की। मौके पर वीडियो विष्णु देव कच्छप ने कहा की आंगनबाड़ी में चल रहे स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण का जाच को लेकर निरीक्षण किया गया। जहाँ उपस्थित महिलाओं से बात भी किया। सरकार के द्वारा मिलने वाले लाभ की भी जानकारी ली गई। इस मौके पर कल्याण पदाधिकारी विनोदानंद पाठक सहित एएनएम सहिया सीएचओ, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क पर बने जानलेवा गड्ढा को लेकर 14 मई को एनएच-43 जाम करेंगे ग्रामीण

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** नेशनल हाईवे 43 नवागढ़ पतराटोली बैंक ऑफ इंडिया शाखा रायडीह के बगल में सड़क पर बने जानलेवा गड्ढा को लेकर नवागगढ़ पतराटोली निवासी आगामी 14 मई रविवार को नेशनल हाईवे 43 को जाम करने का निर्णय लिया है।एनएच व जिला प्रशासन के उदासीन रवैया से खफा ग्रामीण सड़क पर उतरने के लिए मजबूर हो रहे है।नेशनल हाईवे 43 नवागढ़ पतराटोली के समीप जानलेवा गड्ढा मे रोजाना सड़क दुर्घटना हो रही है।छतिग्रस्त सड़क के आस पास घनी आबादी वाला क्षेत्र है,और जिस प्रकार से बड़ी छोटी मालवाहक वाहनो की रफतार रहती है लोगो को सड़क पार करना मुशकिल हो गया है।बीच सड़क पर गड्ढा होने से तेज रफतार वाहन गड्ढा बचाने के लिए सड़क के किनारे तेज रफतार से वाहन को पार कर रहे है।स्थानीय ग्रामीण छतिग्रस्त सड़क पर मोरम मिट्टी व कंक्रीट डाल कर सड़क का मरम्मत किए है।पर बड़ी छोटी वाहनो का परिचालन अधिक होने के कारण सड़क मे भरे मिट्टी पाउडर बन कर उड़ जा रहा है।इस सड़क को बनाए एजेन्सी के कार्यकर्ता को भी उक्त सड़क मे हुए गड्ढा को भरने का आग्रह किया गया है,पर कुछ ध्यान नही दिया गया।प्रशासन समय रहते इस समस्या का समाधान करें ना की किसी बड़े सड़क दुर्घटना का इंतजार करे।

### बीडीओ ने बघमनवा पंचायत में लंबित आवास योजना का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

# एक सप्ताह के भीतर अधूरे आवास कार्य को पूरा करें, या राशि लौटाने को तैयार रहें : बीडीओ

**सरकारी स्कूल में पहुंचे बीडीओ ने बच्चों को दिये कई जरूरी सुझाव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने शनिवार को प्रखंड के बघमनवा पंचायत का निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित पड़े प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजनाओं की जांच की। वैसे लाभुक जो प्रथम व द्वितीय किस्त लेकर प्रधानमंत्री आवास को पूरा नहीं किये है उन्हें कड़ी फटकार भी लगायी और जल्द से जल्द आवास का निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर आवास निर्माण को पूरा करें, नहीं तो राशि की रिकवरी के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। इसके आलावा लाभुक पर सर्टिफिकेट केश भी किया जायेगा। इसके बाद बीडीओ बघमनवा राजकीय उत्कर्मिक मध्य विद्यालय में भी गये। जहां बिना ड्रेस में मौजूद छात्र-छात्राओं को देख शिक्षकों पर भड़क गए। शिक्षकों को लताड़ लगाई। उन्होंने बच्चों को भी विद्यालय में ड्रेस में आने को कहा। बीडीओ ने बच्चों को कई जरूरी सुझाव भी दिये। इस मौके पर प्रधानाध्यापक जितेंद्र राम, शिक्षक संतोष केशरी, अरविंद प्रजापति आदि मौजूद थे।



बघमनवा राजकीय उत्क्रमित स्कूल में बिना ड्रेस से मौजूद छात्रों को देख शिक्षकों को फटकार लगाते बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम।

# खनन एक्ट के तहत संचालित करें क्रशर या कार्रवाई के लिए रहें तैयार : उपायुक्त

### पलामू जिले में अवैध संचालित क्रशरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**डीएमओ ने हरिहरगंज प्रखंड अंतर्गत संचालित छह क्रशरों की अनुज्ञप्ति किया रद्द**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को लेकर लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। जिले के तीनों एसडीओ व डीएमओ अपने-अपने क्षेत्र में लगातार छापामारी कर रहे हैं। इसी क्रम में छतरपुर एसडीओ ने हरिहरगंज अंचल के बलरा, खांसीखाप एवं रामपुर ग्राम में विभिन्न क्रशरों की जांच कर डीसी को कार्रवाई के लिए अनुरोध किया था जिस पर अमल करते हुए डीसी ए दोड्डे ने छतरपुर एसडीओ के जांच के आलोक में डीएमओ को कार्रवाई का निर्देश दिया था। इसके बाद डीएमओ आनंद ने हरिहरगंज अंचल में अवैध रूप से संचालित कुल छह क्रशरों का लाइसेंस रद्द कर दिया। पलामू डीसी ने सभी क्रशर संचालकों को खनन एक्ट के तहत ही क्रशर का संचालन करने का निर्देश दिया। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहने की चेतावनी भी दी। कहा कि जिले में कहीं भी अवैध क्रशर का संचालन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।



**क्रशरों का लाइसेंस रद्द**

- राजा स्टोन चिप्स, प्रो चंदन सिंह, बलरा
- वंदे पुरूषोतम स्टोन, चिप्स, संचालक संतोष सिंह
- जय मॉ शक्ति स्टोन चिप्स, संचालक हरेन्द्र सिंह
- जय गुरू स्टोन चिप्स, संचालक दिल रंजन सिंह
- आनंद स्टोन चिप्स, संचालक आनंद कुमार सिंह
- बाबा मुक्तेश्वर स्टोन चिप्स, संचालक प्रभात सिंह

# माता-पिता से बच्चों को मिलता है बेहतर संस्कार : प्राचार्य मनुज शर्मा




सुपर मॉम को सम्मानित करते निदेशक।

**प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन ने किया पुरस्कृत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला के आरपीएस पब्लिक स्कूल में शनिवार को मदर्स डे का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा-2 तक के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी माताओं को नृत्य, गीत एवं भाषण आदि के जरिए सम्मान दिया। मदर्स डे को और अधिक मनोरंजक बनाने के उद्देश्य से उनके लिए रैंप वॉक, हेड टू हेड बलून एक्टिविटी और पेपर डांस जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गये, जिसमें सभी माताओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान नर्सरी कक्षा के हर्ष सिंह की मां खुशबू देवी को 'सुपर मॉम' का सम्मान मिला। उपस्थित माताओं ने विद्यालय के शिक्षकों के कार्यों की सराहना की और सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। वहीं, प्राचार्य मनुज शर्मा ने सभी माताओं को उनकी अटूट श्रद्धा एवं सेवाओं के लिए साधुवाद दिया। साथ ही पृथ्वी पर ईश्वर के रूप में अवतरित माताओं को सर्वोच्च सम्मान एवं प्रेरणा का स्वरूप बताया। कहा कि माता-पिता बच्चों के लिए उनके आदर्श होते हैं। यदि वे सही मार्ग पर चलते हैं तो बच्चा खुद संस्कारी बन जाता है। प्रकाश के लिए दिए को खुद जलना पड़ता है। इस मौके पर शिक्षिका रंजना, स्मिता, अमृता, रानी, दीपिका, शिक्षक अरुण, रुपेश रंजन आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायी।

# अपने अंदर की प्रतिभा को जगायें और आगे बढ़ें: सूर्यबाला भृंगराज

**राजकीय मध्य विद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** राजकीय मध्य विद्यालय में शनिवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं से अंग्रेजी ट्रांसलेशन, हिंदी व्याकरण व सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गये। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हुसैनाबाद महिला एवं बाल संरक्षण की थाना प्रभारी सूर्यबाला भृंगराज भी शामिल हुईं। जिन्हें विद्यालय परिवार और छात्राओ की ओर से फूल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के प्रश्नकर्ता शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, स्कोर बोर्ड पर शिक्षिका सुषमा पांडेय थी। तीन चक्रों के इस प्रतियोगिता में दो राउंड ड्रा रहा, जबकि अंतिम राउंड में लड़कियां मामूली अंकों से बढ़त लेते हुए विजयी घोषित हुई। उनमें सानिया खातून, खुशी कुमारी, अपराजिता कुमारी, एकता कुमारी, जूली कुमारी, स्वीटी कुमारी, जबकि लड़कों में रुद्राक्ष प्रजापति, आदित्य प्रजापति, अभिषेक कुमार, अर्पित कुमार, सुमंत कुमार, आकाश कुमार मुखर दिखें। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सूर्यबाला भृंगराज ने कहा कि आज का समय प्रतियोगी परीक्षा का है। जितना पढ़ेंगे उतना ही ज्ञान अर्जित करेंगे। आपकी तैयारी उच्च स्तरीय होनी चाहिए। यह सिलसिला लगातार जारी रहना चाहिए। अपने अंदर की प्रतिभा को जगायें और आगे बढ़े। उन्होंने इस तरह के आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को भी धन्यवाद दिया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, शिक्षक जुबैर अंसारी, राजेश कुमार सिन्हा, पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी और रश्मि प्रकाश आदि उपस्थित थीं।



थाना प्रभारी सूर्यबाला भृंगराज का स्वागत करते विद्यालय के शिक्षक।

# महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महाराणा प्रताप जयंती को लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट की ओर से शनिवार को पाटन मोड़ स्थित विवाह मंडप में बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला महामंत्री महाराणा प्रताप सिंह एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष मनीष सिंह ने किया। बैठक में आगामी छह जून को वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल बेलवा टीकर मेदिनीनगर में मनाने को लेकर चर्चा की गयी। उपस्थित लोगों ने जयंती के प्रचार प्रसार सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की और कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारियां सौंपी। इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप भारत के वीर योद्धा थे। उनके ओजस्वी विचार आज भी युवाओं के दिलों में देश प्रेम की मशाल जलाएं हुए हैं। कहा की वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती को एक पर्व की तरह मनाए। बैठक में सूर्यांश प्रताप सिंह, गणेश सिंह, सुशील सिंह, सोमेश सिंह, शैलेश सिंह, अभिषेक सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह, अशोक सिंह, आलोक सिंह, सुजीत सिंह, उपेंद्र सिंह, अजय कुमार सिंह, राम रेस सिंह, सुनील कुमार सिंह, साकेत सिंह, अनिमेष सिंह सहित काफी संख्या में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सनातन विद्या निकेतन में स्काउट गाइड प्रशिक्षण संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर तीन के गोदारमा गांव स्थित सनातन विद्या निकेतन स्कूल में आयोजित चार दिवसीय स्काउट गाइड का प्रशिक्षण शिविर शनिवार को संपन्न हुआ। शिविर में बच्चों को आत्मरक्षा सहित कई गुण सिखाए गए। प्रशिक्षक अली नवाज ने बच्चों को कई व्यावहारिक ज्ञान के अलावा जीवन में प्रयोग होने वाली उपयोगी बातों की जानकारी दी। वहीं, स्कूल के निदेशक धनंजय पांडेय ने प्रशिक्षित बच्चों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देना जरूरी है। तभी बच्चों में बहुआयामी प्रतिभा विकसित होगी। हमारा प्रयास है कि बच्चों को अनुशासन व संस्कार पूर्ण शिक्षा मिले, ताकि उनका बेहतर चरित्र निर्माण हो। इस मौके पर शिक्षिका विभा चौधरी, उप प्राचार्य प्रोजन सिंह, दिवाकर दीक्षित, सविता चौधरी, प्रिया उपाध्याय, अजीत उपाध्याय, ज्योति पांडेय, श्वेता शर्मा, श्वेता चौबे, संगीता चौबे, अनीश, रिंकी कुमारी आदि थे।



## सड़क हादसे में तीन युवक घायल

**धनसार (आजाद सिपाही)।** जोड़ाफाटक रोड में शनिवार को ईंट लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर के धक्के से शनिवार को बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। उनके नाम संतोष साव, संतोष चौहान और सोनू साव है।

# मार्क्सवाद को सबसे ज्यादा हानी कम्युनिस्टों ने ही पहुंचायी: नंदलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महात्मा बुद्ध और महान दार्शनिक कार्ल मार्क्स की जयंती के मौके पर पलामू इप्टा की ओर से कितना प्रासंगिक हैं मार्क्सवाद विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ रंगकर्मी एवं अधिवक्ता नंदलाल सिंह के अलावा वरिष्ठ चिंतक शब्बीर अहमद भी उपस्थित थे।

गोष्ठी की शुरूआत अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। केडी सिंह ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि 5 मई खासकर वर्ष 2023 के लिए काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसी दिन दो महापुरुषों महात्मा बुद्ध और महान दार्शनिक कार्ल मार्क्स का जन्म हुआ था। जब चारों तरफ यह कहा जा रहा हो कि मार्क्सवाद का अंत हो गया है तो ऐसे में आज की गोष्ठी का विषय कितना प्रासंगिक है मार्क्सवाद काफी महत्व रखता है। क्योंकि यह भी सत्य है कि मार्क्सवाद के बिना सुंदर दुनिया का निर्माण संभव नहीं। आज सभी राजनीतिक पार्टियों के मुद्दे में रोजी-रोटी का सवाल निहित है। यह बात दीगर है कि राजनीतिक पार्टियां इन सवालों से परे हटकर कार्य कर रही है। लेकिन सत्ता हासिल करने के लिए सभी पार्टियों को रोजी और रोटी की बात करनी होती है।

विषय प्रवेश के बाद शब्बीर अहमद ने मार्क्सवाद को परिभाषित करते हुए प्रिमिटिव साम्यवाद से लेकर आधुनिक साम्यवाद की चर्चा किया। उन्होंने कहा कि साम्राज्यवाद व पूंजीवाद मुनाफे के आधार पर टिकी हुई व्यवस्था है। मुनाफे का अर्थ है कम से कम और अधिक से अधिक उत्पादन। विचार कीजिए यदि मेहनत जीरो हो जाए और उत्पादन शत प्रतिशत हो जाए तो उत्पादक का उत्पाद कौन खरीदेगा। अंततः इसका इलाज मार्क्सवाद के पास ही है।

इसके बाद गोष्ठी में उपस्थित लल्लन प्रजापति, गोविंद प्रसाद, मनीष कुमार नंदन व शिव शंकर प्रसाद ने दोनों महापुरुषों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया। साथ ही वक्ताओं के समक्ष सवाल रखा कि मार्क्सवाद जब सुंदर दुनिया का निर्माण चाहता है तो फिर इसका प्रसार क्यों नहीं होता? जबकि मार्क्सवाद एक ऐसा विज्ञान है जो दुखों के कारण और निवारण बात करता है। आखिर इसमें कमी कहां है। मुख्य वक्ता नंदलाल सिंह ने महात्मा बुद्ध और कार्ल मार्क्स के बीच समानता की चर्चा करते हुए कहा कि मार्क्सवाद को अगर किसी ने सबसे ज्यादा हानि पहुंचाया है तो वे हैं कम्युनिस्ट। कम्युनिस्टों ने लेनिन के शव के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए मार्क्सवाद से अलग करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। दूसरी तरफ ब्राह्मणवाद की प्रक्रियाओं ने लोगों के परंपरावादी होने का फायदा उठाया। उन्होंने एक राजनीतिक कथा सुनाते हुए कहा कि मिस्त्र के राजा ने जब नेहरू से कहा कि हमने कम्युनिस्टों को जेल में ठूंस दिया है और आपके भारत में यूं ही घूम रहे हैं। तब नेहरू ने कहा कि आपने कम्युनिस्टों को जेल में रखा है लेकिन हमने उन्हें संसद में ठूंस दिया है। यह भी कम्युनिस्टों के ह्रास का कारण है। सारे मार्क्सवादी संसदीय राजनीति में फंस गए हैं। लेकिन सत्य यह भी है कि जब भी रोजी-रोटी के लिए संघर्ष की बात होगी तो उसका सही रास्ता मार्क्सवाद ही बताएगा।

वहीं, इप्टा के प्रांतीय महासचिव उपेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि ब्राह्मणवाद का मतलब जाति से नहीं है। ब्राह्मणवाद के कारण मार्क्सवाद खतरे में रहता है। साथ ही वर्तमान समय में मार्क्सवाद को छोटे फ्रेम में मूल्यांकन करते हैं। समाज की गतिविधियों और घटनाओं व परिघटनाओं को उस फ्रेम में रहकर जब मूल्यांकन करते हैं तो उस फिल्म में फिट नहीं होने के कारण उसे गैर मार्क्सवादी बता देते हैं। लेकिन मार्क्सवाद समाज को बड़े फलक पर समझने का एक विज्ञान है। जिसके सिद्धांत काल, पात्र और स्थान के अनुसार परिवर्तित होते रहते हैं। यानी मार्क्सवाद नई परिस्थिति में सोचने की दिशा प्रदान करता है। इसलिए मार्क्सवाद की प्रासंगिकता कभी घट नहीं सकती। विचार गोष्ठी के अंत में गोष्ठी को समेकित करते हुए केडी सिंह ने कहा कि राजनीतिक पार्टियां झूठ ही क्यों ना बोले लेकिन रोजी और रोटी के सवाल को लेकर ही कोई भी राजनीतिक पार्टी सत्ता हासिल करने में कामयाब होती है। यही मार्क्सवाद की जीत है और इसी से मार्क्सवाद की प्रासंगिकता को समझा जा सकता है। साथ ही उन्होंने गोष्ठी में उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया। गोष्ठी के दौरान गौतम कुमार, अच्छे लाल प्रजापति, अधिवक्ता रंजन कुमार सिंह, गणेश रवि, संजीव कुमार संजू, घनश्याम कुमार, शशि पांडे एवं रवि शंकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## स्पोर्ट्स




एमए चिदंबरम (चेपक) स्टेडियम में शनिवार को खेले गए मुकाबले में चेन्नई की टीम ने मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही चेन्नई अंक तालिका में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है।

### अपने ही घर में 13 साल बाद मुंबई को दी पटकनी, अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंची

# चेन्नई ने मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हराया

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-16 के 49वें मुकाबले में शनिवार को मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हरा दिया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 139 रन बनाए थे। इसके जवाब में चेन्नई ने 17.4 ओवर में 140 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही चेन्नई की टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। चेन्नई की टीम ने अपने होमग्राउंड में मुंबई को 13 साल बाद हराया है। यहां दोनों के बीच के पिछले पांच मुकाबले मुंबई ने जीते। पिछली बार धोनी की कप्तानी वाली सीएसके ने 2010 में चेपक स्टेडियम में मुंबई पर जीत हासिल की थी। ओवरऑल रिकॉर्ड में यह चेन्नई की मुंबई पर 16वीं जीत है। दोनों के बीच अब तक 36 मुकाबले खेले गए हैं, इनमें से 20 मुंबई ने जीते हैं। मौजूदा सीजन में यह चेन्नई की छठी जीत है। टीम के 13 अंक हो गए हैं। एमए चिदंबरम (चेपक) स्टेडियम में चेन्नई ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 139 रन बनाए।




### नहीं चल पाया मुंबई इंडियंस का टॉप ऑर्डर

धोनी के घर में मुंबई की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने शुरूआती विकेट जल्दी गंवा दिए। बीच में दो अर्धशतकीय साझेदारियां तो हुईं, लेकिन टीम बड़ा स्कोर रखने में नाकाम साबित रही। लोअर मिडिल आर्डर में भी बड़ी साझेदारी नहीं हुई। वहीं, चेन्नई के ओपनर्स ने शानदार शुरूआत दी। यहीं से खेल में अंतर पैदा हो गया। मुंबई की ओर से निहाल बधेरा ने 51 बॉल पर 64 रन बनाए, जबकि सूर्यकुमार यादव ने 22 बॉल पर 26 रन और ट्रिस्टन स्टब्स ने 21 बॉल पर 20 रन बनाए। मथिशा पथिराना ने तीन विकेट झटके। दीपक ठाकुर और तुषार देशपांडे को दो-दो विकेट मिले।

जवाब में चेन्नई के ओपनर ऋतुराज गायकवाड (30 रन), डेवेन कॉन्वे (44 रन), अजिंक्य रहाणे (21 रन) और शिवम दुबे (26 रन) ने टीम को जीत दिला दी। विजयी रन धोनी के बल्ले से आया। पीयूष चावला ने दो विकेट लिए। ट्रिस्टन स्टब्स और आकाश माधवाल को एक-एक विकेट मिला।

### पावरप्ले में मुंबई से आगे निकला चेन्नई

मेजबान चेन्नई की टीम ने पावरप्ले कॉन्टेस्ट जीता। टीम ने 140 रन का टारगेट चेज करते हुए 6 ओवर में एक विकेट पर 55 रन बनाए, जबकि मुंबई 3 विकेट पर 34 रन ही बना सकी।

### धनबाद में बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा परिवार नियोजन कार्यक्रम, पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में अधिक उत्साह

# बेहतर संसाधन और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान : सिविल सर्जन

### सभी प्रखंड के प्रभारी और चिकित्सा पदाधिकारी को दिये गये निर्देश, जिला स्तर पर डॉक्टरों के बनाये गये रोस्टर

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम सभी प्रखंडों में विशेष अभियान के रूप में चलाया जाएगा। सरकारी अस्पतालों और सभी आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष काउंसलिंग और ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है। शनिवार को मुख्यालय की ओर से धनबाद को परिवार नियोजन से संबंधित आवश्यक दवाई और सामान भेजे गए। लगभग 50 हजार कंडोम, गर्भनिरोधक गोलियां भेजी गई है। जुलाई में स्वास्थ्य विभाग की ओर से परिवार स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विभाग की ओर से इस बार बड़े पैमाने पर परिवार स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम को लेकर सभी प्रखंड के प्रभारी और चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिला स्तर पर डॉक्टरों के रोस्टर भी बनाए गए हैं।



उतारी जा रही दवाइयों की खेप।

### अंतरा-छाया परिवार नियोजन के लिए है बेहतर विकल्प

परिवार नियोजन में महिलाओं में फिलहाल अंतरा और छाया सबसे बेहतर विकल्प बनकर आया है। अंतरा वैक्सीन लगाने के लिए महिलाओं की उम्र 18 वर्ष से ऊपर होनी चाहिए। इस इंजेक्शन को इंट्रामस्कुलर (बांह) अथवा सब क्यूटेनियस पर लगाया जाता है। इसे लगाने के बाद तीन महीने तक अनचाहे गर्भ से मुक्ति पाई जा सकती है। जबकि छाया गर्भनिरोधक गोली भी महिलाओं में काफी लोकप्रिय हो रही है। स्टीरायड न होने की वजह से छाया नान हर्मोनल गर्भ निरोधक गोली है। माला एन की तरह इसे हर दिन खाने की भी जरूरत नहीं है। धनबाद के सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि धनबाद में परिवार नियोजन कार्यक्रम योजना चलाई जा रही है। परिवार नियोजन के दौरान बेहतर संसाधन और गुणवत्ता पर भी ध्यान दिए जा रहे हैं। इसके लिए चिकित्सक और दक्ष कर्मियों की टीम तैनात है।

### परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बेहद खराब

**स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों की मानें तो परिवार नियोजन कार्यक्रम में महिलाओं की तुलना में पुरुषों की उपलब्धि बेहद खराब है। वर्ष 2022-23 में सरकार की ओर से जिले में 800 पुरुषों को नसबंदी करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन मात्र 41 लोगों ( लगभग पांच फीसदी) ने ही नसबंदी कराया। जबकि 16 हजार महिलाओं को बंध्याकरण करने का लक्ष्य रखा गया। इसमें से लगभग छह हजार महिलाओं ने बंध्याकरण कराया।**



## आठ लेन सड़क में जंक्शन देने की मांग को लेकर नागरिक संघर्ष मोर्चा ने दिया धरना



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भूली नागरिक संघर्ष मोर्चा की ओर से झारखंड मोड़ के पास स्थित 8 लेन सड़क में जंक्शन (कट) दिए जाने की मांग को लेकर शनिवार को रणधीर वर्मा चौक के समीप एक दिवसीय धरना दिया गया। धरने पर बैठे मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य भूली-झारखंड मोड़ में बन रहे 8 लेन सड़क में संशोधित कर जंक्शन दिये जाने की मांग है। भूली देश की सबसे बड़ी श्रमिक नगरी और घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां प्रतिदिन हजारों वाहनों का आना-जाना रहता है। इसी सड़क से धनबाद वासी और अन्य जिलों के लोग शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार का लाभ लेते हैं। व्यापारियों-विद्यार्थियों एवं मरीजों को झारखंड मोड़ में जंक्शन नहीं होने की वजह से वहां पर स्थित अस्पतालों, स्कूलों में जाने के लिए शक्ति चौक से वापस घूम कर जाना पड़ता है। जिसके लिए काफी दूरी तय करनी पड़ती है। प्रवक्ता ने बताया कि इससे पूर्व विश्व बैंक सर्वेक्षण टीम एवं धनबाद के डीसी के साथ बीते दिनों धनबाद क्लब में एक औपचारिक मुलाकात के दौरान मोर्चा के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया गया था कि संशोधित करके झारखंड मोड़, भूली स्थित 8 लेन में एक गोल चक्कर जंक्शन दिया जाएगा। पर उसे पूरा नहीं किया जा रहा।

## दुर्घटना होने पर घायलों को तुरंत पहुंचायें अस्पताल: डीएसपी ट्रैफिक



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एसएसपी संजीव कुमार के निर्देश पर शनिवार को धनबाद के पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभागार में प्राथमिक उपचार पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए डीएसपी (ट्रैफिक) राजेश कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दुर्घटना होने पर घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने को लेकर जागरूक करना है। पुलिस कर्मी इस जवाबदेही को तत्परता से निभाएं। सीमित संसाधनों व कम समय में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाना अहम दायित्व है, ताकि घायलों की जान बचाई जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में धनबाद जिले के 250 पदाधिकारी, सार्जेंट मेजर, यातायात व जिला सड़क सुरक्षा कोषांग के कर्मी शामिल रहे।

## विद्यार्थी भारतीय संस्कृति को भूलते जा रहे, इसे बचाना जरूरी: कुलपति

**नई शिक्षा नीति को लेकर कोयलांचल विश्वविद्यालय में बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नई शिक्षा नीति को लेकर शनिवार को धनबाद के कोयलांचल विश्वविद्यालय (विवि) में अहम बैठक हुई। जिसमें राज्य के कई विश्वविद्यालय के कुलपतियों ने भाग लिया। कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सुखदेव भुई की अगुवाई में आयोजित बैठक में दुमका की सिद्धू-कान्हू विश्वविद्यालय की कुलपति मंजू झरिया मिंज के अलावे महात्मा गांधी विश्व विद्यालय और आईएसएम के निदेशक सहित कई कालेजों के प्राचार्य भी शामिल हुए। कोयलांचल विवि के कुलपति ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया। बैठक के दौरान सभी ने राज्य की नई शिक्षा नीति पर चर्चा की। साथ ही कालेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ाई के दौरान भारतीय संस्कृति और सभ्यता का पाठ पढ़ाने को लेकर चर्चा की गयी। जानकारी देते हुए कोयलांचल विवि के कुलपति सुखदेव भुई ने बताया कि बेहतर समाज निर्माण का दायित्व शिक्षकों के ऊपर होता है। हम बच्चों को जैसी शिक्षा देंगे वह वही सीखेगा। आज हमारा समाज पश्चिमी सभ्यता की ओर बढ़ रहा है और हम अपनी भारतीय संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। इसे बचाना जरूरी है। इस लिए सभी शैक्षणिक संस्थानों को पढ़ाई के दौरान बच्चों को भारतीय संस्कृति से रूबरू कराना होगा।




## बीएसएल में सम्मानित हुए विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार क्यू सी सम्मेलनों और 5-एस कनक्लेव के विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र में बिजनेस एक्सीलेंस विभाग की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में आईसीक्यूसीसी (हैदराबाद)-2021, आईसीक्यूसीसी (जकार्ता)-2022, एनसीक्यूसी-21, एनसीक्यूसी-22, राष्ट्रीय विश्वकर्मा पुरस्कार-2018, 5-एस नेशनल कॉन्क्लेव-2022, सीआइआइ प्रोडक्टिविटी अवार्ड, निबंध, स्लोगन, एलोक्यूशन एवं क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) एस रंगानी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) ए श्रीवास्तव, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक आदि पुरस्कार विजेता उपस्थित थे। आरंभ में महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) अनुपमा तिवारी ने सभी का स्वागत किया और विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे में बताया। वहीं, निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश ने पुरस्कार विजेताओं की इस उपलब्धि पर बधाई दी और उन्हें इसी उत्साह से आने वाले समय में इस उपलब्धि के इस क्रम को और आगे ले जाने का आह्वान किया।



## डीएवी 6 के जी मेंस में बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद नई दिल्ली की ओर से आयोजित जी मेंस परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इसमें अभिनव शर्मा, स्नेहा सिंह, स्नेहल सिंह, आर्या रानी, कुंदन कुमार व सुशांत मुर्मू शामिल हैं। कड़ी मेहनत के साथ ये सभी विद्यार्थी जी एडवांस परीक्षा की तैयारी में जुट गए हैं।

## विरोध के बाद बैरंग लौटे कोयला ट्रांसपोर्टिंग मार्ग का निरीक्षण करने सहाना पहुंचे अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बीसीसीएल बस्ताकोला ओसीपी लोडिंग पॉइंट से होने वाले कोयला ट्रांसपोर्टिंग का नया मार्ग देखने सहाना पहुंचे अधिकारियों को बस्ती के ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। शनिवार को झरिया अंचल सीओ प्रमेश कुशवाहा, झरिया इंस्पेक्टर संतोष कुमार और बस्ताकोला पीओ एके शर्मा दल बल के साथ सहाना पहाड़ी बस्ती पहुंचे थे। जहां नया ट्रांसपोर्टिंग मार्ग बनाने को लेकर निरीक्षण कर रहे थे। तभी स्थानीय ग्रामीण वहां एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने अधिकारियों से बस्ती के समीप से ट्रांसपोर्टिंग मार्ग नहीं बनाने को कहा। ग्रामीणों का कहना था कि बस्ती के समीप से ट्रांसपोर्टिंग मार्ग बनने से उन्हें परेशानी होगी। प्रदूषण से लोग त्रस्त होंगे। वहीं शौच के लिए उक्त क्षेत्र में जाने वाली बस्ती की महिलाओं को भी परेशानी होगी। नगर निगम द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर बस्ती के समीप पीसीसी मार्ग सहित अन्य सौंद्रीयकरण का कार्य कराया गया है। हाईवा चलने से उक्त मार्ग खराब हो जाएगा। वहीं ट्रांसपोर्टिंग कंपनी द्वारा पूर्व में चल रहे मार्ग से कोयला ट्रांसपोर्टिंग लीड की निर्धारित दूरी से ज्यादा होने की बात बताई गई है। जिस कारण ट्रांसपोर्टिंग कंपनी ने 4 दिनों से कोयला ट्रांसपोर्टिंग का काम बंद रखा है। उधर, ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए अधिकारी बैरंग लौ गये। उन्होंने ग्रामीणों के साथ दोबारा बैठक कर समस्या का समाधान करने की बात कही है।



निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों का विरोध करते ग्रामीण।


**झारखण्ड सरकार**
**स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग**

**प्रेस विज्ञप्ति**

विभागीय पत्रांक 319(3) दिनांक 29.03.2023 एवं स्मार पत्रांक 580(3) दिनांक 02.05.2023 द्वारा डॉ0 ललित निरंजन प्रदीप बाड़ा, सेवानिवृत चिकित्सा पदाधिकारी, सम्प्रति पता– कडरू कुम्हार टोली, लाला लाजपत राय मिडिल स्कूल के सामने, कडरू, मकान संख्या– 156, पो0– हिनू, रांची– 834002 की सेवा संपुश्टि से संबंधित अभिलेख तथा विभागीय परीक्षा उतीर्णता, कोशागार प्रशिक्षण पूर्ण करने संबंधी कागजात, जन्मतिथि संबंधी प्रमाण, प्रथम प्रभार प्रतिवेदन की पठनीय प्रति एवं मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग से स्वच्छता प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने हेतु विहित अधियाचना प्रपत्र को भरकर विभाग को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था, जो कि अबतक अप्राप्त है।

अतः डॉ0 ललित निरंजन प्रदीप बाड़ा को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 20.05.2023 तक विभाग को उक्त वांछित कागजात उपलब्ध कराया जाय ताकि सेवा संपुष्टि एवं ए0सी0पी0 / डी0ए0सी0पी0 अनुमान्यता पर यथोचित निर्णय लिया जा सकें।

(प्रभुनाथ भार्मा)
सरकार के अवर सचिव

PR 296625Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D



**GOVT.OF. JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Gumla**

**Very Short e-Quotation No. 02/2023-24**

Rates through e-quotations are invited for estimated for servicing of 75 KVA servo controlled powerline voltage stabilizer for Netarhat water supply scheme *under D.W.& S. Mechanical Division Gumla.* work to drinking Water supply from reputed Manufacturers /experience /Authorized Dealers/ Registered departmental contractor having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Division. Gumla, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 09.05.2023 at 3.30 hrs. to 16.05.2023 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 16.05.2023 at 3.30pm Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Gumla.

**Executive Engineer,**
**D.W. & S. Mechanical Division,**
**Gumla**

PR 296652 (Water Resource)23-24*D


### झारखंड समाज कल्याण समिति के 20 साल का कार्यकाल पूरा होने पर जन चेतना समारोह का आयोजन

# पूर्णिमा नीरज सिंह को उत्कृष्ट महिला विधायक सम्मान से किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झारखंड समाज कल्याण समिति के कार्यकाल के 20 साल पूरे होने पर शनिवार को झरिया प्रेस क्लब परिसर में सामाजिक दायित्व जन चेतना समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह भी शामिल हुईं। उन्हें समिति के अध्यक्ष उमाचरण रजवार की ओर से उत्कृष्ट महिला विधायक सम्मान का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं, कोयलांचल के मशहूर लेखक एवं पत्रकार जनक देव जनक को कोयलांचल के उत्कृष्ट लेखक सम्मान से सम्मानित किया गया। समिति की ओर से संचालित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिए गए प्रशिक्षण के बाद 24 महिलाओं को झरिया विधायक के हाथों प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने समिति की ओर से चलाई जा रही स्वस्थ शिक्षा, समाज कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।



### झरिया की जनता को बेहतर सुविधा देने के लिए दिया गया सम्मान : उमाचरण

**समिति के अध्यक्ष उमाचरण रजवार ने कहा कि वर्तमान विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह द्वारा कम समय में ही झरिया के ऐतिहासिक राजा तालाब, चिल्ड्रेन पार्क, कतरास मोड़ नेहरू पार्क का सौंद्रीयकरण किया जाना। भगतडीह पुल से झरिया स्टेशन होते हुए बलियापुर तक सड़क निर्माण करने के साथ ही झरिया की जनता के लिए चार निःशुल्क पानी के टैंकर एवं शव वाहन की सुविधा देने जैसे कार्य के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। वहीं, शिवचरण शर्मा ने झरिया की अन्य समस्याओं को विधायक को अवगत कराया। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष उमाचरण रजवार और संचालन श्रीकांत अंबष्ट ने किया। इस मौके पर जितेंद्र कुमार साव, जयनारायण महतो, शिवचरण शर्मा, शर्मिला बाउरी, अरुण कुमार साव, विनोद कुमार अग्रवाल, जितेंद्र कुमार रजवार, फरीद अहमद, विकास कुमार वर्मा, कुमार श्रेयश, राकेश कुमार यादव, राजेश सिंह राजपूत, झुन्नू गुप्ता, ट्रेनर सीमा कुमारी वर्मा और रीता देवी आदि उपस्थित थे।**


**असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य**
**चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**

ई–निविदा संख्या :– 808 दिनांक :– 06.05.2023

**अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना**

प्रधानमंत्री भरतीय जन औशधि परियोजना के अन्तर्गत, खूँटी जिले के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जन औशधि केन्द्र के संचालन हेतु एजेन्सी का चयन निविदा के माध्यम से किया जना है।

Request for Proposal Document (RFP) के शर्तों के अनुसार जन औशधि केन्द्र के संचालन हेतु पंजीकृत एजेन्सी से निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा की विस्तृत जानकारी http://khunti.nic.in पर उपलब्ध है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Establishment Of Pradhan Mantri Jan Aushadhi Kendra in District Hospital and CHCs in Khunti District |
| 2 | Invitation of RFP | 15.05.2023 |
| 3 | Last date for Receiving Queries | 25.05.2023 |
| 4 | Pre- Bid Meeting | 30.05.2023 |
| 5 | Authority Response to Queries Latest by | 05.06.2023 |
| 6 | Date/Time of Start of Submission of Bids | 18.06.2023 |
| 7 | Bid Opening Date | 23.06.2023 |
| 8 | Letter of Award (LOA) | To be Notified |
| 9 | Bid and other fee | As per the Direction given in the Bid Document |
| 10 | Bid Submission Location | Office of the Civil Surgeon-Cum- Chief Medical Officer, Khunti |
| 11 | Opening Place | To be Notified |
| 12 | Name & Address of officer inviting tender (Procurement officer) | Civil Surgeon-Cum-Chief Medical Officer, Khunti |
| 13 | Validity of Bids | 120 Days from Bid Due Date |
| 14 | Signing of Tripartite Agreement | Within 30 Days of LOA |

Further details can be seen on website http://khunti.nic.in

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी

PR 296675 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D

## महाराजा श्रीरामचंद्र भंज देव विवि के 12वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति हुई शामिल

# पर्यावरण और जैव विविधता संरक्षण के लिए 'सेक्रेड ग्रोव' महत्वपूर्ण : द्रौपदी मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर/बारीपदा।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को महाराजा श्रीराम चंद्र भंज देव विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया और उसे संबोधित किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि महाराजा श्रीराम चंद्र भंज देव विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के बहुत कम समय में उच्च शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनायी है। राष्ट्रपति ने आदिवासी प्रथाओं और सांस्कृतिक परंपराओं के आधार को संरक्षित करने के उद्देश्य से अपने परिसर में 'सेक्रेड ग्रोव' की स्थापना के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'सेक्रेड ग्रोव' पर्यावरण और स्थानीय जैव विविधता के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। यह प्राकृतिक संसाधनों के समुदाय-आधारित प्रबंधन के सर्वोत्तम उदाहरणों में से एक है। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व ग्लोबल वार्मिंग (भूमंडलीय ऊष्मीकरण) और जलवायु परिवर्तन की बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है। भारत ने प्रकृति के अनुकूल जीवन शैली अपनाने के लिए दुनिया के सामने एक मिसाल कायम की है, जिसे लाइफस्टाइल फॉर द एनवायरनमेंट या लाइफ कहा जाता है। हमारी परंपरा में माना जाता है कि पेड़-पौधे, पहाड़, नदियां सभी में जीवन है और केवल मनुष्य ही नहीं बल्कि सभी जीव-जंतु भी प्रकृति की संतान हैं। इसलिए प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर रहना सभी मनुष्यों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में स्थित सिमिलिपाल राष्ट्रीय उद्यान जैव विविधता की दृष्टि से विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय के छात्र और शिक्षक अपने अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से जैव विविधता की रक्षा का रास्ता खोज लेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि डिग्री प्राप्त करने का अर्थ यह नहीं है कि शिक्षा प्रक्रिया पूरी हो गई है। शिक्षा एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद उनमें से कुछ नौकरी करेंगे, कुछ व्यवसाय करेंगे और कुछ शोध भी करेंगे परंतु नौकरी करने की सोचने से बेहतर नौकरी प्रदान करने की सोच है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इस विश्वविद्यालय ने एक इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किया है और छात्रों, पूर्व छात्रों तथा आम लोगों को स्टार्ट-अप स्थापित करने में सहायता प्रदान करता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिस्पर्धा जीवन का अनिवार्य पक्ष है। जीवन के हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को हमेशा प्रतियोगिता में सफल होने का प्रयास करते रहना चाहिए और इसके लिए उन्हें उच्च कौशल प्राप्त करते रहना चाहिए तथा अधिक दक्षता की ओर बढ़ना चाहिए। ये अपनी इच्छा शक्ति से असंभव को भी संभव में बदल सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिस्पर्धा जीवन का स्वाभाविक पक्ष है, लेकिन सहयोग जीवन का सुंदर पक्ष है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि जीवन में आगे बढ़ते हुए जब वे पीछे मुड़कर देखेंगे तो पाएंगे कि समाज के कुछ लोग उनका मुकाबला करने के काबिल नहीं हैं। उन्होंने छात्रों को वंचितों का हाथ पकड़कर आगे लाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि उदारता और सहयोग से स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों से न केवल अपने सुख और हित के बारे में बल्कि समाज तथा देश के कल्याण के बारे में भी सोचने का आग्रह किया।

## किट में चौथा जनसंपर्क सम्मेलन का आयोजन

# भाबमूर्ति निर्माण में जनसंपर्क की भूमिका महत्वपूर्ण : अच्युत सामंत



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट और किस के संस्थापक अच्युत सामंत ने कहा, चाहे वह व्यक्तिगत हो या संस्थागत, सार्वजनिक संबंध दिन-प्रतिदिन के काम और राज्य और देश की भाबमूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्री सामंत ने किट स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन द्वारा आयोजित चौथे जनसंपर्क सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि कीट विश्वविद्यालय में साल भर विभिन्न कार्यक्रम होते रहते हैं। किट मास कम्युनिकेशन स्कूल के छात्रों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। नतीजतन, वे पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं।

डॉ मृणाल चाटार्जी क्षेत्रीय निदेशक आइआइएमसी ढेंकानाल ने कहा कि जनसंपर्क सबसे गलत समझा जाने वाला पेशा है, लेकिन यह एक संस्थान की आंख और कान बना रहता है। यहां तक कि अब हम भी नहीं जानते कि हम जनसंपर्क कैसे पढ़ाते हैं। आज के शिखर सम्मेलन के दौरान हम यह पता लगायेंगे कि अकादमिक रूप से कैसे आगे बढ़ना है।

प्रोफेसर हिमांशु शेखर खटुआ निदेशक एसआरएफटीआइ कोलकाता ने कहा किट अपने अनुशासन, बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के कारण अद्वितीय है। उन्होंने छात्रों से आपसी संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किट के मीडिया के छात्रों को अपने कौशल विकास के लिए विभिन्न टीवी चैनलों व रेडियो स्टेशनों और डिजिटल मीडिया व किट के जनसंपर्क विभाग में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। किट विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सस्मितारानी सामंत ने कहा, मानव सभ्यता की शुरूआत से लेकर आज तक युग पर जोर दिया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि बाद की अवस्था में यह संबंध में परिवर्तित हो जाता है। हम सिर्फ रिश्ते के लिए काम कर रहे हैं, सीख रहे हैं और जी रहे हैं। जनसंपर्क इसका एक हिस्सा है। अन्य लोगों में प्रोफेसर ज्ञान रंजन महांति रजिस्ट्रार किट डीयू; सार्थक अभ्युदय, सहायक प्रोफेसर रेभेंसा विश्वविद्यालय; प्रोफेसर नरसिंह माझी सहायक प्रोफेसर रामादेबी महिला विश्वविद्यालय, प्रफेसर ज्ञान रंजन मिश्र सहायक प्रोफेसर बिड़ला ग्लोबल यूनिवर्सिटी और वरिष्ठ जनसंपर्क बिसेसज्ञ धारित्री सतपथी उपस्थित थे।

# सोआ में स्कूली छात्रों के लिए 10 दिवसीय समर कैंप शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ग्रीस्म कालिन अवकाश के दौरान स्कूली छात्रों को खेल के क्षेत्र में और अधिक प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा 10 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया है। सोआ कैंपस 2 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 'समर कैंप' के शुभारंभ के दौरान इसका उद्घाटन छात्रों मंगल के डीन प्रोफेसर ज्योति रंजन दास ने किया। इस शिविर में विभिन्न विद्यालयों के 5वीं से 10वीं कक्षा तक के 100 से अधिक छात्रों शामिल हुए हैं, जबकि यह कैंप सोआ के कैंपस-2 और कैंपस-5 में एक साथ आयोजित किया जा रहा है, छात्रों को वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस और क्रिकेट जैसे खेलों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। शिविर प्रतिदिन शाम चार बजे से छह बजे तक चलेगा। इस शिविर का उद्घाटन करते हुए प्रोफेसर दास ने कहा कि सोआ द्वारा यह शिविर तीसरे वर्ष आयोजित किया जा रहा है, इससे खेल के क्षेत्र में छात्रों को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य हर साल 1,000 से अधिक बच्चों को प्रशिक्षित करना है और यदि आवश्यक हुआ तो प्रशिक्षकों को लाया जायेगा और प्रशिक्षित किया जायेगा। सोआ की खेल अधिकारी सुश्री सुनीता बर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इस कैंप में कोच प्रियम मल्लिक क्रिकेट, शाहिद हुसैन टेबल टेनिस, उर्वशी मलिक बास्केटबॉल, बरेश मिश्र वॉलीबॉल और सुब्रत नायक लॉन टेनिस की कोचिंग दे रहे हैं।

## चुनाव प्रचार के लिए सरकारी कर्मचारियों का इस्तेमाल कर रही है बीजेडी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भाजपा ने झारसुगुडा उपचुनाव में बीजू जनता दल (बीजेडी) पर अपनी पार्टी के लिए प्रचार करने के लिए महिला सरकारी अधिकारियों का इस्तेमाल कर और जनता को पैसे बांटकर चुनाव कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। शनिवार को भाजपा के पार्टी प्रवक्ता सोनाली साहू के नेतृत्व में एक टीम ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि शुक्रवार को झारसुगुड़ा निर्वाचन क्षेत्र के कोलाबीरा ब्लॉक जिलापाली गांव के सामुदायिक संसाधन व्यक्ति (सीआरपी) अस्मिता नायक, बिनता नायक, जे पंडाकीमाल और पूजा पटेल ने बीजू जनता दल के चुनाव अभियान में सीधे भाग लिए थे। इसी तरह सरबाहल वार्ड नंबर 1 की आंगनबाड़ी दीदी सुरुचि पाढ़ी बीजेडी प्रत्याशी दीपाली दास के लिए सोशल मीडिया पर प्रचार कर रही हैं. भाजपा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मामले पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश प्रवक्ता सत्यब्रत पंडा, उमाकांत पटनायक, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय संपादक ईश्वर्या बिस्वाल प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की झारसुगुड़ा उपचुनाव की समीक्षा



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य प्रशासनिक सचिव श्री निकुंज बिहारी धल ने आज झारसुगुड़ा विधानसभा चुनाव से संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। विशेष रूप से चुनाव के दौरान पूरे झारसुगुड़ा निर्वाचन क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखना, मतदान सामग्री का वितरण, एग्जिट पोल पर प्रतिबंध, चुनाव पूर्व और चुनाव के बाद, स्ट्रांगरूम की तैयारी के साथ सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि संपर्क में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री धल ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। इसमें साधारण निरीक्षक देवकृष्णा तिवारी, पुलिस महानिरीक्षक हमीद अखतार, व्यय निरीक्षक रविराज साहुराज खोगरे, राज्य आइन श्रुखला महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, झारसुगुड़ा के जिलाधिकारी आबोली एस नरवाणे और रक्षा अधीक्षक स्मिथ पी पुरुषोत्तमदास, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शत्रुघ्न कर, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद कुमार साहू एवं उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पद्मजा दास प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भुवनेश्वर मौसम विभाग ने कहा गया है कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान बना है। इस कम दबाव के कारण राज्य में भारी बारिश की संभावना है। अनुमान है कि हवा 60 किमी तक चलेगी। यह तूफान 9 तारीख को समुद्र में शुरू होकर जमीन की ओर बढ़ेगा। हालांकि, कहा जा रहा है कि 12 मई को दो बजे के बाद इसके बांग्लादेश की तट को छूने की संभावना है।































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**